# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

# SOCIAL SCIENCE

## Set- 1-3

BiharboardQuestionpaper.com

# MODEL SET-1

## Group-A History (इतिहास) अंक (Marks): 20

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

1. वियतनाम कब स्वतंत्र हुआ ? 1

   (i) 1887 (ii) 1945

   (iii) 1873 (iv) 1950

   When did Vietnam get independence ?

   (i) 1887 (ii) 1945

   (iii) 1873 (iv) 1950

2. महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रीका से भारत कब वापस आए ? 1

   (i) 1913 (ii) 1919

   (iii) 1915 (iv) 1921

   When did Hahatma Gandhi Return to India from South Africa ?

   (i) 1913 (ii) 1919

   (iii) 1915 (iv) 1921

3. यंग इटली की स्थापना ...................... ने की । 1

   The Young Italy Was formed by -------------------

4. दास कैपिटल का लेखक ...................... था । 1

   The Writer of Das Capital Was -----------------

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें ।

Answer the following questions in 60 words .

5. राष्ट्रवाद क्या है ? 3

What is nationalism ?

6. अक्टूबर क्रांति पर एक संक्षिप्त नोट लिखें । 3

   Write a brief note on October revolution.

7. रॉलेट एक्ट के बारे में आप क्या जानते है ? वर्णन करें। 3

   What do you mean by Rowlatt Act ? Describe.

निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्द में दें :

Answer the following questions in 120 words.

8. 1929 ई0 के आर्थिक संकट के कारणों की व्याख्या करें । 7

   Explain the Causes of economic cricis of 1929.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला इतिहास (HISTORY)

1. (ख) 1945
2. (ग) 1915
3. मेजिनी
4. कार्ल मार्क्स
5. राष्ट्रवाद किसी विशेष भौगोलिक, सांस्कृतिक या सामाजिक परिवेश में रहनेवाले लोगों के बीच व्याप्त एक भावना है जो परस्पर प्रेम, भाईचारा और एकता को स्थापित करती है। 1789 ई0 की फ्रांसीसी क्रांति ने राष्ट्रवाद को उन्नत बनाया। नेपोलियन के आक्रमण ने इटली और जर्मनी में राष्ट्रवाद की भावना को प्रशस्त किया ।
6. बोल्शेविकों ने 7 नवम्बर, 1979 ई0 को पेट्रोग्राद के रेलवे स्टेशन, डाकघर, टेलीफोन केन्द्र, बैंक, कचहरी एवं प्रशासकीय भवनों पर अधिकार कर लिया । लेनिन के नेतृत्व में बोल्शेविकों की सरकार रूस में स्थापित हुई। पुराने कैलेण्डर के अनुसार यह घटना 25 अक्टूबर, 1917 ई0 को हुई थी। इसलिए इसको अक्टूबर क्रांति के नाम से जी जाना जाता है।
7. भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए न्यायाधीश सिडनी रॉकेट की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया गया । कमिटी ने एक विशेष न्यायालय गठिन करने का सुझाव दिया । इसके अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को बिना साक्ष्य के गिरफ्तार किया जा सकता है और दंडित भी किया जा सकता है। ऐसे मुकदमों के निर्णय के विरूद्ध अपील भी नहीं किया जा सकता था ।
8. 1929 ई0 का आर्थिक महामंदी का बुनियादी कारण फसलों एवं वस्तुओं का अति उत्पादन था । प्रथम विश्वयुद्ध के बाद खाद्यान्नों के मूल्य में भारी कमी आई । अनाज गोदामों में पड़े–पड़े नष्ट होने लगे ।

   प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान औद्योगिक उत्पादों में वृद्धि हुई । परंतु बेरोजगारी नहीं रहा । युद्ध के समय सभी देश अपनी आवश्यकता की वस्तुऐं स्वयं बनाने लगे । इससे विश्व बाजार आधारित पूँजी व्यवस्था ध्वस्त हो गई ।

   अमेरिका विश्व कर्जदाता देश बना हुआ था । 1927 ई0 के बाद अमेरिका अर्थव्यवस्था संकट में आ गई । फलतः अमेरिका ने ऋण देना बंद कर दिया । इससे यूरोप की स्थिति बिगड़ गई । इस प्रकार आर्थिक मंदी की शुरूआत हुई ।

BiharboardQuestionpaper.com

## Group-B Geography (भूगोल) अंक (Marks) : 20

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

9. प्रथम पृथ्वी सम्मेलन कब हुआ था ? 1

(i) 1987 (ii) 1992

(iii) 2002 (iv) 2001

When was the first Earth Summit held ?

(i) 1987 (ii) 1992

(iii) 2002 (iv) 2001

10. बिहार में बालू मिश्रित जलोढ़ मिट्टी को क्या कहते हैं ? 1

(i) रेतीली मिट्टी (ii) दियारा की मिट्टी

(iii) बाँगर (iv) लैटेराइट मिट्टी

What is the name given to sand mixed alluvial soil fourd in Bihar ?

(i) Sandy soil (ii) Diara soil

(iii) Bangar (iv) Laterite soil

11. सही शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

Fill in the blanks with appropriate words :

(i) नेपाल भारत की .................. दिशा में अवस्थित है। 1

Nepal is situated in the ----------------- direction of India.

(ii) काली मिट्टी का दूसरा नाम ............................ है। 1

Black soil is also called ----------------.

12. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। क्यों ?

Bihar is an agriculturally properous state. Why ?

13. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

समोच्च रेखाएँ क्या हैं ?

What are wntour lines ?

14. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

सड़कमार्ग के किन्ही तीन गुणों का उल्लेख करें।

Give three advantages of roadways .

15. निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें : 7

Answer the following questions in 120 words .

भारत में कोयले के वितरण का वर्णन करें ।

Describe the distuibution of coal in India.

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए।

Drow the outline map of India on full page and mark the following by shading :

(क) जलोढ़ मिट्टी का क्षेत्र

(ख) छोटानागपुर पठार

(ग) नर्मदा नदी

(घ) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

(ड़) ज्वारीय वन क्षेत्र

(a) Area of alluvium soil

(b) Chhotanagpur plateau

(c) Narmada river

(d) Andman and Nicobar islands

(e) Area of mangrove forest

अथवा

केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :

Only for blind candidates :

भारत में कपास के उत्पादन पर प्रकाश डालें।

Describe cotton cultivation in India.

## उत्तरमाला (Answer)

9. (b) 1992

10. (b) दियारा की मिट्टी

11. (i) नेपाल भारत की उत्तर दिशा में अवस्थित है।

    (ii) काली मिट्टी का दूसरा नाम रेगुर मिट्टी है।

12. बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है क्योंकि इसकी तीन–चौथाई भूमि कृषि क्षेत्र के अंतर्गत आती है। कृषि के लिए यहाँ का मैदान सबसे अधिक उपयुक्त है। उपजाऊ मिट्टी, अनुकूल जलवायु तथा सिंचाई के साधन सुलभ हैं। यहाँ ऋतुओं के अनुसार फसलें बोई और काटी जाती हैं। इस प्रकार यहाँ चार तरह की फसलें बोई जाती हैं–भदई, अगहनी, रबी और गरमा ।

13. समुद्र की सतह के समानांतर समान ऊँचाईवाले स्थानों को मिलानेवाली रेखा समोच्च रेखा कहलाती हैं। विभिन्न ऊँचाइयों के लिए विभिन्न समोच्च रेखाऐं खींची जाती हैं जो एक दूसरे को कभी नहीं कटतीं। प्रत्येक समोच्च रेखा पर ऊँचाई के अंक अंकित किए जाते हैं।

BiharboardQuestionpaper.com

14. सड़कमार्ग के तीन गुण निम्नलिखित हैं :–

(i) सड़कें हमें घर के दरवाजे तक पहुँचाती हैं।

(ii) इन्हें पहाड़ी ढ़ालों, वनों और मरूस्थलों के बीच से भी निकाला जा सकता है।

(iii) सड़कों के अभाव में परिवहन के अन्य साधन, रेलमार्ग, वायुमार्ग और जलमार्ग सभी अधूरे ही रह जाऐंगे।

15. भारत में कोयले के प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित हैं :–

(i) झारखंड– झरिया, बोकारो, गिरिडीह, कर्णपुरा और रामगढ़। यहाँ देश के कुल कोयला भंडार का 27 प्रतिशत सुरक्षित है।


(ii) छत्तीसगढ़– चिरमिरी, विश्रामपुर, झिलमिली, सोनहाट, रायगढ़ में मांड़ आदि। यह देश के कोयले के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। यहाँ देश का 21 प्रतिशत उत्पादन प्राप्त होता है।

(iii) ओडिश– तालचर प्रमुख उत्पादन क्षेत्र है।

(iv) महाराष्ट्र– वर्धा, कांपटी और बंदेर ।

(v) मध्यप्रदेश– सिंगरौली, सोहागपुर, उमरिया और जोहिल्ला ।

(vi) पश्चिम बंगाल– मुख्य क्षेत्र रानीगंज है। दूसरा क्षेत्र दार्जिलिंग है।




BiharboardQuestionpaper.com

## Group-C Political Science (राजनीति विज्ञान)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

16. किस देश में संघात्मक शासन–व्यवस्था नहीं है ? 1

(क) भारत (ख) श्री लंका
(ग) आस्ट्रेलिया (घ) संयुक्त राज्य अमेरिका

In which country Federal system does not exist ?

(a) India (b) Sri Lanka
(c) Ausralia (d) U.S.A.

17. पंचायती राज्य संस्थाओं के कितने स्तर हैं ? 1

(क) 2 (ख) 3 (ग) 4 (घ) 5

How many levels are Panchayti Raj Institutions ?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

18. महिला सशक्तिकरण पर एक लघु टिप्पणी लिखें। 2

Mention a brief note on Woman empowerment.

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें :
Answer the following questions in 60 words .

19. राजनीतिक दल लोकतंत्र में क्यों आवश्यक हैं ? 3

Why do we need political parties in democracy ?

20. भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं का वर्णन करें। 3

Describe the characteristics of Indian democracy.

निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें :
Answer the following questions in 120 words .

21. भारत में केन्द्र तथा राज्यों के मध्य संबंधों पर प्रकाश डालें। 7

Explain the relationship between centre and state in India.

## उत्तरमाला (Answer)

16. (ख) श्री लंका
17. (b) 3
18. महिला सशक्तिकरण का अर्थ है जीवन के विभिन्न स्तर जैसे– राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक मामलों में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करना।
19. राजनीतिक दल लोकतंत्र में निम्न प्रकार से आवश्यक हैं –

BiharboardQuestionpaper.com

(i) लोकतंत्र में राजनीतिक दल एक प्रमुख संस्था के रूप में काम करते हैं। इनके बिना सरकार का निर्माण कदापि संभव नहीं है।

(ii) लोकतंत्र में राजनीतिक दल जनमत निर्माण में महती भूमिका निभाते हैं।

(iii) विपक्षी दल के रूप में सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाते हैं।

20. भारतीय लोकतंत्र सिद्धान्त एवं व्यवहार दोनों ही स्तर पर जनता के प्रति उत्तरदायी है। यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारतीय संविधान जनता को मौलिक अधिकार प्रदान करता है। यहाँ की निर्वाचन प्रणाली विश्वसनीय है। यहाँ बालकों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। न्यायपालिका में लोगों का विश्वास कायम है।

21. भारतीय संविधान में संघीय व्यवस्था के तहत केन्द्र को मजबूत स्थिति में रखा गया है। वहीं राज्यों की शक्ति और अधिकार को अक्षुण्ण रखने का प्रयास किया गया है। संविधान में केन्द्र, राज्य एवं समवर्ती सूची के अन्तर्गत अधिकारों का स्पष्ट तौर पर विभाजन किया गया है ताकि टकराव से बचा जा सके। भारत में एक लंबे समय तक केन्द्र एवं राज्यों में समान दल की सरकार कार्य करती रही। इससे संबंध सामान्य बना रहा। 1990 ई0 के बाद राजनैतिक परिदृश्य में काफी परिवर्तन आया। काँग्रेस का वर्चस्व कम हुआ। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों का उद्भव हुआ। गठबंधन अब भारतीय राजनीति का अनिवार्य अंग बन गया है।

## Group-D Economics (अर्थशास्त्र)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

22. भारत की आर्थिक व्यवस्था है : 1

(क) समाजवादी (ख) पूँजीवादी

(ग) मिश्रित (घ) इनमें से कोई नहीं।

The Indian economy system is

(a) Socialistic (b) Capitalistic

(c) Mixed (d) None of these

23. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना कब हुई ? 1

(क) 1932 (ख) 1934 (ग) 1936 (घ) 1938

When did Reserve Bank of India establish ?

(a) 1932 (b) 1934 (c) 1936 (d) 1938

निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 20 words .

24. भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना कब और किनके द्वारा की गई थी ? 2

First of all when & by whom the national income was calculated in Indea ?

BiharboardQuestionpaper.com

निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 60 words .

25. सूक्ष्मवित्त योजना को परिभाषित करें। 3

Define microfinance system.

26. 'रोजगार एवं सेवा' एक दूसरे के पूरक हैं। कैसे ? 3

Employment and Services are complementary. How ?

निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 120 words .

27. आर्थिक विकास की माप किस प्रकार की जाती है ? 7

How is done the measurement of ecomonic development ?

अथवा

वस्तु विनियम प्रणाली की कठिनाईयों का वर्णन करें।

Describe the difficulties of Barter system.

## उत्तरमाला (Answer)

22. (ग) मिश्रित

23. (ग) 1934

24. भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय की गणना 1868 ई0 में दादा भाई नौरोजी ने किया था। उन्होंने अपनी पुस्तक "Poverty and Vn-British Rule in India" में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 20 रूपया बताया था।

25. सूक्ष्मवित्त योजना के द्वारा गाँव, कस्बा और जिला में गरीब जरूरतमंद लोगों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे छोटे पैमाने पर कम ब्याज पर साख अथवा ऋण की सुविधा प्रदान होती है।

26. जब व्यक्ति अपने परिश्रम एवं शिक्षा के आधार पर जीवकोपार्जन के लिए धन एकत्रित करता है और जब इस धन को पूँजी के रूप में व्यवहार किया जाता है अर्थात् उत्पादन के क्षेत्र में निवेश किया जाता है तो सेवा, रोजगार का अवसर उतना ही बढ़ेगा। अतः रोजगार और सेवा एक दूसरे के पूरक हैं।

27. आर्थिक विकास आवश्यक रूप से परिवर्तन की प्रक्रिया है। इसके कारण दीर्घकाल में राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होती है।

आर्थिक निकास की माप निम्न दो प्रकार से की जाती है :–

(i) राष्ट्रीय आय (National Income)– राष्ट्रीय आय को आर्थिक विकास का एक प्रमुख सूचक माना जाता है। किसी देश में एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहा जाता है।

जिस देश का राष्ट्रीय आय अधिक होता है, वह देश विकसित कहलाता है और जिस देश का राष्ट्रीय आय कम होता है वह देश अविकसित कहलाता है।

BiharboardQuestionpaper.com

(ii) प्रति व्यक्ति आय (Per Capile Income)– आर्थिक विकास की माप करने के लिए प्रति व्यक्ति आय को सबसे उचित सूचक माना जाता है।

राष्ट्रीय आय को देश की कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल प्राप्त होता है, वह प्रति व्यक्ति आय कहलाता है।

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$$

अथवा

वस्तु विनियम प्रणाली में निम्नलिखित कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है –

(i) आवश्यकता के दोहरे संयोग का अभाव– इस प्रणाली में दो व्यक्ति के पास ऐसी वस्तुएँ होनी चाहिए जिससे वे अदला–बदली कर सकें लेकिन वास्तव में यह सम्भव नहीं है।

(ii) मूल्य के मापक का अभाव– वस्तु विनियम प्रणाली में किसी वस्तु के मूल्य को मापना कठिन है। इसमें एक पक्ष को लाभ तथा दूसरे पक्ष को हानि भी उठाना पड़ता है क्योंकि किसी वस्तु के बदले कितनी मात्रा में दूसरी वस्तु ली जाए, यह मालूम करना कठिन होता है।

(iii) वस्तु को संग्रहित करना कठिन– इस प्रणाली में वस्तु के बदले वस्तु प्राप्त की जाती है जिससे वस्तु को संग्रह करना कठिन हो जाता है। कुछ वस्तुऐं ऐसी होती है जो जल्द ही नष्ट होने वाली होती है।

(iv) भविष्य में भुगतान करने में कठिनाई– इस प्रणाली में भविष्य में भुगतान नहीं किया जा सकता है। यदि कोई एक जगह से दूसरी जगह जाना चाहता है तो वह केवल बहुत आवश्यक वस्तुऐं को ही ले जा सकता है।

## Group-E Disaster Management (आपदा प्रबंधन)

अंक (Marks): 06

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

28. इनमें कौन क्षेत्र भूस्खलन से अधिक प्रभावित होता है ? 1

(क) कश्मीर और उत्तराखंड (ख) ओडिश और आन्ध्र प्रदेश

(ग) झारखंड (घ) मध्यप्रदेश

Which region is more effected by landslides ?

(a) Kashmir and Uttarkhand (b) Odisha and Andhra Pradesh

(c) Jharkhand (d) Madhya Pradesh

BiharboardQuestionpaper.com

29. कोसी में बाढ़ आने का क्या कारण है ? 1

(क) अधिक वर्षा (ख) हिमाचल की बर्फ का पिघलना

(ग) नदी में गाद जमना (घ) इनमें सभी

What is/are the reason/reasons responsible for flood in Kosi river ?

(a) Heavy rainfall (b) Melting of glaciers in Himalayas

(c) Silt deposition in river bottom (d) All of these.

30. सुनामी से आप क्या समझते हैं ? सुनामी से बचाव के लिए उपायों का वर्णन करें। 4

What do you mean by Tsunami ? Describe the protective steps of Tsunami.

## उत्तरमाला (Answer)

28. (क) कश्मीर और उत्तराखंड

29. (घ) इनमें सभी

30. सुनामी एक प्राकृतिक आपदा है। यह एक जापानी शब्द है जो दो शब्दों से सू (Tso) और नामी (nami) से बना है। सू का अर्थ है बन्दरगाह एवं नामी का अर्थ है लहरें । इसमें लहरों की एक श्रृंखला निर्मित होती है जिसके परिणाम स्वरूप समुद्र से जल बहुत तीव्र गति से तट की ओर विस्थापित होता है। सुनामी लहर समुद्रतल पर आनेवाले भूकम्प एवं ज्वालामुखी विस्फोट के कारण उत्पन्न होती है।

(i) तटवर्ती क्षेत्रों में वृक्षारोपण

(ii) उपग्रहों के उपयोग से सुनामी की चेतावनी देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

(iii) मकान को भूकंप और सुनामीरोधी होना चाहिए।

BiharboardQuestionpaper.com

# MODEL SET-2

## Group-A History (इतिहास) अंक (Marks): 20

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

1. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

   (क) इंगलैण्ड (ख) जर्मनी

   (ग) इटली (घ) रूस

   Where was Carl Marx born ?

   (a) England (b) Germany

   (c) Italy (d) Russia

2. स्वराज दल के अध्यक्ष कौन थे ? 1

   (क) लाला लाजपत राय (ख) मोतीलाल नेहरू

   (ग) महात्मा गाँधी (घ) चितरंजन दास

   Who was the president of Swaraj Party ?

   (a) Lala Lajpat Ray (b) Motilal Nehru

   (c) Mahatma Gandhi (d) Chitaranjan Das

3. पूना समझौता .................. ई0 में हुआ । 1

   The Poona pact was held on ------------- A.D.

4. यंग इण्यिका का सम्पादन .................... द्वारा किया गया। 1

   Young India was composed by ------------ .

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें ।

Answer the following questions in 60 words .

5. इटली के एकीकरण में मेजिनी की भूमिका पर लघु टिप्पणी लिखें। 3

Write a short note on the role of Mazzini in the unification of Italy.

6. दांडी यात्रा पर एक टिप्पणी लिखें। 3

   Write a note on the Dandi March.

7. औद्योगीकरण से आप क्या समझते हैं ? 3

   What do you understand by Industrialisation ?

निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्द में दें :

Answer the following questions in 120 words.

8. वियतनाम के स्वतंत्रता संग्राम में हो ची मिन्ह के योगदान का वर्णन करें। 7

   Describe the contribution of Ho chi minh in the freedom movement of Vietnam.

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रेस की भूमिका एवं प्रभाव पर प्रकाश डालें।

Explain the role and effect of press in Indian National Movement.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला इतिहास (HISTORY)

31. (ख) जर्मनी
32. (घ) चितरंजन दास
33. 1932
34. महात्मा गाँधी
35. मेजिनी एक सेनापति, दार्शनिक, साहित्यकार और गणतंत्र का समर्थक था। वह राष्ट्रवादियों के गुप्त कार्बोनारी का सदस्य था। 1831 ई0 में स्थापित 'यंग इटली' संस्था के माध्यम से सम्पूर्ण इटली के एकीकरण का प्रयास किया। चार्ल्स एल्बर्ट और पोप की वजह से वह असफल रहा। अंततः मेजिनी को इटली से पलायन करना पड़ा।
36. महात्मा गाँधी ने 12 मार्च, 1930 को अपने 78 विश्वस्त सहयोगियों के साथ दांडी यात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा साबरमती आश्रम से दांडी तक 240 मील की दूरी 24 दिनों में पूरी हुई। इस यात्रा का उद्देश्य समुद्र के पानी से नमक बनाकर नमक कानून को भंग करना था। इसके साथ ही सविनय आन्दोलन प्रारंभ हो गया। देश के विभिन्न भागों में नमक कानून तोड़कर सत्याग्रह प्रारंभ किया गया ।
37. औद्योगीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें वस्तुओं का उत्पादन बड़े पैमाने पर मशीनों द्वारा कारखानों में होता है। इसमें पूँजी निवेश, कच्चा माल, उपकरण, श्रम एवं बाजार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। औद्योगीकरण की शुरूआत 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में इंग्लैण्ड में हुआ। स्पिनिंग जेनी, फ्लाइंग शटल, पावरलूम, सेफ्टी लैम्प, वाष्प इंजन ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया।
38. हो ची मिन्ह का जन्म एक निर्धन परिवार में 19 मई, 1890 को हुआ। उसकी आरंभिक शिक्षा मास्को में हुई। वह साम्यवादी विचारधारा से काफी प्रभावित था। उसने 1930 ई0 में विभिन्न राष्ट्रवादी गुटों को एकताबद्ध कर वियतनाम काँग्रेस पार्टी का गठन किया। वह फ्रांस के विरूद्ध गुरिल्ला पद्धति से युद्ध लड़ता रहा। 1940 ई0 में जापान द्वारा वियतनाम पर अधिकार करने के पश्चात् फ्रांस की तरह ही जापान के विरूद्ध गुरिल्ला युद्ध प्रारंभ हो गया। 1945 ई0 में हनोई को जीतने में सफल रहा। वियतनाम को गणतंत्र घोषित किया गया और इसके अध्यक्ष बने हो ची मिन्ह ।

अथवा

भारतीय प्रेस ने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के समस्त पक्षों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया। प्रेस ने ब्रिटीश राज की दमनकारी नीतियों का पर्दाफाश किया। ब्रिटीश साम्राज्यवाद की सच्चाई को भारतीय जनता के सामने रखा।

विभिन्न सामाचार—पत्रों ने धन निष्कासन, सहित भारत की आर्थिक दुर्दशा के विभिन्न पक्षों को जनता के सामने उजागर किया। भारतीय समाज सुधारकों ने प्रेस के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, रूढ़ियों, अंधविश्वासों के विरूद्ध जनजागृति फैलाने का

BiharboardQuestionpaper.com

काम किया। भारतीय प्रेस ने अँग्रेजी सरकार के विरूद्ध होनेवाले विभिन्न आन्दोलनों में जनता को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया।

भारतीय प्रेस ने हिन्दू–मुसलमानों के मध्य एकता स्थापित करने का प्रयास किया। सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बाँधने, अँग्रेजों के विरूद्ध लड़ने के लिए जन चेतना विकसित करने में प्रेस ने महत्वपूर्ण कार्य किया ।

## Group-B Geography (भूगोल) अंक (Marks): 20

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

9. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(क) 5 जून (ख) 5 जुलाई

(ग) 6 जून (घ) 13 जुलाई

When is the 'World Environment Day' celebrated ?

(a) 5 June (b) 5 July

(c) 11 June (d) 13 July

10. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ? 1

(क) उत्तराखंड (ख) असम

(ग) आंध्रप्रदेश (घ) कर्नाटक

Kaziranga national park is located in which stata of India ?

(a) Uttarakhand (b) Assam

(c) Andhra Pradesh (d) Karnataka

11. सही शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

Fill in the blanks with appropriate words :

(i) सीमेंट उद्योग का कच्चा माल ..................... है। 1

------------- is used as raw material in cement industry.

(ii) जूट–उत्पादन के लिए भारत में ................. राज्य प्रसिद्ध है। 1

------------- state of India is famous for its jute production.

12. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

बिहार में ग्रामीण जनसंख्या की तुलना में शहरी जनसंख्या में अधिक वृद्धि हुई है। इसके तीन कारणों का उल्लेख करें।

There is more increase in urban population than rural population in Bihar. Give any three reasons in support of this statement.

13. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

उद्योग–स्थापन को प्रभावित करनेवाले तीन कारकों का वर्णन करें।

Explain any three fachors which effect the location of industries.

BiharboardQuestionpaper.com

14. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

समोच्च रेखाऐं उच्चावच प्रदर्शन करने की सबसे सरस विधि है। कैसे ?

Contour lines are the best method to show relaief. How ?

15. निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें : 7

Answer the following questions in 120 words .

बहूद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं से होनेवाले लाभ तथा हानि का वर्णन करें।

Describe the advantages and disadvantages of multi-purpose river vallay projects.

अथवा

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

(क) काली मिट्टी का क्षेत्र

(ख) महानदी

(ग) लक्षद्वीप

(घ) कर्बिट राष्ट्रीय उद्यान

(ड़) उष्ण कटिबंधीय चिरहरित बन क्षेत्र

Drow the outline map of India on full page and mark the following by indicating the place.

(f) Area of black soil
(g) Mahanadi river
(h) Lakshadweep is land
(i) Corbet National park
(j) Tropical evergreen Forest

अथवा

केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :

Only for blind candidates :

उद्योग– धंधें किस प्रकार पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाते हैं ?

Describe how manufachering industuies cause environmental pollution.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

39. (क) 5 जून
40. (ख) असम
41. (i) सीमेंट उद्योग का कच्चामाल चूनापत्थर है।
    (ii) जूट–उत्पादन के लिए भारत में पश्चिम बंगाल राज्य प्रसिद्ध है।

42. बिहार में ग्रामीण जनसंख्या की तुलना में शहरी जनसंख्या में अधिक वृद्धि के निम्नलिखित कारण है।

(i) शिक्षा के लिए पर्याप्त स्कूल, कॉलेज
(ii) रोजगार के पर्याप्त साधन
(iii) चिकित्सा, सुरक्षा एवं अन्य शहरी सुविधाओं की प्राप्ति

43. उद्योग–स्थापन को प्रभावित करनेवाले तीन कारक निम्नलिखित हैं :–

(i) कच्चे माल की प्राप्ति
(ii) यातायात की सुविधा
(iii) बाजार

44. समोच्च रेखाऐं उच्चावच प्रदर्शन करने की सबसे सरल विधि है क्योंकि :–

(i) इससे धरातल की उँचाई–निचाई का सही–सही ज्ञान प्राप्त होता है।
(ii) सूक्ष्म प्राकृतिक आकृतियों को सही रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है।
(iii) पहाड़, पठार, नदीघाटी, जलप्रपात या विभिन्न प्रकार की ढ़ाल को भलीभाँति दिखाया जा सकता है।

45. बहुउद्देशीय नदीघाटी परियोजनाओं से होनेवाले लाभ निम्नलिखित हैं :–

(i) बाढ़ नियंत्रण
(ii) जल विद्युत उत्पादन
(iii) नहरों द्वारा सिंचाई की सुविधा
(iv) मिट्टी का कटाव रोकना
(v) पर्यटकों के लिए आकर्षण केन्द्र बनाना ।

बहुउद्देशीय नदीघाटी परियोजनाओं से निम्नलिखित हानि होती हैं :–

(i) भूकंप का खतरा बढ़ जाता है।
(ii) मिट्टी में लवणता का बढ़ना ।
(iii) विस्थापन की समस्या ।

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | | काली मिट्टी का क्षेत्र |
| 2. | | महानदी |
| 3. | | लक्षद्वीप |
| 4. | | कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान |
| 5. | | उष्ण कटिबंधीय चिरहरित वन क्षेत्र |

BiharboardQuestionpaper.com

## Group-C Political Science (राजनीति विज्ञान)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

16. नेपाल में लोकतंत्र की पुनः स्थापना कब हुई ? 1

(क) 2005 (ख) 2006

(ग) 2003 (घ) 2010

When did democracy re-established in Nepal ?

(a) 2005 (b) 2006

(c) 2003 (d) 2010

17. भारत की प्रमुख सामाजिक समस्या क्या है ? 1

(क) जातिवाद (ख) भाषावाद

(ग) संप्रदायवाद (घ) इनमें सभी

What is the main social problem in Indea ?

(a) Racism (b) ---

(c) Communalism (d) All of these

निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें : 2

Answer the following questions in 20 words .

18. जनसंघर्ष के दो पक्षों का उल्लेख करें।

Write the two aspects of popular struggles.

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

19. चिपको आन्दोलन क्यों और कहाँ हुआ ?

Why and where Chipko movement started ?

20. भारत में सत्ता की साझेदारी से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by power sharing in India ?

निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों में दें : 7

Answer the following questions in 120 words .

21. भारत में सत्ता का विकेन्द्रीकरण क्यों आवश्यक है ?

Why is it necessary for decentralization in India ?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

46. (ख) 2006
47. (घ) इनमें सभी
48. जनसंघर्ष के दो पक्ष हैं– सकारात्मक एवं नकारात्मक। राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर व्याप्त बुराईयों को दूर करने का उद्देश्य सकारात्मक है। वर्तमान व्यवस्था के विरूद्ध असहमति का भाव नकारात्मक है।
49. चिपको आन्दोलन 1970 के दशक में वर्तमान उत्तराखण्ड प्रान्त में प्रारम्भ हुआ। इस आन्दोलन के प्रणेता सुन्दर लाल बहुगुणा है। यह पर्यावरण रक्षा के लिए किया गया आन्दोलन था। जंगलों में व्यावसायिक आधार पर वृक्षों की कटाई के विरोध में यह आन्दोलन किया गया। गाँववाले विशेषकर महिलाओं ने वृक्षों से चिपक कर पेड़ों की रक्षा की ।
50. राजनीतिक व्यवस्था के स्थायित्व के लिए सत्ता में साझेदारी आवश्यक है। भारत में विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच अभिव्यक्ति एवं पहचान के लिए सत्ता का विभाजन होता है। सत्ता में साझेदारी आपसी टकराव से बचने के लिए भी आवश्यक हो जाता है।
51. भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। यहाँ विविधता में एकता चारों ओर दृष्टिगोचर होता है। भारतीय संविधान में सत्ता को तीन स्तर पर विभाजित किया गया है– केन्द्र, राज्य तथा स्थानीय स्वशासन। केन्द्र एवं राज्यों के बीच शक्तियों का पृथककरण स्पष्ट तौर पर किया गया है। केन्द्रीय सूची के अन्तर्गत केन्द्र की शक्तियों को, राज्य सूची के अंतर्गत राज्यों की शक्तियों को और समवर्त्ती सूची के अंतर्गत दोनों की शक्तियों को स्थान दिया गया है। स्थानीय स्वशासन को राज्य के अधीन रखा गया है। अपने–अपने क्षेत्रों में कार्य करने के लिए केन्द्र एवं राज्य स्वायत्त हैं। राष्ट्रहित के व्यापक मामले को देखते हुए केन्द्र को विशेषाधिकार प्राप्त है।

## Group-D Economics (अर्थशास्त्र)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

22. भारत में वित्तीय वर्ष कहा जाता है ? 1
(क) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (ख) 1 जुलाई से 30 जून तक
(ग) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (घ) 1 सितम्बर से 31 अगस्त तक
The period of financial year of India is
(a) From 1st January to 31st December (b) From 1st July to 30th June

BiharboardQuestionpaper.com

(c) From 1st April to 31st March (d) From 1st September to 31st August

23. वैश्वीकरण का अर्थ है– 1

(क) विदेशी पूँजी एवं विनियोग पर रोक

(ख) व्यापार, पूँजी, तकनीक हस्तांतरण, सूचना प्रवाह द्वारा देश की अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय

(ग) सरकारीकरण की प्रक्रिया को बढ़ाना

(घ) इनमें से सभी ।

The Meaning of Globalisation is

(a) To check the foreign capital and Invetment

(b) Co-ordination of country economy to world economy by trade capital, technology transfer & information flow

(c) To increase the process of nationalization (d) All of these

निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 20 words .

24. अर्थव्यवस्था किसे कहते है ? 2

What is economy ?

निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 60 words .

25. आय का गरीबी के साथ क्या संबंध है ? 3

What is the relation between income and poverty ?

26. मौद्रिक विनिमय प्रणाली क्या है ? 3

What is monetary system ?

निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें।

Answer the following questions in 120 words .

27. भारत सरकार के द्वारा रोजगार सृजन के लिए कौन–कौन से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ? 7

What are the programmes being executed by the Govt of India ?

अथवा

उपभोक्ता संरक्षण हेतु सरकार द्वारा गठित न्यायिक प्रणाली का वर्णन करें।

Describe the Judicial process constituted by the Govt for the consumers protection.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

52. (ग) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक

53. (ख) व्यापार, पूँजी, तकनीक हस्तांतरण, सूचना प्रवाह द्वारा देश की अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय

54. अर्थव्यवस्था एक ऐसा तंत्र है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएें की जाती है तथा जिसके द्वारा लोग अपनी आवश्यकताओं को संतुष्ट करते हैं।

55. सामान्यतः आय के आधार पर ही लोगों को अमीर एवं गरीब वर्ग में बाँटा जाता है। आय कम होने के कारण वे अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं को भी पूरा करने में समर्थ नहीं होते है। इसके परिणामस्वरूप बचत कम होती है। बचत कम होने के कारण विनियोग भी कम होता है जिससे पूँची निर्माण की दर भी कम होती है। पूँजी निर्माण की दर कम होने से प्रति व्यक्ति आय भी कम प्राप्त होता है। इस तरह से गरीबी का चक्र चलता रहता है।

56. मौद्रिक विनिमय प्रणाली में मनुष्य के सामाजिक एवं व्यावसायिक जीवन का संचालन मुद्रा के माध्यम से होता है। इस प्रणाली में पहले कोई व्यक्ति अपनी वस्तु या सेवा बेचकर मुद्रा प्राप्त करता है और फिर उस मुद्रा से अपनी आवश्यकता की अन्य वस्तुऐं खरीदता है। चूँकि इस प्रणाली में मुद्रा विनिमय के माध्यम का कार्य करती है इसलिए इसे मौद्रिक विनियमय प्रणाली कहते हैं।

57. भारत सरकार के द्वारा रोजगार सृजन के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं :–

(i) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम– इस कार्यक्रम की शुरूआत 1980 ई0 में की गई। इसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा ग्रामीण निर्धनों के आहार के स्तर में परिवर्तन करना था।

(ii) ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम– 1979 ई0 में ग्रामीण युवा वर्ग की बेरोजगारी को दूर करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत् युवा वर्ग को विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग दी गई, जिसके द्वारा वह स्वरोजगार कर सके।

(iii) ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम– यह कार्यक्रम 1983 ई0 में प्रारम्भ किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जो गाँवों में भूमिहीन है, उन्हें रोजगार प्रदान करना था।

(iv) जवाहर रोजगार योजना– भारत सरकार ने 1989 ई0 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम एवं ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम को मिलाकर जवाहर रोजगार योजना को प्रारम्भ किया।

(v) काम के बदले अनाज कार्यक्रम– इस कार्यक्रम की शुरूआत 2004 ई0 में की गई। इसका उद्देश्य पूरक वेतन रोजगार के सृजन को बढ़ाना था। इसके अन्तर्गत मजदूरी

BiharboardQuestionpaper.com

का न्यूनतम 25 % भाग का भुगतान नकद राशि में और शेष मजदूरी अनाज के रूप में दी जाती है।

(vi) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना– इस कार्यक्रम की शुरूआत 2006 ई0 में की गई। इस योजना के तहत् चयनित जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को वर्ष में कम से कम 100 दिन अकुशल श्रम वाले रोजगार की गारण्टी दी गई है।

अथवा

"उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986" के तहत् उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान अथवा उपभोक्ता–विवादों के निपटारें हेतु सरकार द्वारा त्रिस्तरीय अर्द्धन्यायिक व्यवस्था की गई है जो निम्नलिखित है :–

(i) जिला स्तर पर 'जिला मंच' (फोरम)– जब किसी वस्तु या सेवा का मूल्य 20 लाख से कम है तो उपभोक्ता अपनी शिकायत 'जिला मंच' में दर्ज करा सकते हैं। यदि उपभोक्ता को जो न्याय मिला है, उससे संतुष्ट नहीं है तो राज्य आयोग में मामला ले जा सकते हैं।

(ii) राज्य स्तर पर 'राज्य स्तरीय आयोग' – जब किसी वस्तु या सेवा मूल्य 20 लाख से उपर और 1 करोड़ के नीचे हो तो उपभोक्ता अपनी शिकायत राज्य आयोग में दर्ज करा सकते हैं।

(iii) राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र आयोग– यदि किसी वस्तु या सेवा का मूल्य 1 करोड़ से अधिक है तो उपभोक्ता अपनी शिकायत राष्ट्रीय आयोग में दर्ज करा सकता है। अगर संतुष्ट नहीं है तो वह आदेश के 30 दिनों के अन्दर उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) में अपील कर सकता है।

इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को शीघ्र एवं सस्ता न्याय प्राप्त होता है और समय एवं धन की भी बचत होती है।

BiharboardQuestionpaper.com

## Group-E Disaster Management (आपदा प्रबंधन)

अंक (Marks): 06

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

28. बिहार का कौन–सा क्षेत्र बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है ? 1

(क) पूर्वी बिहार (ख) पश्चिमी बिहार
(ग) दक्षिणी बिहार (घ) उत्तरी बिहार

Which region of Bihar suffers from flood ?

BiharboardQuestionpaper.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | East Bihar | (b) | West Bihar |
| (c) | South Bihar | (d) | North Bihar |

29. इनमें से कौन प्राकृतिक आपदा नहीं है ? 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सुनामी | (ख) | बाढ़ |
| (ग) | आतंकवाद | (घ) | भूकम्प |

Which of the following is not a natural disaster ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Jsunami | (b) | Flood |
| (c) | Terrorism | (d) | Earthquake. |

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें। 4

Answer the following questions in 60 words .

बाढ़ के विनाशकारी प्रभाव से बचने के लिए क्या–क्या उपाय किए जाने चाहिए।

Describe the remedies to privent the disastrous effect of flood.

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तरमाला (Answer)

58. (घ) उत्तरी बिहार

59. (ग) आतंकवाद

60. बाढ़ से बचाव के उपाय निम्नलिखित है :–

(i) नदियों के किनारे मजबूत तटबंध बनाना

(ii) बाँध का निर्माण

(iii) वृक्षारोपण

(iv) मिट्टी के कटाव को रोकना

(v) सूचना–तंत्र को सुदृढ़ करना

# MODEL SET-3

## Group-A History (इतिहास) अंक (Marks): 20

निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

1. भारतीय संविधान में किया गया 73 वाँ संविधान संशोधन किससे संबंधित है? 1

(क) केन्द्र से (ख) राज्य से

(ग) पंचायती राज से (घ) इनमें कोई नहीं

73rd amendment in Indian constitution is retated to -

(a) Centre (b) State

(c) Panchayti raj (d) Non of these

2. मुस्लिम लीग की स्थापना किस वर्ष हुई ? 1

(क) 1910 (ख) 1906 (ग) 1907 (घ) 1905

When did Muslim League formed ?

(a) 1910 (b) 1906 (c) 1907 (d) 1905

सही शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

Fill in the blank with appropriate word :-

3. 1904–05 के रूस–जापान युद्ध में .................. की पराजय हुई। 1

---------------- was defeatedin the war of 1904-05

4. बाल गंगाधर तिलक और ...................... द्वारा होमरूल लीग आन्दोलन को शुरू किया गया । 1

Home Rule League movement war started by Bal Gangadhar Tilak and -------------

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें ।

Answer the following questions in 60 words .

5. 'सत्याग्रह' पर एक टिप्पणी लिखें। 3

Write a short note on 'Satyagraha'.

6. यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में नेपोलियन की भूमिका का वर्णन करें । 3

Describe the role of Napoleon in the development of Nationalism in Europe.

7. भूमंडलीकरण में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका को स्पष्ट करें । 3

State the role of Multi National companies in globalization.

निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्द में दें :

Answer the following questions in 120 words.

8. हिन्द–चीन में राष्ट्रवाद के विकास का वर्णन करें। 7

अथवा

स्वराज पार्टी की स्थापना एवं उद्देश्य की विवेचना करें।

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला इतिहास (HISTORY)

61. (ग) पंचायती राज से
62. (ख) 1906
63. रूस
64. एनी बेसेण्ट
65. सत्याग्रह का दर्शन सत्य और अहिंसा पर आधारित है। गाँधीजी का मानना था कि कोई उद्‌देश्य जो सत्य से प्रेरित और अन्याय के विरूद्ध हो, उसकी प्राप्ति के लिए शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक सत्याग्रही बिना किसी हिंसक क्रिया के सत्य और अहिंसा के काल पर शत्रु को पराजित कर सकता है। गाँधीजी के अनुसार सत्याग्रह दुर्बलों का नहीं सबलों का हथियार है।
66. नेपोलियन ने अपने आक्रमणों से इटली और जर्मनी के राज्यों में राष्ट्रवाद की भावना को जाग्रत किया। नेपोलियन के आक्रमण से भयभीत अन्य राज्य अपनी–अपनी रक्षा के प्रबंध में लग गए जिससे उनमें आपसी एकता की भावना का विकास हुआ। इटली एकीकरण के मार्ग पर चल पड़ा। नेपोलियन ने जर्मनी के 300 से अधिक स्वतंत्र राज्यों को समाप्त कर मात्र 39 राज्यों का संघ बनाकर जर्मनी की जनता में राष्ट्रवाद की भावना को जाग्रत किया।
67. भूमंडलीकरण के प्रभाव को विकसित करने में विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व व्यापार संगठन और विकसित देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अहम योगदान है। विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बैंक, बीमा, पर्यटन, सूचना और संचार क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर पूँजी निवेश कर लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है।
68. 20वीं सदी के आरंभ में हिन्द–चीन में राष्ट्रवाद की भावना का विकास प्रारंभ हुआ। 1904–05 ई0 में एक एशियाई देश जापान द्वारा रूस को पराजित किए जाने से हिन्द–चीन के लोगों में आत्मबल का संचार हुआ। रूसों और माण्टेस्क्यू के विचारों से भी लोग काफी प्रभावित थे।

    हिन्द–चीन के पाँच प्रान्तों में सिर्फ कोचीन–चीन ही प्रत्यक्ष रूप से फ्रांसीसी प्रशासन के अधीन था। शेष चार राज्यों तौंकिन, अन्नाम, कम्बोडिया और लाओस में पुरातन व्यवस्था कायम रही। एक वियतनामी युवक हो ची मिन्ह के नेतृत्व में हजारों नवयुवक गुरिल्ला युद्ध के द्वारा फ्रांसीसी सत्ता को चुनौती देने लगे। साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित हो ची मिन्ह ने 1930 ई0 में वियतनाम साम्यवादी दल का गठन किया। 1930 ई0 के आर्थिक मंदी ने भी राष्ट्रवाद के विकास में योगदान दिया।

अथवा

महात्मा गाँधी द्वारा असहयोग आन्दोलन की वापसी से भारतीयों में घोर निराशा का भाव पैदा हुआ। ऐसी स्थिति में 1922 ई0 में गया अधिवेशन में चितरंजन दास एवं मोती लाल नेहरू ने विधान परिषद का वहिष्कार करने एवं सदन के अन्दर सरकार की

BiharboardQuestionpaper.com

नीतियों का विरोध करने का प्रस्ताव रखा। यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। काँग्रेस से इस्तीफा देकर 1923 ई0 में चितरंजन दास एवं मोती लाल नेहरू ने स्वराज पार्टी की स्थापना की।

स्वराज पार्टी के उद्‌देश्य थे– स्वराज्य की प्राप्ति, अँग्रेजों द्वारा संचालित सरकारी परम्पराओं की समाप्ति, 1919 ई0 के अधिनियम में आवश्यक सुधार। सदन में स्वराज दल के नेताओं द्वारा सरकारी नीतियों का विरोध भारतीयों को आत्मविश्वास से भर देता था।

## Group-B Geography (भूगोल)

अंक (Marks): 20

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुने :–
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

9. निम्नांकित में कौन प्राकृतिक संसाधन नहीं है ? 1

(क) वन (ख) नदियाँ
(ग) नगर (घ) खनिज

Which of the following is not a natural resource ?

(a) Forest (b) Rivers
(c) Town (d) Mineral

10. इनमें कौन राष्ट्रीय महामार्ग सबसे लम्बा है ? 1

(क) NH-7 (ख) NH-1
(ग) NH-5 (घ) NH-2

Which of the following is the longest National Highway ?

(a) NH-7 (b) NH-1
(c) NH-5 (d) NH-2

11. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :
Fill in the blanks with appropriate words :

(i) कैगा परमाणु विद्युत गृह ........................ राज्य में स्थित है। 1
Kaiga Nuclear Power plant is situated in the state of --------------

(ii) कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त ................... मृदा है। 1
-------------- siol is the most suitable soil for cotton cultivation.

12. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

पहाड़ी भागों की अपेक्षा मैदानी भागों में परिवहन साधनों का अधिक विस्तार है। तीन कारण बताते हुए इस कथन की स्पष्ट करें।

There is more dense network of transportation in plain areas in comparison to mountainous areas. Give three reasons in support of this statement.

13. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

BiharboardQuestionpaper.com

Answer the following questions in 60 words .

हल्का उद्योग और भारी उद्योग से आप क्या समझते है ?

What do you mean by light weight industry and heavy industry ?

14. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 3

Answer the following questions in 60 words .

भारत में कृषि के लिए उपलब्ध किन्हीं तीन भौगोलिक सुविधाओं का वर्णन करें।

Describe any three geographical conditions which are suitable for agriculture in India.

15. निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें : 7

Answer the following questions in 120 words .

भारत में जलोढ़ मिट्टी कहाँ–कहाँ पाई जाती है ? इस मिट्टी की विशेषताऐं बतायें।

What are the areas of alluvial soil in India ? Mention the important features of this soil.

अथवा

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिएः–

(क) कान्हा राष्ट्रय उद्यान

(ख) एक कोयला उत्पादक क्षेत्र

(ग) तारापुर परमाणु–विद्युत गृह

(घ) गोदावरी नदी

(ङ) अमृतसर

Drow the outline map of India on full page and mark the following by shading:-

(k) Kanha National Park

(l) An area of coal extraction

(m) Tarapur Nuclear Power Plant

(n) Godavari river

(o) Amritsar.

अथवा

केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :

Only for blind candidates :-

लौह अयस्क का वर्गीकरण करें तथा उनकी विशेषताऐं बताऐं।

Present the classification of vion are and explain the features of each type.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

69. (ग) नगर

70- (क) NH-7

71. (i) कैगा परमाणु विद्युत गृह कर्नाटक राज्य में स्थित है।

(ii) कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त काली मृदा है।

72. पहाड़ी भागों की अपेक्षा मैदानी भागों में परिवहन साधनों का अधिक विस्तार होने के निम्नलिखित कारण है :–

(i) समतल क्षेत्र में परिवहन साधनों का निर्माण करना आसान होता है।

(ii) कम खर्च

(iii)मैदानी क्षेत्र में सघन जनसंख्या तथा अधिक आर्थिक क्रियाकलाप होने के कारण भी वहाँ परिवहन साधनों का अधिक विस्तार हुआ है।

73. हल्के उद्योग वे हैं जिनमें हल्के कच्चे माल का प्रयोग होता है तथा तैयार माल भी हल्कें होते हैं। जैसे–इलेक्ट्रानिक उपकरण, सिलाई मशीन आदि।

भारी उद्योग में भारी कच्चे माल का प्रयोग होता है तथा निर्मित उत्पाद भी भारी होता है। जैसे–लोहा–इस्पात उद्योग आदि

74. भारत में कृषि के लिए उपलब्ध तीन भौगोलिक सुविधाऐं निम्नलिखित है :–

(i) उपजाऊ मिट्टी

(ii)पर्याप्त जल संसाधन

(iii)अनुकूल जलवायु

75. भारत में जलोढ़ मिट्टी के क्षेत्र निम्नलिखि है :–

(i) पंजाब से असम तक फैला भारत का वृहत मैदान

(ii) मध्य प्रदेश में नर्मदा और ताप्ती की घाटियाँ

(iii)मध्य प्रदेश तथा ओडिशा में महानदी की घाटियाँ

(iv)केरल में सागरतट


(v) महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, गंगा–ब्रह्मपुत्र का डेल्हा।

इस मिट्टी की विशेषताऐं निम्नलिखित हैं :–

(i) जलोढ़ मिट्टी का गठन बालू, सिल्ट एवं मृत्तिका के विभिन्न अनुपात से होता है।

(ii) ये काफी उपजाऊ मृदा है तथा गन्ना, चावल, गेहूँ, मक्का, दलहन जैसी फसलों के लिए उपयुक्त मानी जाती है।

BiharboardQuestionpaper.com




BiharboardQuestionpaper.com

## Group-C Political Science (राजनीति विज्ञान)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।

Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

16. सूचना के अधिकार आन्दोलन की शुरूआत किस राज्य से हुई ? 1

(क) राजस्थान से (ख) पंजाब से

(ग) बिहार से (घ) महाराष्ट्र से

From which state the movement of Right to information is started ?

(a) Rajasthan (b) Punjab

(c) Bihar (d) maharashtra

17. बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कौन थे ? 1

(क) राजनाथ सिंह (ख) काशीराम

(ग) अंबेडकर (घ) राहुल गाँधी

Who was the founder of B.S.P. ?

(a) Rajnath Singh (b) Kanshiram

(c) Ambedkar (d) Rahul Gandhi

निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :

Answer the following questions in 20 words .

18. बूथ छापामारी से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you understand by Booth-capturing ?

निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें :

Answer the following questions in 60 words .

19. सूचना के अधिकार आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखें 3

Write a note on the movement of Right to Information.

20. संघात्मक व्यवस्था राष्ट्रीय एकता में कैसे सहायक है ?

How is the federal system assist the role in national integrity ?

निम्न प्रश्नों का उत्तर 100 शब्दों में दें :

Answer the following questions in 100 words .

21. ग्राम कचहरी के गठन एवं कार्यों का वर्णन करें। 7

Describe the formation and functions of Gram Kachahri.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

76. (क) राजस्थान
77. (ख) कांशीराम
78. कोई उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए ताकत के बल पर बूथ छापामारी का कार्य करता है। वह अपने समर्थकों के माध्यम से अधिकाधिक मत डलवाने का प्रयास करता है।
79. इसकी शुरूआत 1990 ई0 में राजस्थान से हुई। विभिन्न सरकारी कार्यों में मजदूरों को दी जानेवाली मजदूरी का सार्वजनिक करने की माँग की गई। सरकारी दस्तावेज को गोपनीय बताकर दिखाने से इंकार कर दिया जाता था। फलतः दस्तावेज को सार्वजनिक करने के लिए आन्दोलन प्रारंभ हो गया। इस आन्दोलन को सूचना का अधिकार आन्दोलन नाम दिया गया। अततः राजस्थान सरकार ने सन् 2000 ई0 में सूचना का अधिकार संबंधी कानून बनाया। 2005 ई0 में केन्द्र सरकार ने भी सूचना का अधिकार कानून पारित किया।
80. भारतीय संविधान में भारत को 'राज्यों का संघ' कहा गया है। राष्ट्रीय एकता की मजबूती के लिए केन्द्र को शक्तिशाली स्परूप दिया गया है। केन्द्र और राज्य के बीच टकराव से बचने के लिए केन्द्र सूची, राज्य सूची एवं समवर्त्ती सूची के अंतर्गत शक्तियों का विभाजन स्पष्ट रूप से कर दिया गया है। केन्द्र और राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं।
81. बिहार में पंचायती राज अधिनियम, 2006 के अनुसार ग्राम कचहरी का गठन करने का प्रावधान है। इसका गठन प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा किया जाता है। इसके अंतर्गत एक निर्वाचन सरपंच और निश्चित संख्या में निर्वाचन पंच होते हैं। एक पंच लगभग 500 आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। ग्राम कचहरी में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है। इसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है।

BiharboardQuestionpaper.com

## Group-D Economics (अर्थशास्त्र)

अंक (Marks): 17

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

22. भारत में योजना आयोग का गठन कब हुआ ? 1

(क) 15 मार्च, 1950 (ख) 15 मई, 1950
(ग) 15 अगस्त, 1950 (घ) 15 नवम्बर, 1951

When did the Planning commission established in India ?

(a) 15 March, 1950 (b) 15 May, 1950
(c) 15 Aug, 1950 (d) 15 Nov, 1951

23. गैर संस्थागत वित्त प्रदान करने वाली सबसे लोकप्रिय साधन है : 1

(क) व्यावसायिक बैंक (ख) समाजन
(ग) सहकारी बैंक (घ) व्यापारी

Which is the most popular non institutional finance providing loans ?

(a) Commercial Banks (b) Mahajans
(c) Co-operative Banks (d) Businessman

निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें।
Answer the following questions in 20 words .

24. बाहयस्त्रोती किसे कहते हैं ? 2

What is outsourcing ?

निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें।
Answer the following questions in 60 words .

25. प्रति व्यक्ति आय क्या है ? 3

What is per Capita Income ?

26. वित्तीय संस्थान से आप क्या समझते हैं ? 3

What do you mean by financial Instilutions ?

निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें।
Answer the following questions in 120 words .

27. वैश्वीकरण के अंगों का वर्णन करें। 7

Describe the components of globalization.

अथवा

उपभोक्ता के कौन–कौन अधिकार है ? वर्णन करें।
What are the different rights of a consumer. Describe it.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तरमाला (Answer)

82. (क) 15 मार्च, 1950

83. (ख) महाजन

84. जब बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अपनी संबंधित नियमित सेवाऐं अपनी कम्पनी के स्थान पर किसी बाहरी या विदेशी संस्था से प्राप्त करती है तो ऐसी सेवाओं को बाह्यस्त्रोंती कहते हैं।

85. राष्ट्रीय आय में देश की कुल जनसंख्या से भाग देने पर जो भागफल आता है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं।

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{देश की कुल जनसंख्या}}$$

86. वित्तीय संस्थाऐं देश अथवा राज्य की ऐसी संस्थाओं को कहते हैं, जो लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु साख एवं मुद्रा संबंधी कार्यों का सम्पादन करती है। ये संस्थाऐं कृषि, उद्योग, व्यापार जैसे आर्थिक कार्यों के लिए अल्पकालीन, मध्यकालीन और दीघ्रकालीन साख अथवा ऋण की सुविधा प्रदान करती है।

87. वैश्वीकरण के पाँच मुख्य निम्नलिखित अंग हैं :–

(i) व्यवसाय और व्यापार संबंधी अवरोधों की कमी– व्यापार अवरोधकों को कम करना ताकि वस्तुओं एवं सेवाओं का आसानी से आदान–प्रदान हो सके। इसका अभिप्राय यह हुआ कि विदेशी कम्पनियाँ भारतीय बाजार में अपनी वस्तुऐं एवं सेवाऐं मुफ्त रूप से बेच सकती है और इसी प्रकार भारतीय कम्पनियाँ विदेशों में अपनी वस्तुऐं एवं सेवाऐं बेच सकती है।

(ii) पूँजी का निर्बाध प्रवाह– ऐसा वातावरण कायम करना जिससे विभिन्न देशों में पूँजी का प्रवाह स्वतंत्र रूप से हो सके। इसका अर्थ यह हुआ कि विदेशी पूँजीपति भारत में निवेश कर सकते है और भारतीय पूँजीपति विदेशों में निवेश कर सकते हैं।

(iii) प्रौद्योगिकी या तकनीकि का निर्बाध प्रवाह– ऐसा वातारण कायम करना कि बिना किसी प्रतिबंध के एक देश दूसरे देश से प्रौद्योगिकी या तकनीकि आयात कर सकते हैं।

(iv) श्रम का निर्बाध प्रवाह– ऐसा वातावरण बनाना कि विभिन्न देशों में श्रम बिना किसी बाधा के आ–जा सके।

(v) पूँजी की पूर्ण परिवर्त्तनशीलता– पूँजी की पूर्ण परिवर्त्तनशीलता भी वैश्वीकरण का आवश्यक अंग है।

अथवा

BiharboardQuestionpaper.com

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत उपभोक्ता को निम्नलिखित अधिकार प्रदान किए गए है :–

(i) सुरक्षा का अधिकार– उपभोक्ता को ऐसे वस्तुओं और सेवाओं से सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकार है जिससे उसके शरीर या सम्पत्ति को हानि हो सकती है।

(ii) सूचना पाने का अधिकार– उपभोक्ता को वे सभी आवश्यक सूचनाऐं भी प्राप्त करने का अधिकार है। जिसके आधार पर वह वस्तुऐं या सेवाऐं खरीदने का निर्णय कर सकते हैं।

(iii) चुनाव करने का अधिकार– उपभोक्ता विभिन्न ब्रांड, किस्म, रूप , गुण, रंग, आकार तथा मूल्य की वस्तुओं में किसी भी वस्तु का चुनाव करने को स्वतंत्र है।

(iv) सुनवाई का अधिकार– उपभोक्ता को अपने हितों को प्रभावित करने वाली सभी बातों को उपयुक्त मंचों के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार है।

(v) क्षतिपूर्ति का अधिकार– इस अधिकार के अन्तर्गत खरीदी गई वस्तु या सेवा उचित ढ़ंग की नहीं निकली तो उन्हें उसके बदले मुआवजा दिया जाएगा।

(vi) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार– उपभोक्ता किसी वस्तु के मूल्य, उसकी उपयोगिता, कोटि तथा सेवा की जानकारी एवं अधिकारों जैसी बातें आती हैं जिसके माध्यम से शिक्षित उपभोक्ता धोखाधड़ी से बचने के लिए स्वयं सबल हो सकत हैं। इस प्रकार उपभोक्ता को कुछ अधिकार दिए गए हैं जिससे वह अपने को संरक्षित महसूस कर सके।

## Group-E Disaster Management (आपदा प्रबंधन)

अंक (Marks) : 06

निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें ।
Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions .

28. सूखा किस प्रकार की आपदा है ? 1

(क) प्राकृतिक आपदा (ख) मानवीय आपदा
(ग) सामान्य आपदा (घ) इनमें से कोई नहीं।

Drought is which type of disaster ?

(a) Natural disaster (b) Manmade disaster
(c) General disaster (d) None of these.

29. निम्नलिखित में कौन प्राकृतिक आपदा है ? 1

(क) आग लगना (ख) बम विस्फोट
(ग) भूकम्प (घ) रासायनिक दुर्घटनाऐं

Which of the following is a Natural disaster ?

(a) Catch Fire (b) Bomb-blast
(c) Earthquake (d) Chemical disaster

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें। 4

BiharboardQuestionpaper.com

Answer the following questions in 60 words .
सुखाड़ से बचाव के तरीकों का उल्लेख करें।
Describe the remadies applicable in draught condition.

## उत्तरमाला (Answer)

88. (क) प्राकृतिक आपदा
89. (ग) भूकम्प
90. सुखाड़ जैसी आपदा के प्रबंधन हेतु दो प्रकार की योजनाऐं आवश्यक है, ये हैं—दीर्घकालीन और लघुकालीन योजनाऐं। दीर्घकालीन योजना के अंतर्गत—नहर, तालाब, कुआँ, पइन, आहर के विकास की जरूरत है। नहर के माध्यम से जलाशयों में जल लाया जा सकता है। पंजाब और हरियाणा में नहरों का जाल बिछाकर ही सुखाड़ की समस्या का स्थायी समाधान किया गया है।

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत कब और कहाँ हुई ? 1

(क) 1920 लखनऊ (ख) 1922 पटना (ग) 1930 दांडी (घ) 1928 दिल्ली

When and where, the Civil Disobedient Movementwas started?

(a) 1920 Lucknow (b) 1922 Patna (c) 1930 Dandi (d) 1928 Delhi

2. 'रक्त और लौह' की नीति का अवलम्बन किसने किया था ? 1

(क) मेजिनी (ख) हिटलर (ग) बिस्मार्क (घ) विलियम प्रथम

Who adopted the policy of, 'Blood and Iron' ?

(a) Mezzini (b) Hitler (c) Bismark (d) William-I

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

3. अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संघ की स्थापना.....................................ई० में हुई। 1

I.L.O. was established in.................................A.D.

4. ................................ भारत में खिलाफत आन्दोलन के नेता थे। 1

............................... was the leader of Khilafat movement in India.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. 1848 ई० के फ्रांसीसी क्रांति के कारण क्या थे ? 3

What were the causes of French revolution in 1848 ?

6. असहयोग आन्दोलन प्रथम जन आन्दोलन था, कैसे ? 3

Non-cooperation Movement was the first mass movement, flow?

7. औद्योगीकरण ने मजदूरों की आजीविका को किस तरह प्रभावित किया ? 3

How industrialisation effected the livelihood of labours ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

8. माईली गाँव की घटना क्या थी ? इसका क्या प्रभाव पड़ा ? 7

What was the incident of Maili Village ? What were its effects ?

अथवा (or)

बारदोली सत्याग्रह का क्या कारण था ? क्या यह सत्याग्रह सफल रहा।

What were the reasons responsible for Bardoli Satyagrah ? Was this Satyagrah successful ?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

## इतिहास (HISTORY)

1. (ग) 1930, दांडी
2. (ग) बिस्मार्क
3. 1919
4. महात्मा गाँधी

5. 1830 ई० की क्रांति के बाद लुई फिलिप फ्रांस का राजा बना। वह उदारवादी शासक था, किन्तु पूँजीपति वर्ग का समर्थक था। उसके द्वारा नियुक्त प्रधानमंत्री गीजो सामाजिक एवं आर्थिक सुधारों का विरोधी था। लुई फिलिप के पास सुधारात्मक कार्यक्रम की कोई योजना नहीं थी। देश में भुखमरी एवं बेरोजगारी बढ़ने लगी। 22 फरवरी, 1848 को थियर्स के नेतृत्व में जनता ने राजमहल को घेर लिया। अंततः लुई फिलिप को राजगद्दी छोड़कर इंग्लैण्ड भागना पड़ा।

6. महात्मा गाँधी द्वारा 1920 ई० में चलाया गया असहयोग आन्दोलन निश्चय ही प्रथम जन आन्दोलन था। इसके पूर्व किये गये सभी आन्दोलनों का आधार आर्थिक एवं सामाजिक था जो वर्ग विशेष के हितों की रक्षा के लिये किये गये थे। असहयोग आन्दोलन में पहली बार अंग्रेजी राजा से मुक्ति का संकल्प लिया गया। इसका प्रसार क्षेत्र सम्पूर्ण देश में था। पहली बार इस आन्दोलन में बड़े पैमाने पर किसान, मजदूर, छात्र, व्यवसायी, स्त्रियाँ आदि ने भाग लिया।

7. औद्योगिकरण ने नई फैक्ट्री प्रणाली को जन्म दिया। इससे इंसानी हाथों से निर्मित लघु एवं कुटीर उद्योगों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। धीरे-धीरे गृह उद्योग बंद होने लगे। स्थानीय स्तर पर मजदूरों की आजीविका छिन गई। लोगों के पास दैनिक उपभोग की वस्तुओं की खरीदारी के लिए धन नहीं रहा। आक्रोशित लोगों ने झुंड बनाकर मशीनों को तोड़ना प्रारंभ किया। अपनी स्थिति में सुधार के लिये श्रमिकों ने आन्दोलन करना शुरू किया। फलतः वर्ग संघर्ष की शुरूआत हुई।

8. दक्षिणी वियतनाम में माई ली नामक एक गाँव था। 1968 में अमेरिकी सैनिक अपनी पराजय की बौखलाहट में पूरे गाँव को घेर लिया। गाँव के सभी पुरुषों को बेरहमी से मार डाला। औरतों और बच्चों को बंधक बना लिया गया। इस गाँव की महिलाओं के साथ कई दिनों तक सामूहिक बलात्कार किया गया। बच्चियों को भी नहीं बख्शा गया। फिर इन्हें भी मार डाला गया। तत्पश्चात् पूरे गाँव में आग लगा दी गई।

   इस हत्याकांड में लाशों के बीच एक बूढ़ा आदमी जिन्दा बच गया जिसने इस घटना को उजागर किया। विभिन्न समाचार-पत्रों ने इस घटना को प्रमुखता से छापा। विश्व स्तर पर इस घटना ती तीखी प्रतिक्रिया हुई। चारों तरफ अमेरिकी सरकार की कटु आलोचना हुई। विश्व जनमत के दबाव में अमेरिकी शांति के लिए तैयार हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने न केवल वियतनाम बल्कि संपूर्ण हिन्द-चीन में शांति के लिए युद्ध विराम हेतु पाँच सूत्री योजना की घोषणा की।

अथवा (or)

बारदोली सत्याग्रह का मुख्य कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा किसानों पर करों का बढ़ाया जाना था। किसानों से लगान की बढ़ी हुई 22% की कर वृद्धि को चुकाने का फरमान जारी हुआ। बारदोली के किसानों ने बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में सरकार के विरुद्ध सत्याग्रह किया। इस आंदोलन में महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आंदोलन के समर्थन में के०एम० मुंशी तथा लाल जी नारंग ने बंबई विधान परिषद् की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। 2 अगस्त, 1928 को गाँधीजी भी आन्दोलन में शामिल हो गए। सरकार को झुकना पड़ा और लगान की राशि को 22% से घटाकर 6.03% कर दिया गया। इसी आन्दोलन में महिलाओं द्वारा बल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी गई।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. इन्नौर पत्तन किस राज्य में स्थित है ? 1

(क) गुजरात (ख) गोवा (ग) तमिलनाडु (घ) कर्नाटक

Ennore port is located in which state ?

(a) Gujrat (b) Goa (c) Tamilnadu (d) Karnataka

10. भारत को कुल कितने डाक क्षेत्रों में बाँटा गया है ? 1

(क) 7 (ख) 5 (ग) 6 (घ) 8

India is divided into how many postal regions ?

(a) 7 (b) 5 (c) 6 (d) 8

**11. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

(i) बिहार में उर्वरक का सबसे महत्वपूर्ण कारखाना.............................में स्थापित है। 1

The most important fertilizer industry of Bihar is located in..............................

(ii) तल चिन्ह की सहायता से किसी स्थान विशेष की मापी गई ऊँचाई को........................कहा जाता है। 1

.........................is the term given to the elevation of any place determined by bench mark.

12. निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following questions in maximum 60 words :

बिहार के तापीय विद्युत केन्द्रों का उल्लेख कीजिए। 3

Describe thermal power stations of Bihar.

13. निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words.

गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत का उल्लेख करें। 3

Explain Non-Conventioanl sources of energy.

14. निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words.

हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं ?

3

What do you mean by green revolution ?

15. निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 120 words.

भारत में पाइपलाइन परिवहन का वर्णन कीजिए ? 7

Describe the pipeline transportation in India ?

<u>अथवा (or)</u>

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए :

(क) डिगबोई तेल क्षेत्र (ख) कलपक्कम (ग) चेन्नई (घ) विशाखापटनम (ङ) कोलकाता

Draw the outline map of India on full page and mark the following by shading :

(a) Digboi oil area (b) Kalpakkam (c) Chennai (d) Vishakhapattanam (e) Kolkata

<u>अथवा (or)</u>


**केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :**

**Only for Blind Candidates :**

बिहार की कृषि समस्याओं पर चर्चा कीजिए।

Discuss the problems of agriculture in Bihar.

BiharboardQuestionpaper.com



INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ◍ | डिगबोई तेल क्षेत्र |
| 2. | ▲ | ~~तारापुर~~ कलपक्कम |
| 3. | ● | चेन्नई |
| 4. | ■ | विशाखापट्नम |
| 5. | ○ | कोलकाता |

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# भूगोल (GEOGRAPHY)

9. (ग) तमिलनाडु
10. (घ) 8
11. (i) बरौनी
    (ii) स्थानिक ऊँचाई

12. परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के अंतर्गत बिहार में कई तापीय विद्युत केन्द्र हैं। इनमें कहलगाँव, कांटी और बरौनी तापीय विद्युत केन्द्र प्रमुख हैं।

    कहलगाँव सुपर थर्मल पावर बिहार की सबसे बड़ी तापीय विद्युत परियोजना है। यह केन्द्र द्वारा प्रायोजित NTPC के अधीन कार्य करता है। कांटी तापीय विद्युत केन्द्र मुजफ्फरपुर के निकट है। बाढ़ में भी तापीय विद्युत केन्द्र स्थापित किया गया है।

13. गैर-परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों में बायोगैस, सौर ऊर्जा, पवन-ऊर्जा, ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा एवं जैव ऊर्जा महत्वपूर्ण है।

    सौर ऊर्जा का विकास गुजरात, राजस्थान में हुआ है। पवन ऊर्जा का विकास गुजरात के कच्छ तथा तमिलनाडु के तूतीकोरिन में हुआ है। ज्वारीय ऊर्जा कच्छ की खाड़ी तथा सुंदरवन में हुआ है। हिमाचल के मनीकरण में भूतापीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है।

14. हरित क्रांति का शुरूआत 1967-68 में कृषि उत्पादन बढ़ाने और खाद्यान्न उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया था। हरित क्रांति के अंतर्गत नए संकर बीजों का प्रयोग, उर्वरक, मृदा संरक्षण, सिंचाई की सुविधा कृषि की नई तकनीक और प्रौद्योगिकी पर बल दिया गया जिससे गेहूँ एवं चावल के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई।

    हरित क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश में हुआ।

15. पाइपलाइन का उपयोग तरल पदार्थों पेट्रोलियम के साथ ही गैस के लिए भी किया जाता है। पाइपलाइन के द्वारा मरूस्थलों, जंगलों, पर्वतीय क्षेत्रों, मैदानी भागों और यहाँ तक कि समुद्र के नीचे से होकर भी परिवहन किया जाना संभव है।

    देश में कच्चे तेलों को उत्पादन क्षेत्रों से शोधनशालाओं तक तथा शोधनशालाओं से तेल उत्पादों को बाजार तक पाइपलाइन के जरिये भेजा जाता है।

    भारत में कच्चा तेल परिवहन के लिए पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी भारत और पश्चिमी भारत में पाइप लाइनें बिछाई गई है। पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी भारत में यह डिगबोई से बरौनी एवं हल्दिया तक बिछाई गई है। देश का सबसे बड़ा पाइपलाइन जाल नहरकटिया-गुवाहाटी-सिलीगुड़ी-बरौनी-कानपुर-राजबंद-मौनग्राम-हल्दिया पाइपलाइन है।

BiharboardQuestionpaper.com

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. उस कानून का नाम बताएँ जो एक जन आंदोलन के द्वारा प्राप्त किया गया। 1

(क) सूचना का अधिकार कानून (ख) कंपनी कानून (ग) उत्पाद कानून (घ) इनमें से कोई नहीं

Name the law which was passed after a mass movement.

(a) Right to information act (b) Companies Act (c) Excise Act (d) Non of these

17. इनमें से कौन राष्ट्रीय पार्टी है ? 1

(क) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ख) भारतीय जनता पार्टी (ग) जनता दल (घ) 'क' और 'ख' दोनों

Which of the following is a national party ?

(a) Indian National Congress (b) BJP (c) Janta Party (d) 'a' and 'b' both

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

18. सत्ता के विकेन्द्रीकरण से आप क्या समझते हैं ? 2

What do you mean by decentralization of power ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 50 words.**

19. गठबंधन की राजनीति कैसे लोकतंत्र की प्रभावित करती है ? 3

How coalition government effects democracy ?

20. संघात्मक शासन व्यवस्था में लिखित संविधान क्यों आवश्यक है ? 3

Why a written constitution is necessary in the Federal System ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 100 words :**

21. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें। 7

Describe the main characteristics of the Indian Constitution.

अथवा (or)

भाषा के आधार पर भारत विश्व का सर्वाधिक विविधताओं वाला देश है। कैसे ?

India is the largest diversified country on the basis of language. How ?

BiharboardQuestionpaper.com

# <u>उत्तर (ANSWER)</u>

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

16. (क) सूचना का अधिकार कानून
17. (घ) 'क' और 'ख' दोनों

18. सत्ता के विकेन्द्रीकरण का अभिप्राय सत्ता के स्वरूप को केन्द्रित न कर उसका विभिन्न स्तरों पर विभाजित करना है। भारत में इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण केन्द्र एवं राज्यों के बीच सत्ता का विभाजन है।

19. वर्त्तमान में गठबंधन की राजनीति अनिवार्य हो गई है। गठबंधन सैद्धान्तिक समानता के आधार पर भी होता है या चुनाव बाद सरकार गठन के लिए विचारधारा में सहमति न होने के बावजूद भी गठबंधन किया जाता है। गठबंधन के कारण राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय पार्टियों से समझौते करने पड़ते हैं। व्यक्तिगत हित या पार्टी हित के लिए गलत निर्णय भी लेने पड़ते हैं।

20. संघात्मक शासन व्यवस्था में लिखित संविधान का होना अति महत्वपूर्ण है। संघीय शासन व्यवस्था के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्यों के मध्य शक्तियों का स्पष्ट बँटवारा किया जाना आवश्यक है। अन्यथा हमेशा केन्द्र और राज्यों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न होती रहेगी। केन्द्र एवं राज्यों के बीच लिखित रूप से शक्तियों के विभाजन से न्यायपालिका को भी निर्णय देने में आसानी होगी।

21. भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

    (i) संसदीय लोकतंत्र :- भारतीय लोकतंत्र एक संसदीय लोकतंत्र है। राष्ट्रपति कार्यपालिका का सर्वोच्च पदाधिकारी होता है, किन्तु वास्तविक अधिकार मंत्रीपरिषद् में सन्निहित होता है, जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होता है। मंत्रिपरिषद् अपने कार्यों के लिए सामूहिक रूप से संसद के प्रति उत्तरदायी है।

    (ii) व्यस्क मताधिकार :- भारत में निर्वाचन की अप्रत्यक्ष प्रणाली विद्यमान है। निर्वाचन के माध्यम से मतदाता अपने जन प्रतिनिधियों को चुनते हैं। यहाँ 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है।

    (iii) मौलिक अधिकार :- भारत के संविधान द्वारा नागरिकों को छः मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। इसके संरक्षण का अधिकार उच्चतम न्यायालय को प्राप्त है।

    (iv) स्वतंत्र न्यायपालिका :- भारतीय संविधान की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका का प्रावधान है।

    (v) लिखित संविधान :- भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

<u>अथवा (or)</u>

भारत में लगभग 1500 भाषाएँ मातृभाषा के रूप में प्रचलित हैं। इनको 114 भाषा समूह के अंतर्गत विभक्त किया गया है। भारतीय संविधान के अष्टम सूची में 22 भाषाओं को स्थान दिया गया है। ये हैं-असमिया, बांग्ला, बोडो, हिन्दी, गुजराती, डोंगरी, कश्मीरी, कन्नड़, कोंकणी, मराठी, मैथिली, मणिपुरी, मलयालम, नेपाली, पंजाबी, उड़िया, सिन्धी, संथाली, संस्कृत, तेलगू, तमिल, उर्दू। सबसे बड़ी भाषा हिन्दी है। हिन्दी देश के सम्पूर्ण हिस्से में बोली और समझी जाती है। इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। भाषा के आधार पर विवाद से बचने के लिए हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी को भी संपर्क भाषा के रूप में मान्यता मिली हुई है।

BiharboardQuestionpaper.com

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. 'रुपया' किस देश की मुद्रा है ? 1

(क) भारत (ख) पाकिस्तान (ग) नेपाल (घ) इनमें से सभी

'Rupees' is the currency of which country ?

(a) India (b) Pakistan (c) Nepal (d) All of these

23. वर्तमान समय में आर्थिक विकास में किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है ? 1

(क) कृषि क्षेत्र (ख) उद्योग क्षेत्र (ग) सेवा क्षेत्र (घ) 'ख' एवं 'ग' दोनों

Presently which sector is contributing most in the economic development ?

(a) Agriculture sector (b) Industry sector (c) Service sector (d) 'b' and 'c' both

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

24. समावेशी विकास क्या है ? 2

What is Inclusive Growth ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 60 words.**

25. किसानों को साख अथवा ऋण की आवश्यकता क्यों होती है ? 3

Why does farmers need credit or loan facilities ?

26. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस संस्था के द्वारा होती है ? 3

Which is the institution that does calculate the national income in India ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 120 words :**

27. बिहार के आर्थिक व्यवस्था पर वैश्वीकरण का सकारात्मक प्रभाव का वर्णन करें। 7

Describe the positive effects of globalisation on the economy of Bihar.

अथवा (or)

अर्थव्यवस्था की संरचना से क्या समझते हैं ? इन्हें कितने भागों में बाँटा गया है ?

What do you mean by the structure of economy ? In how many parts are they divided ?

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

22. (घ) इनमें से सभी
23. (ग) सेवा क्षेत्र

24. आर्थिक विकास की वह प्रक्रिया जिससे समाज के सभी वर्गों का जीवन-स्तर ऊँचा होता जाए तथा समाज का कोई भी वर्ग विकास के लाभ से वंचित न रहे।

25. बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर आधारित है। यहाँ लगभग 75 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे सम्बन्धित लघु-कुटीर उद्योग से जुड़े हुए हैं। यहाँ के अधिकांश किसान छोटे या सीमांत किसान हैं इसलिए कृषि एवं उससे संबंधित उद्योगों के लिए पूँजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए साख अथवा ऋण की आवश्यकता होती है।

26. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के द्वारा की जाती है। यह संस्था नियमित रूप से राष्ट्रीय आय के आंकड़े प्रकाशित करती है। राष्ट्रीय आय के सृजन में अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों का योगदान होता है।

27. बिहार के आर्थिक व्यवस्था पर वैश्वीकरण का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है जो निम्नलिखित है –

(i) कृषि उत्पादन में वृद्धि – वैश्वीकरण के कारण आपात स्थिति में भी सरकार खाद्य-सुरक्षा के मामले में सबल है अर्थात् कृषि उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है।

(ii) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की प्राप्ति – वैश्वीकरण के फलस्वरूप बिहार में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश भी हुआ है और भविष्य में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में वृद्धि की आशा की जाती है।

(iii) राज्य की आय तथा प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि – वैश्वीकरण के कारण बिहार राज्य की आय तथा प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है।

(iv) विश्वस्तरीय उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता – वैश्वीकरण के कारण बिहार के बाजारों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मोबाईल फोन, जूते, रेडिमेड वस्त्र, खाद्य पदार्थ, कारें एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ बिहार में उपलब्ध हैं।

(v) रोजगार के अवसरों में वृद्धि – वैश्वीकरण के फलस्वरूप बिहार के बहुत सारे सॉफ्टवेयर इंजीनियर आज संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इंग्लैंड आदि देशों में बड़ी संख्या में नौकरी कर रहे हैं।

(vi) बहुराष्ट्रीय बैंक एवं बीमा कम्पनियों का आगमन – वैश्वीकरण के कारण एच.एस.बी.सी. बैंक, बजाज एलियांज, बिरला सनलाइफ, टाटा ए.आई.जी., अवीवा इत्यादि का बिहार में आगमन हुआ है।

इस प्रकार बिहार की अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

अथवा (or)

अर्थव्यवस्था की संरचना से तात्पर्य विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों के विभाजन से है।

अर्थव्यवस्था में विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएँ की जाती हैं। इन क्रियाओं को तीन भागों में बाँटा गया है-

(i) प्राथमिक क्षेत्र – प्राथमिक क्षेत्र को कृषि क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत कृषि, पशुपालन, मछली पालन एवं वन इत्यादि आते हैं।

(ii) द्वितीयक क्षेत्र – द्वितीय क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अंतर्गत खनिज व्यवसाय, निर्माण कार्य, जनोपयोगी सेवाएँ जैसे – गैस और बिजली आदि आते हैं।

(iii) तृतीयक क्षेत्र – तृतीयक क्षेत्र को सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है। इसके अंतर्गत बैंक एवं बीमा, परिवहन, संचार एवं व्यापार इत्यादि क्रियाएँ होती है।

वर्त्तमान समय में देश की अर्थव्यवस्था में इन तीनों क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक है।

BiharboardQuestionpaper.com

Group-E SET-IV अंक ( Marks ) : 06

# आपदा प्रबन्धन (DISASTER MANAGEMENT)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

28. निम्नलिखित में से कौन राज्य बंगाल की खाड़ी से आनेवाले चक्रवात से प्रभावित नहीं होता है ? 1

(क) बिहार (ख) झारखंड (ग) पश्चिम बंगाल (घ) राजस्थान

Which of the folliwing state is not effected by cyclones originating in the Bay of Bengal ?

(a) Binar (b) Jharkhand (c) West Bengal (d) Rajasthan

29. इनमें कौन सूखा का प्रकार नहीं है ? 1

(क) सामान्य सूखा (ख) मौसमी सूखा (ग) कृषि सूखा (घ) स्थानीय सूखा

Which of the following is not a type of drought ?

(a) General drought (b) Meteorological drought (c) Agricultural drought (d) Local drought

30. निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें : 4

Answer the following questions in 60 words :

हैम रेडिया के उपयोग पर प्रकाश डालिये।

Describe the utility of Ham Radio.

BiharboardQuestionpaper.com

**उत्तर (Answer)**

28. (घ) राजस्थान

29. (घ) स्थानीय सूखा

30. हैम रेडियो के उपयोग निम्नलिखित है :-

(i) निजी मनोरंजन, संदेशों का आदान-प्रदान, वायरलेस एवं आपातकालीन संचार के लिए होता है।

(ii) इसका उपयोग आपदा के क्षेत्र में बड़ी आसानी से किया जा सकता है, क्योंकि यह आपकी बैटरी या जेनरेटर से काम करता है।

(iii) शिक्षा, अनुसंधान या व्यक्तिगत कार्यों के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किस वर्ष हुई ? 1

(क) 1856 (ख) 1885 (ग) 1890 (घ) 1892

In which year was the Indian National Congress established ?

(a) 1856 (b) 1885 (c) 1890 (d) 1892

2. प्राचीन काल में किस स्थल मार्ग से एशिया और यूरोप के मध्य व्यापार होता था ? 1

(क) रेशम मार्ग (ख) सूती मार्ग (ग) उत्तरी पथ (घ) दक्षिणी पथ

In ancient times, which land route was used for trade between Asia & Europe ?

(a) Silk route (b) Cotton route (c) Northern Path (d) Southern Path

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

3. रूसी क्रांति के समय शासक......................था। 1

...........................was the rular at the time of Russain revolution.

4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष...............................थे। 1

......................was the first president of Indian National Congress.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. इटली और जर्मनी के एकीकरण में ऑस्ट्रीया की क्या भूमिका थी ? 3

What was the role of Austria in the unification of Italy and Germany ?

6. खूनी रविवार क्या है ? 3

What is bloody Sunday ?

7. घरेलू और कुटीर उद्योग को परिभाषित करें। 3

Define the domestic and cottage industry.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

8. भातीय राष्ट्रीय आन्दोलन में गाँधीजी के योगदान की विवेचना करें। 7

Explain the contribution of Mahatma Gandhi in the National Freedom Movement.

अथवा (or)

न्यू डील से आप क्या समझते हैं ? इसे क्यों लागू किया गया ?

What do you understand by 'New Deal' ? Why was it implemented ?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

## इतिहास (HISTORY)

1. (ख) 1885
2. (क) रेशम मार्ग
3. जार निकोलस द्वितीय
4. व्योमेश चन्द्र बनर्जी

5. इटली और जर्मनी के एकीकरण में ऑस्ट्रिया सबसे बड़ी बाधा था। ऑस्ट्रिया का चांसलर मेटरनिख घोर प्रतिक्रियावादी था। अपने शासनकाल में उसने इटली तथा जर्मनी के एकीकरण हेतु होनेवाले सभी प्रयासों और आन्दोलनों को दबाने का भरपूर प्रयास किया। मेटरनिख की दमनकारी नीतियों के कारण इटली और जर्मनी में राष्ट्रवाद की भावना बढ़ती चली गई। मेटरनिख के पतन के बाद इटली और जर्मनी के एकीकरण की प्रमुख बाधा समाप्त हो गई।

6. 1904-05 ई० के रूस-जापान युद्ध में रूस एक छोटे एशियाई मुल्क जापान से पराजित हो गया। इस पराजय से अपमानित रूस की जनता ने विद्रोह कर दिया। 9 जनवरी, 1905 ई० को एक भारी जनसमूह प्रदर्शन करते हुए जार के महल सेंट पिट्सबर्ग की ओर बढ़ता जा रहा था। निहत्थे लोगों पर सैनिकों ने गोलियाँ चलाईं जिसमें हजारों लोग मारे गये। चूँकि उस दिन रविवार का दिन था। इसलिए उसे 'खूनी रविवार' की घटना से जानते हैं।

7. घरेलू उद्योग - कम पूँजी के माध्यम से घरेलू स्तर पर किया जानेवाला उद्योग घरेलू उद्योग कहलाता है। ऐसे उद्योगों में पूरे परिवार के सदस्य इसके संचालन में सहभागी होते हैं। मिट्टी का बर्तन बनाना, गुड़ बनाना आदि घरेलू उद्योग के उदाहरण हैं।

   कुटीर उद्योग - कम संसाधन, अल्प पूँजी एवं कम व्यक्तियों के समूह से संचालित उद्योग कुटीर उद्योग कहलाते हैं। हथकरघा, गेहूँ पीसना, चावल कुटना आदि इसके उदाहरण हैं।

8. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में 1919 ई० से 1947 ई० तक का काल गाँधी युग के नाम से जाना जाता है। दक्षिण अफ्रिका से लौटने के बाद गाँधीजी ने सत्याग्रह के माध्यम से चम्पारण तथा खेड़ा के कृषक आन्दोलन तथा अहमदाबाद के मजदूर आन्दोलन का सफल नेतृत्व किया। इससे गाँधीजी की राष्ट्रीय स्तर पर एक सर्वमान्य नेता के रूप में छवि स्थापित हुई।

   ब्रिटिश सरकार की जन विरोधी कार्यों जैसे - रॉलेट एक्ट, जलियाँवाला बाग हत्या कांड, खिलाफत समस्या आदि ने गाँधीजी को 1920 में असहयोग आन्दोलन शुरू करने पर विवश कर दिया। ब्रिटिश सरकार को पहली बार एक अखिल भारतीय स्तर पर सशक्त आन्दोलन का सामना करना पड़ा।

   गाँधीजी के नेतृत्व में 1930 ई० में दांडी यात्रा के माध्यम से नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारंभ किया। इस आन्दोलन में महिलाओं और बच्चों ने अभूतपूर्व रूप से भाग लिया। 8 अगस्त, 1942 ई० को गाँधीजी ने निर्णायक, आन्दोलन भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरूआत की। 'करो या मरो' के नारे के साथ एक विशाल जन आन्दोलन प्रारंभ हुआ। अब भारत की स्वतंत्रता निश्चित हो गयी। 15 अगस्त, 1947 ई० को देश स्वतंत्र हुआ।

अथवा (or)

आर्थिक महामंदी के प्रभावों को समाप्त करने एवं उसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी० रूजवेल्ट ने नई आर्थिक नीति अपनायी। इसे न्यू डील का नाम दिया गया। इसके अंतर्गत कृषि एवं उद्योग में संतुलन स्थापित करना था। लोककल्याण नीति के अंतर्गत परिवहन के साधनों तथा स्थानीय विकास कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराया गया। इससे नए रोजगारों का सृजन हुआ। श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की गयी। काम के घंटे नियत किये गये। किसानों की क्रय शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया गया। किसानों की आर्थिक दशा को सामान्य करने के लिए कई नीतियाँ बनाई गयीं। आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक नीतियों को जनकल्याणकारी बनाया गया।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :
## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. वर्षा-जल संग्रहण के ढाँचों को हर घर में बनाना किस राज्य में कानूनन अनिवार्य है ? 1
(क) बिहार (ख) तमिलनाडु (ग) पश्चिम बंगाल (घ) मध्य प्रदेश
Which state of India has made it mandatory to provide rain water harvesting structures in all new buildings ?
(a) Bihar (b) Tamilnadu (c) West Bengal (d) Madhya Pradesh

10. इनमें से कौन हमारे देश से प्राय: लुप्त हो चुका है ? 1
(क) चीता (ख) हनुमान (ग) गैंडा (घ) तेंदुआ
Which of the following animals has become extinct from our contry ?
(a) Cheetah (b) Grey langurs or Hanuman (c) Hippopotamus (d) Panther

**11. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**
**Fill in the blanks with appropriate words :**

(i) ..............................तमिलनाडु में स्थित सबसे दक्षिणी पत्तन है। 1
.............................. is the southernmost port of Tamil Nadu.

(ii) .........................भारत का नारियल प्रदेश कहलाता है। 1
.........................is known as the coconut region of India.

12. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :
Answer the following question in maximum 60 words :
भारत में पहला इस्पात कारखाना जमशेदपुर (टाटा) में क्यों लगाया गया ? 3
Why the first steel company of India was established at Jamshedpur (Tata) ?

13. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :
Answer the following question in maximum 60 words.
रोपण कृषि से आप क्या समझते हैं ? इसकी दो विशेषताएँ बताएँ। 3
What do you mean by plantation-agriculture ? Mention its two features.

14. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :
Answer the following question in maximum 60 words.
भारत में सौर ऊर्जा की संभावनाएँ अधिक है। क्यों? 3
There are huge possibilities of harnessing solar energy in India. Why ?


15. निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :
Answer the following question in maximum 120 words.
संसाधन से आप क्या समझते हैं ? उपलब्धता के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण करें तथा उदाहरण दें। 7
What do you understand by resource ? Divide recources on the basis of availability and give examples.

अथवा (or)

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को अंकित कर नाम अंकित कीजिए :
(क) घाना पक्षी विहार (ख) पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र
(ग) कपास उत्पादक क्षेत्र (घ) लाल मिट्टी का क्षेत्र (ङ) विजयनगर इस्पात कारखाना
Draw an outline map of India on full page and mark the following :-
(a) Ghana Bird Sanctuary (b) Petroleum producing area
(c) Cotton cultivation area (d) Areas of red soil
(e) Vijaynagar Steel Plant

**केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :**
**Only for Blind Candidates :**
लौह अयस्क का वर्गीकरण करें तथा उसकी विशेषताओं को बताएँ।
Present the classification of iron-ore and mention their features.

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ● | प्याना पक्षी विहार |
| 2. | △△△ | पैट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र |
| 3. | (vertical stripes) | कपास उत्पादक क्षेत्र |
| 4. | (diagonal stripes) | लाल मिट्टी का क्षेत्र |
| 5. | ▲ | विजयनगर इस्पात कारखाना |

Biharboard Questionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

## भूगोल (GEOGRAPHY)

9. (ख) तमिलनाडु
10. (क) चीता
11. (i) तुतीकोरिन तमिलनाडु में स्थित सबसे दक्षिणी पत्तन है।
    (ii) केरल भारत का नारियल क्षेत्र कहलाता है।

12. भारत में पहला इस्पात कारखाना जमशेदपुर (टाटा) में लगाने के निम्नलिखित कारण हैं :-

    (i) कच्चा माल जैसे लौह अयस्क, कोयला आदि छोटानागपुर पठार में उपलब्ध है।
    (ii) सस्ते श्रमिक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना।
    (iii) सुवर्णरेखा नदी द्वारा जलापूर्ति।
    (iv) कोलकाता - हल्दिया पत्तन से निकटता।

13. रोपण कृषि एक वैज्ञानिक खेती है जिसमें विशेष पूँजी लगाई जाती है और एक ही फसल का उत्पादन किया जाता है। रबर, कॉफी (कहवा) और चाय की खेती इसी प्रकार की होती है।

    रोपण कृषि की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :-
    (i) यह मुख्यतः व्यापारिक कृषि है। इसका अधिकांश उत्पाद बाजार में बेच दिया जाता है।
    (ii) प्रायः बड़े क्षेत्र में एक ही प्रकार की फसल उगाई जाती है।

14. भारत में सौर ऊर्जा की संभावनाएँ अधिक हैं, क्योंकि भारत उष्णकटिबंध में स्थित है तथा यहाँ प्रतिवर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 20 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है। फोटोवोल्टाइक प्रौद्योगिकी द्वारा धूप को सीधे विद्युत में परिवर्तित किया जाता है। गुजरात तथा थार मरुस्थल में इसका बहुत बड़ा केन्द्र स्थापित किया जा सकता है।

15. प्रकृति के वे सभी पदार्थ या वस्तुएँ जो मानवजीवन के लिए उपयोगी बन जाएँ, संसाधन कहलाती हैं।

    उपलब्धता के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण निम्नलिखित है :-

    (i) प्रकृतिप्रदत्त संसाधन :- प्राकृतिक पदार्थ जो मनुष्य के लिए उपयोगी हैं, प्रकृतिप्रदत्त संसाधन कहलाती हैं। जैसे-नदी, खनिज, वन आदि।

    (ii) मानवकृत संसाधन :- मानव द्वारा निर्मित सभी पदार्थ जो मानवीय विकास हेतु उपयोग में लाई जाती है, मानवकृत संसाधन कहलाती है।

    जैसे :- भवन, सड़कें, रेल लाइनें, विकास की विभिन्न संस्थाएँ आदि।

Biharboard Questionpaper.com

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :**

**Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :**

16. भारत में पहली बार केन्द्र में गैर-कांग्रेसी सरकार कब बनी ? 1

(क) 1975 (ख) 1977 (ग) 1989 (घ) 1991

When was the first Non-Congress government formed in India ?

(a) 1975 (b) 1977 (c) 1989 (d) 1991

17. किस देश में बहुदलीय व्यवस्था नहीं है ? 1

(क) भारत (ख) पाकिस्तान (ग) ब्रिटेन (घ) बांग्लादेश

Which country does not have multi-party system ?

(a) India (b) Pakistan (c) Britain (d) Bangladesh

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

18. लैंगिक असमानता क्या है ? 2

What is gender inequality ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 50 words.**

19. राजनीति का अपराधीकरण क्या है ? 3

What is criminalisation in politics ?

20. मानवाधिकार पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

Write a short note on human rights.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words :**

21. धर्म निरपेक्षता का अर्थ क्या है ? भारत में धर्म निरपेक्षता क्यों आवश्यक है ? 7

What is secularism ? Why is it necessary in India ?

अथवा (or)

भ्रूण हत्या क्या है ? क्या इसे कानून रोक पाने में सफल हुआ है ?

What do you mean by foeticide ? Is law is successful in preventing it ?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

16. (ख) 1977

17. (ग) ब्रिटेन

18. समाज में लिंग के आधार पर महिलाओं और पुरुषों में जो भेदभाव किया जाता है उसे हम लैंगिक असमानता कहते हैं। यह असमानता राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्रशासनिक अर्थात् हर क्षेत्र में देखने को मिलती है।

19. राजनीति में प्राय: अपराधियों का सहारा लेकर बूथ कब्जा करने का प्रयास, एक खास प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए धमकाना या फर्जी मतदान करना आदि कृत्य को राजनीति में अपराधीकरण की संज्ञा दी जाती है। इससे अपराधियों में स्वयं राजनीति में खड़े होने की प्रवृत्ति बढ़ती है। कई राजनीतिक दल जीत सुनिश्चित करने के लिए अपराधियों को टिकट देते हैं। भारतीय मतदाताओं की जागरूकता से इस प्रवृत्ति में कमी आयी है।

20. भारत संघ में देश के नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा के लिए गारंटी प्रदान की गयी है, जिसे मानवाधिकार कहते हैं। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के तहत शोषण के विरुद्ध अधिकार प्रदान किया गया है। भारत के नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है।

21. धर्मनिरपेक्षता एक पाश्चात्य अवधारणा है। इसका शाब्दिक अर्थ होता है धर्म और राजनीति को पृथक करना।

भारतीय सन्दर्भ में निम्नलिखित धर्मनिरपेक्षता के लक्षण देखने को मिलते हैं :-

(i) राज्य का अपना कोई धर्म नहीं होगा।

(ii) राज्य की दृष्टि में सभी धर्म समान होंगे।

(iii) नागरिकों को अपने-अपने धर्मों के अनुसार पूजा-उपासना करने की स्वतंत्रता होगी।

(iv) अल्पसंख्यक वर्ग के हितों की रक्षा की जायेगी।

भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने की आवश्यकता इसलिए भी है कि भारत एक बहुधर्मी देश है। एक खास धर्म को प्रश्रय देने पर दूसरे धर्मों के मानने वाले लोगों में क्लेश बढ़ेगा जिससे देश की एकता, अखण्डता एवं भाईचारा प्रभावित होगा।

अथवा (or)

भ्रूण हत्या का तात्पर्य गर्भस्थ कन्या शिशु को गर्भपात द्वारा हत्या कर देना है। वर्तमान समय में अल्ट्रासाउण्ड तकनीक के माध्यम से गर्भ काल में ही शिशु लिंग का पता लगा लिया जाता है। समाज में कुछ लोग ऐसे हैं जो लड़की के अपेक्षा लड़का का चाहते हैं। वे ही भ्रूण हत्या जैसा जघन्य कृत्य करते हैं।

भारत में भ्रूण हत्या पर सख्त कानून है। किन्तु इस कानून का कड़ाई से पालन नहीं होता। यह एक सामाजिक समस्या भी है। कानून के साथ-साथ सामाजिक जागृति भी इस संबंध में आवश्यक है।

BiharboardQuestionpaper.com

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(क) 13 मार्च (ख) 17 मार्च (ग) 15 मार्च (घ) 19 मार्च

When is the Consumers' Rights Day celebrated ?

(a) 13 March (b) 17 March (c) 15 March (d) 19 March

23. बिहार के किस जिले का प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है ? 1

(क) गया (ख) पटना (ग) वैशाली (घ) दरभंगा

Which district of Bihar has the highest per capita income ?

(a) Gaya (b) Patna (c) Vaishali (d) Dharbhanga

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

24. वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है ? 2

What is Barter System ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words.**

25. आर्थिक विकास किसे कहते हैं ? 3

What is economic development ?

26. ए०टी०एम० क्या है ? 3

What is ATM ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 120 words :**

27. राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ किसे कहते हैं ? इसे कितने भागों में बाँटा गया है ? वर्णन करें। 7

What are National Financial Institutions ? How many parts has it been divided ? Describe them.

अथवा (or)

बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ किस प्रकार विश्वभर में उत्पादन को एक-दूसरे से जोड़ती है ?

How is the production inter connected to one-another world-wide by the Multi-National Companies ?

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

22. (ग) 15 मार्च

23. (ख) पटना

24. वस्तु विनिमय प्रणाली में किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु के बदले आदान-प्रदान होता है। उदाहरण के लिए गेहूँ से चावल, दूध से दही बदलना आदि।

25. आर्थिक विकास परिवर्तन की प्रक्रिया है जिसके द्वारा दीर्घकाल में किसी अर्थव्यवस्था की प्रति व्यक्ति आय एवं राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

    इसका मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के समस्त क्षेत्रों में उत्पादकता का ऊँचा स्तर प्राप्त करना होता है।

26. ए०टी०एम० का अर्थ है – स्वचालित टेलर मशीन। भारत में सभी व्यवसायिक बैंकों के द्वारा यह सुविधा प्रदान की गई है। बैंक के द्वारा दिए गए प्लास्टिक के कार्ड द्वारा कहीं भी किसी समय पैसा निकाल सकते हैं। इस कार्ड के प्रयोग के लिए बैंक द्वारा एक गुप्त पिन नं० दिया गया है।

27. ऐसी वित्तीय संस्थाएँ जो देश के लिए वित्तीय और साख नीतियों का निर्धारण एवं निर्देशन करती है तथा राष्ट्रीय स्तर पर वित्त प्रबन्धन के कार्यों का सम्पादन करती है, उसे राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ कहते हैं।

    इसे दो भागों में बाँटा गया है –

(i) भारतीय मुद्रा बाजार – भारतीय मुद्रा बाजार में उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र के लिए अल्पकालीन एवं मध्यकालीन वित्त की व्यवस्था एवं प्रबन्धन किया जाता है।

    सामान्यतः भारतीय मुद्रा बाजार को संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है। संगठित क्षेत्र में वाणिज्य बैंक निजी क्षेत्र के बैंक एवं विदेशी बैंक शामिल किए जाते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में देशी बैंकर जिनमें गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियाँ शामिल की जाती है।

(ii) भारतीय पूँजी बाजार – भारतीय पूँजी बाजार मुख्यतः दीर्घकालीन पूँजी उपलब्ध कराती है। दीर्घकालीन पूँजी की माँग बड़े-बड़े उद्योग घराने एवं सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए होता है।

    इस प्रकार राष्ट्र के निर्माण में इन वित्तीय संस्थाओं का काफी योगदान होता है।

अथवा (or)

बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ निम्न प्रकार से अपने उत्पादन को एक-दूसरे से जोड़ती है :-

(i) स्थानीय कम्पनी को खरीदना और उसके बाद उत्पादन का प्रसार करना। जैसे-पारले समूह के 'थम्स अप' ब्रांड को कोका कोला ने खरीद लिया।

(ii) कभी-कभी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ देशों की स्थानीय कम्पनियों के साथ संयुक्त रूप से उत्पादन करती है। इससे स्थानीय कम्पनियों को नई तकनीक का ज्ञान मिलता है वहीं बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ उत्पादन के लिए पूँजी लगाती है।

(iii) बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ माल के उत्पादन के लिए छोटे उत्पादकों का सहारा लेती है। जैसे-वस्त्र, जूते, खेल का सामान, खिलौने इत्यादि का उत्पादन बड़ी संख्या में छोटे उत्पादकों द्वारा किया जाता है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ ये उत्पाद खरीदकर अपने ब्रांड नाम से विश्वभर में बेचती है।

    इस तरह बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा विश्व के दूर-दूर तक बने उत्पाद को एक जगह से दूसरे जगह भेजा जा रहा है।

BiharboardQuestionpaper.com

# आपदा प्रबन्धन (DISASTER MANAGEMENT)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

28. 'सुनामी' किस भाषा का शब्द है ? 1

(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) जापानी (घ) अरबी

'Tsunami' is a word of which language ?

(a) Hindi (b) English (c) Japanese (d) Arabic

29. भूकंप-केन्द्र के उधर्वाधर पृथ्वी की सतह पर के केन्द्र का क्या नाम है ? 1

(क) अनुकेन्द्र (ख) अधिकेन्द्र (ग) भूकंप केन्द्र (घ) बाह्य केन्द्र

What is the name of the place located on the earth's surface and just perpendicular to the focus of the earthquake ?

(a) Centre (b) Epicentre (c) Earthquake centre (d) Outer centre

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 4

Answer the following questions in 60 words :

सूखा (सुखाड़) के नियंत्रण के लिए क्या उपाय किये जाने चाहिए ?

What should be done to control drought ?

<u>उत्तर (Answer)</u>

28. (ग) जापानी

29. (ख) अधिकेन्द्र

30. सूख के नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपाय किये जाने चाहिए :-

(i) जल संसाधनों का वैज्ञानिक विकास एवं प्रबंधन।

(ii) जल विभाजक क्षेत्र की विकास योजनाओं द्वारा मिट्टी की नमी तथा पशुओं के लिए आहार का प्रबंधन।

(iii) तराई क्षेत्र अथवा ढलवाँ जमीन पर चेक डैम द्वारा संरक्षण जिससे सुखाड़ में यह पानी सिंचाई के काम आ सके।

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. यूनान के स्वतंत्रता संग्राम में किसकी पराजय हुई ? 1

(क) इटली (ख) फ्रांस (ग) इंग्लैण्ड (घ) तुर्की

Who was defeated in the Greek war of independence ?

(a) Italy (b) France (c) England (d) Turkey

2. पटना में गोलघर का निर्माण किस वर्ष किया गया ? 1

(क) 1755 (ख) 1786 (ग) 1799 (घ) 1815

Which year was the Golghar built in Patna ?

(a) 1755 (b) 1786 (c) 1799 (d) 1815

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

3. संथाल विद्रोह का नेतृत्व.................................ने किया। 1

The Santhal revolt was led by.................................

4. स्पिनिंग जेनी का आविष्कार............................ने किया। 1

The spining Jenny was invented by........................

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. मेटरनिख कौन थे ? यूरोपीय इतिहास में वह क्यों विख्यात है ? 3

Who was Meternich ? Why he is famous in European history ?

6. रासायनिक हथियारों नापाम एवं एजेंट-ऑरेंज का वर्णन करें। 3

Describe the chemical weapons Napam and Agent-orange.

7. चम्पारण सत्याग्रह पर टिप्पणी लिखें। 3

Write note on Champaran Satyagrah.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

8. यूनानी स्वतंत्रता आन्दोलन का वर्णन करें। 7

Describe the Greek war of Independence.

अथवा (or)

शहरीकरण की प्रक्रिया में व्यवसायी वर्ग, मध्यम वर्ग एवं मजदूर वर्ग की भूमिका की व्याख्या करें।

Explain the role of business class, middle class and labour class in the process of urbanization.

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

## इतिहास (HISTORY)

1. (घ) तुर्की
2. (ख) 1786
3. सिद्धु और कान्हू
4. जेम्स हारग्रीब्ज

5. मेटरनिख ऑस्ट्रिया का चांसलर था। वह घोर प्रतिक्रियावादी था। वह राष्ट्रवादी एवं लोकतंत्रात्मक व्यवस्था का कट्टर विरोधी था। उसने यूरोप में 1815-1848 के बीच राष्ट्रवाद की भावना एवं संसदीय व्यवस्था को रोकने का भरपूर प्रयास किया। क्रांतिधर्मी विचारों के प्रसार को रोकने के लिए उसने प्रेस पर कठोर प्रतिबंध लगाया। वह पुरातन व्यवस्था बनाए रखने का पक्षधर था। वियना कांग्रेस मेटरनिख की इन्हीं नीतियों का परिणाम था।

6. 1964 ई० में अमेरिका द्वारा उत्तरी वियतनाम पर किए गए आक्रमण में खतरनाक रासायनिक हथियारों का प्रयोग किया गया था। इन रासायनिक हथियारों ने वहाँ के मानव जीवन एवं पर्यावरण पर लंबे समय तक प्रभाव डाले थे। नापाम बम में नापाम नामक कार्बनिक यौगिक होता है जो बमों में गैसोलिन के साथ मिलकर खतरनाक मिश्रण तैयार करता है। यह त्वचा से चिपककर जलन पैदा करता है और विषैली गैस का उत्सर्जन करता है।

   एजेंट-ऑरेंज एक ऐसा जहर था जिससे पेड़ों की पत्तियाँ झुलस जाती थीं। इससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुँचा।

7. बिहार के चंपारण जिले में गोरे निलहों द्वारा किसानों को अपनी भूमि के 3/20 हिस्से पर खेती करने के लिए विवश किया जाता था। इसे तीनकठिया प्रथा कहा जाता था। नील की खेती किसानों के लिए नुकसानदायक थी, क्योंकि इससे खेतों की उर्वरा शक्ति कम हो जाती थी। उत्पादन का उचित दाम भी प्राप्त नहीं होता था। राजकुमार शुक्ल नामक किसान ने गाँधीजी को चम्पारण आने का आमंत्रण दिया। 1917 ई० में गाँधीजी ने किसानों के हित में चम्पारण में अपना पहला सत्याग्रह आन्दोलन चलाया। आन्दोलन सफल रहा। तीनकठिया प्रथा समाप्त हुई।

8. यूनान अपना गौरवशाली इतिहास के बावजूद भी तुर्की साम्राज्य के अधीन था। यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास ने यूनानियों में भी राष्ट्रीयता की भावना को जागृत किया। यूनानियों ने इसके लिए हितेरिया फिलाइक नामक संस्था की स्थापना की। यूनान में आंदोलन के लिए मध्यम वर्ग की उदय हो चुका था।

   1821 ई० में एलेक्जेण्डर चिपसिलांटी के नेतृत्व में यूनान में विद्रोह प्रारंभ हो गया। 1822 में लगभग बीस हजार यूनानी मार डाले गये। 1827 ई० में लंदन सम्मेलन में इंग्लैण्ड, फ्रांस तथा रूस ने तुर्की के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही करने का निर्णय लिया। तुर्की के समर्थन में आई मिस्त्र की संयुक्त सेना को युद्ध में पराजित होना पड़ा। 1829 ई० में एड्रियानोपल की संधि द्वारा यूनान को स्वायत्तता प्राप्त हुई। अंततः 1832 ई० में यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया। बवेरिया के शासक 'ऑटो' को यूनान का राजा बनाया गया।

अथवा (or)

शहरीकरण की प्रक्रिया में क्रमशः व्यवसायी वर्ग, मध्यम वर्ग एवं मजदूर वर्ग की भूमिका निम्न प्रकार थी -

**व्यवसायी वर्ग :-** शहरीकरण ने नए-नए व्यवसायों एवं नए व्यवसायी वर्गों को जन्म दिया। व्यवसाय की व्यापकता, उद्योगों का विस्तार, बड़े पैमाने पर मुद्रा का चलन, लाभ उर्जित करने की प्रवृत्ति ने शहरों में एक विशाल व्यवसायी वर्ग पैदा किया।

**मध्यम वर्ग :-** यह एक शिक्षित वर्ग था जो बुद्धिजीवी अर्जित वर्ग कहलाया। यह मध्यम वर्ग शहरों में विभिन्न पेशों में कार्यरत था, जैसे-शिक्षक, वैज्ञानिक, वकील, चिकित्सक, इंजीनियर, क्लर्क, लेखापाल आदि। किसी शहर का प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा आदि इन्हीं के हाथों में था।

**मजदूर वर्ग :-** शहरों में कल-कारखानों एवं उद्योगों की स्थापना ने श्रमिकों को पलायन करने पर मजबूर कर दिया। बड़ी संख्या में भूमिविहीन कृषक वर्ग का आगमन शहरों में हुआ। शहरों की जनसंख्या में सबसे बड़ी संख्या इन्हीं की होती है।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. इनमें कौन धात्विक खनिज नहीं है ? 1

(क) मैंगनीज (ख) टिन (ग) अबरक (घ) लोहा

Which of the following is not a metallic mineral ?

(a) Mangnese (b) Tin (c) Mica (d) Iron

10. जर्मनी की सहायता से किस इस्पात कारखानें की स्थापना की गई थी ? 1

(क) राउरकेला (ख) बोकारो (ग) दुर्गापुर (घ) भिलाई

Which steel company was established with the help of Germany ?

(a) Raurkela (b) Bokaro (c) Durgapur (d) Bhilai

**11. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

(i) कर्नाटक में लोहा-इस्पात उद्योग का केन्द्र..........................है। 1

..........................is a centre of iron and steel industry in Karnataka.

(ii) जपला..........................का कारखाना है। 1

..........................factory is located at Japla.

12. रेल परिवहन का महत्त्व 60 शब्दों में बतावें। 3

Give some significance of railways in 60 words.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words.**

13. भूमंडलीकरण का भारतीय कृषि पर क्या प्रभाव पड़ा है ? 3

What are the effects of globalisation on Indian agriculture ?

14. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words.

खनन-क्रिया को प्रभावित करनेवाले कौन-कौन से कारक हैं ? 3

What are the different factors which effect mining activity ?

15. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 120 words.

चाय उत्पादन की प्रमुख भौगोलिक दशाओं का वर्णन करें। भारत में प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्रों के नाम बताएँ। 7

What are the geographical conditions necessary for the cultivation? Name some tea producing areas of India.

<u>अथवा (or)</u>

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए :

(क) गिर राष्ट्रीय उद्यान (ख) मैंगनीज उत्पादन क्षेत्र

(ग) कावेरी नदी (घ) चिल्का झील (ङ) दुर्गापुर इस्पात कारखाना

Draw an outline map of India on full page and mark the following by shading :

(a) Gir National Park (b) Manganese producing region

(c) Kaveri river (d) Chilka lake (e) Durgapur steel plant


**केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :**

**Only for Blind Candidates :**

बिहार में चीनी उद्योग के विकास पर प्रकाश डालें।

Present a detailed description of growth of sugar industry in Bihar.

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ● | घाना पक्षी विहार |
| 2. | △△△△ | पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र |
| 3. | | कपास उत्पादक क्षेत्र |
| 4. | | लाल मिट्टी का क्षेत्र |
| 5. | ▲ | विजयनगर इस्पात कारखाना |

BiharboardQuestionpaper.com

# <u>उत्तर (ANSWER)</u>

## भूगोल (GEOGRAPHY)

9. (ग) अबरक
10. (क) राउरकेला
11. (i) कर्नाटक में लोहा-इस्पात उद्योग का केन्द्र <u>भद्रावती</u> है।
    (ii) जपला में <u>सीमेंट</u> का कारखाना है।

12. रेल परिवहन का महत्व :-

    (i) लंबी दूरी का अरामदायक और सस्ता परिवहन।
    (ii) भारी सामान या कच्चा माल का परिवहन संभव।
    (iii) औद्योगिक विकास की आधारशिला।
    (iv) बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराना।

13. भूमंडलीकरण का उद्देश्य है हमारे राष्ट्रीय अर्थतंत्र का विश्व अर्थतंत्र से जुड़ना।
    भूमंडलीकरण का कृषि पर निम्नलिखित प्रभाव पड़े हैं :-
    (i) उन्नत तकनीक का उपयोग।
    (ii) बीजों की उच्च-ऊपजाउ किस्मों (High-yieding variety) का प्रयोग।
    (iii) कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने के लिए उचित प्रबंध।

14. खनन क्रिया को निम्नलिखित कारक प्रभावित करते हैं :-

    (i) खनिज या उससे प्राप्त होनेवाली धातु का बाजार मूल्य।
    (ii) खद्दानों की बाजार से निकटता।
    (iii) भंडार की मात्रा।
    (iv) अयस्क की गुणवत्ता।
    (v) खनन की विधि।

15. चाय उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएँ हैं :-

    (i) उच्च तापमान – $24^0C$-$30^0C$।
    (ii) ढालू भूमि।
    (iii) गहरी दोमट मिट्टी जिसमें लोहांश, फॉस्फोरस, पोटैश आदि की प्रधानता हो।
    (iv) घनी वर्षा।
    (v) सस्ते श्रमिकों और कुशल प्रबंधकों की उपलब्धि।

    भारत में चाय के प्रमुख उत्पादन क्षेत्र हैं :-

    (i) उत्तर-पूर्वी भारत-असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल।
    (ii) दक्षिण का नीलगिरि क्षेत्र – तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक।
    (iii) उत्तर-पश्चिम का पहाड़ी क्षेत्र – उत्तराखंड में देहरादून, हिमाचल प्रदेश की कांगडाघाटी।

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. लिच्छवी बिहार के किस जिले में स्थित है ? 1

(क) पटना (ख) नालंदा (ग) वैशाली (घ) भागलपुर

In which district of Bihar is Lichchhwi situtated ?

(a) Patna (b) Nalanda (c) Vaishali (d) Bhagalpur

17. निम्नलिखित में कौन 'भारतीय किसान यूनियन' के प्रमुख नेता थे ? 1

(क) राजीव गाँधी (ख) महेन्द्र सिंह टिकैत (ग) जय प्रकाश नारायण (घ) कर्पूरी ठाकुर

Who was the main leader of 'Indian Farmer Association' ?

(a) Rajeev Gandhi (b) Mahendra Singh Tikkait (c) Jay Prakash Narayan (d) Karpuri Thakur

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words :**

18. चुनावी घोषणा पत्र क्या है ? 2

What is election manifesto ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 50 words.**

19. लोकतंत्र स्वतंत्रता और समानता पर आधारित शासन है। कैसे ? 3

Democracy is based on liberty and equality. How ?

20. सामाजिक विभेद किस प्रकार सामाजिक विभाजन के लिए उत्तरदायी है ? 3

How social inequality is responsible for social division ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 100 words :**

21. ग्राम पंचायत के कार्य एवं शक्तियों का वर्णन करें। 7

Describe the works and powers of village panchayat.

अथवा (or)

धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की अनुपम विशेषता है। कैसे ?

Secularism is an incomparable speciality of the Indian constitution. How ?

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# <u>उत्तर (ANSWER)</u>

## राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

16. (ग) Vaislahi (वैशाली)

17. (ख) महेन्द्र सिंह टिकैत

18. चुनाव के समय सभी राजनीतिक पार्टियाँ अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में लिखित रूप में घोषणा करती हैं। इसे चुनावी घोषणा-पत्र कहते हैं।

19. स्वतंत्रता और समानता लोकतंत्र के दो प्रमुख आधार हैं। स्वतंत्रता के अन्तर्गत देश के सभी नागरिकों को समान रूप से स्वतंत्रता प्रदान की गई है। इसमें भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, निर्बाध विचरण की स्वतंत्रता, संगठन बनाने की स्वतंत्रता, पेशा-व्यवसाय चुनने एवं मताधिकार आदि की स्वतंत्रता।

    हमारा संविधान जाति, धर्म, वंश, लिंग, भाषा, क्षेत्र आदि किसी भी स्तर पर समानता के सिद्धान्त को स्वीकार करता है।

20. सामाजिक विभेद निश्चित तौर पर सामाजिक विभाजन के लिए मूल रूप से उत्तरदायी है। सामाजिक विभेद का मूल कारण जन्म को माना जाता है। प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न धर्म, भाषा, जाति, क्षेत्र के लोग निवास करते हैं। विविधता में एकता हमारे राष्ट्र की विशेषता है। किन्तु कभी-कभी यह विविधता राष्ट्र के लिए घातक हो जाती है। इससे सामाजिक विभाजन के खतरे बढ़ जाते हैं। इसलिए सामाजिक विभेद को समाप्त कर ही सामाजिक विभाजन को रोका जा सकता है।

21. ग्राम पंचायत के कार्य एवं शक्तियाँ निम्नलिखित हैं :-

<u>कार्य</u> -

(i) पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए वार्षिक योजना एवं बजट तैयार करना।
(ii) प्राकृतिक आपदा के समय प्रभावित लोगों की सहायता करना।
(iii) सार्वजनिक सम्पत्ति को अतिक्रमण मुक्त करना।
(iv) सामुदायिक कार्यों में स्वैच्छिक सहभागी बनना।

<u>शक्तियाँ</u> -

(i) करारोपण की शक्ति।
(ii) संपत्ति अर्जन, धारण एवं निपटाने की शक्ति।
(iii) राज्यवित्त आयोग से प्राप्त अनुशंसा पर संचित निधि से सहायक अनुदान प्राप्त करने की शक्ति।

<u>अथवा (or)</u>

धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषता है। भारतीय संविधान ने धर्मनिरपेक्षता के लिए निम्नलिखित अनुबंध निर्धारित किए हैं :-

(i) भारत का कोई राष्ट्रीय धर्म नहीं है।
(ii) हर नागरिक को अपना धर्म, पूजा-पद्धति स्वीकार करने की इजाजत भारतीय संविधान देता है।
(iii) किसी भी धर्म को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
(iv) कोई भी व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर सकेगा।
(v) धार्मिक आधार पर भारतीय संविधान किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करता है।

BiharboardQuestionpaper.com

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन है ? 1

(क) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (ख) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(ग) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (घ) भूमि विकास बैंक

Which is the central bank of Indian ?

(a) State Bank of India (b) Reserve Bank of India
(c) Regional Rural Bank (d) Land Development Bank

23. आर्थिक सुधार (नई आर्थिक नीति) की क्या विशेषता है ? 1

(क) उदारीकरण (ख) निजीकरण (ग) वैश्वीकरण (घ) इनमें से सभी

What are the special features of economic reform (New economic policy) ?

(a) Liberalisation (b) Privalisation (c) Globalisation (d) All of these

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

24. मुद्रा की परिभाषा दें। 2

Define money.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words.**

25. सतत विकास क्या है ? 3

What is sustainable development ?

26. उपभोक्त जागरण हेतु विभिन्न नारों को लिखें। 3

Write the different slogans used for consumer awareness.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 120 words :**

27. किसी देश के आर्थिक विकास में राष्ट्रीय आय एवं प्रतिव्यक्ति आय का क्या योगदान है ? 7

What are the contributions of national income and per capita income in the economic development of a country.

अथवा (or)

भारत में बुनियादी सुविधाएँ या आधारभूत ढाँचा का वर्णन करें।

Describe the basic amenities or infrastructures in India.

BiharboardQuestionpaper.com

# <u>उत्तर (ANSWER)</u>

## अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

22. (ख) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
23. (घ) इनमें से सभी
24. मुद्रा वह है जिसके द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय-विक्रय किया जाता है, अर्थात् मुद्रा देकर वस्तु एवं सेवा प्राप्त की जाती है।
25. ऐसा विकास जो जारी रह सके, टिकाऊ बना रह सके। इस विकास में न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि भावी पीढ़ी के विकास को भी ध्यान में रखा जाता है।
26. उपभोक्ता जागरण हेतु निम्नलिखित नारे हैं :-

(i) जागो ग्राहक जागो।

(ii) ग्राहक, सावधान।

(iii) अपने अधिकारों को पहचानो।

(iv) सतर्क उपभोक्ता ही सुरक्षित उपभोक्ता है।

(v) उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों की रक्षा करें।

27. किसी भी राष्ट्र की सम्पन्नता या विपन्नता वहाँ के लोगों की प्रति व्यक्ति आय या राष्ट्रीय आय के द्वारा जाना जाता है।

वर्तमान युग में प्रत्येक देश अपने-अपने तरीके से विकास की योजना बनाती है, जिसका लक्ष्य राष्ट्र की उपलब्ध साधनों की क्षमता को बढ़ाकर अधिक आय प्राप्त करना होता है। इसके लिए निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं -

(i) आर्थिक विकास के क्षेत्र में पूँजी विनियोग के द्वारा रोजगार सृजन किया जाता है।

(ii) बेरोजगार को रोजगार मिलने से उनकी आय में वृद्धि होती है।

(iii) आय में वृद्धि होने से उनका जीवन-स्तर पहले की अपेक्षा बेहतर होता है।

दूसरी ओर पूँजी विनियोग से वस्तुओं का अधिक उत्पादन होता है। इस प्रकार प्रति व्यक्ति आय या राष्ट्रीय आय में वृद्धि से देश का आर्थिक विकास होता है।

<u>अथवा (or)</u>

भारत में बुनियादी सुविधाएँ अथवा आधारभूत ढाँचा 'रीढ़ की हड्डी' के समान है। इसके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

बुनियादी सुविधाएँ या आधारभूत ढाँचा को दो भागों में बाँटा गया है जो निम्नलिखित है -

(i) आर्थिक आधारभूत संरचना - इसका सम्बन्ध प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास के क्षेत्रों से है। इसके अन्तर्गत निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाता है।

(क) वित्त - बैंकिंग क्षेत्र, बीमा क्षेत्र आदि।

(ख) ऊर्जा - कोयला, विद्युत, गैस, पेट्रोलियम इत्यादि।

(ग) यातायात - रेलवे, सड़क, वायुयान, जलयान।

(घ) संचार - डाक, तार, टेलिफोन, टेलीसंचार, मीडिया एवं अन्य।

(ii) गैर-आर्थिक आधारभूत संरचना - यह अप्रत्यक्ष रूप से मनुष्य की क्षमता एवं उत्पादन में वृद्धि कर आर्थिक विकास में सहायता प्रदान करता है। जैसे-शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नागरिक सेवाएँ इत्यादि।

BiharboardQuestionpaper.com

# आपदा प्रबन्धन (DISASTER MANAGEMENT)

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :**

**Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :**

28. 26 दिसम्बर 2004 को आई सुनामी से भारत का कौन-सा द्वीप ज्यादा प्रभावित हुआ था ? 1

(क) निकोबार (ख) लक्षद्वीप (ग) न्यू मूरे (घ) इनमें से कोई

The tsunami of 26 December, 2004 had mostly affected which island ?

(a) Nicobar (b) Lakshadweep (c) New Moore Island (d) None of these

29. 1954 में भारत सरकार ने बाढ़-नियंत्रण के लिए कितने प्रकार की योजनाएँ बनाई थीं ? 1

(क) 2 (ख) 3 (ग) 4 (घ) एक भी नहीं

How many Flood-control programmes were made by the Indian government in 1954 ?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) No programmes were made

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 4

Answer the following question in 60 words :

भू-स्खलन कम करने के कुछ उपाय बताएँ।

**उत्तर (Answer)**

28. (क) निकोबार

29. (ख) 3

30. भू-स्खलन कम करने के निम्नलिखित उपाय हैं :-

(i) ढालू जमीन पर निर्माण-कार्य न करना।

(ii) ढालू जमीन पर वृक्ष लगाना।

(iii) जल की निकासी का पूरा ध्यान रखना चाहिए।

(iv) खड़ी ढलान के निचले भाग पर मजबूत अवरोध बना देना चाहिए।

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. साम्यवादी शासन की शुरूआत कहाँ हुई ? 1

(क) जापान (ख) रूस (ग) इटली (घ) इंग्लैण्ड

Where was the first communist system started ?

(a) Japan (b) Russia (c) Italy (d) England

2. मुम्बई में सर्वप्रथम सूती कपड़ा मिल की स्थाना कब हुई ? 1

(क) 1860 (ख) 1885 (ग) 1854 (घ) 1890

When was the first cotton mill established in Mumbai ?

(a) 1860 (b) 1885 (c) 1854 (d) 1890

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

3. खेड़ा सत्याग्रह........................वर्ष में शुरू हुआ। 1

Kheda Satyagrah was started in............................

4. होआ-होआ आन्दोलन के संस्थापक............................थे। 1

The founder of Hoa-Hoa movement was..............................

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. साइमन कमीशन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 3

Write a short note on Simon Commission.

6. शहरीकरण ने किन नई समस्याओं को जन्म दिया ? 3

Which type of new problems are created by urbanisation ?

7. भूमंडलीकरण के भारत पर प्रभावों का वर्णन करें। 3

Describe the impact of globalisation on India.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

8. ग्रामीण तथा नगरीय जीवन की भिन्नताओं को स्पष्ट करें। 7

Clarify the differences between rural and urban life.

अथवा (or)

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किन परिस्थितियों में हुई ?

Under which situation, the Indian National Congress was established ?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# इतिहास (HISTORY)

1. (ख) रूस
2. (ग) 1854
3. 1918
4. हुइन्ह फू-सो
5. 1919 के भारत अधिनियम में यह प्रावधान किया गया था कि 10 वर्ष के बाद संवैधानिक सुधार के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। 1927 ई० में सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया। यह आयोग सात सदस्यी था जिसमें एक भी भारतीय नहीं थे। भारतीयों में इस बात का रोष था कि भारत के स्वशासन के संबंध में निर्णय अंग्रेज लेंगे। परिणामस्वरूप 3 फरवरी, 1928 को साइमन कमीशन के बम्बई पहुँचने पर काला झंडा दिखाकर विरोध किया गया।
6. शहरीकरण के कई नई समस्याओं को जन्म दिया। शहरों में श्रमिकों की बढ़ती संख्या से आवास की समस्या को उत्पन्न किया। कारखाना मालिकों द्वारा उपलब्ध करासए गए पर्याप्त रोशनी, हवा और पानी के अभाव वाले आवासों ने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को जन्म दिया। शहरों में आबादी बढ़ने से बेकारी की समस्या बढ़ी। फलस्वरूप अपराध की नई-नई प्रवृत्तियों का जन्म हुआ। साथ ही नैतिकता में ह्रास भी हुआ।
7. भूमंडलीकरण का भारत पर बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ा। भारत में बड़े पैमाने पर विदेशी पूँजी निवेश हुआ। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों का भारत में आगमन हुआ। सेवा क्षेत्र, बीमा, पर्यटन उद्योग, यातायात, सूचना और संचार क्षेत्र का निजीकरण हुआ। फलतः लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ। विविध प्रकार के गुणक्तायुक्त उपभोक्ता सामग्रियों का बाजार में उपलब्ध बढ़ी। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरी आई। लोगों के जीवन स्तर में काफी सुधार आया।
8. ग्रामीण तथा नगरीय जीवन में भिन्नताएँ निम्न हैं :-

**ग्रामीण जीवन** :-

(i) गाँवों की आबादी कम होती है।

(ii) गाँवों की बहुसंख्यक आबादी की आजीविका का स्त्रोत कृषि एवं पशुपालन होता है।

(iii) गाँवों का प्राकृतिक वातावरण स्वच्छ होता है।

(iv) गाँवों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवहन सुविधाओं की उपलब्धता कम होती है।

(v) शहरों में आधुनिकता का प्रभाव ज्यादा होता है।

<u>अथवा (or)</u>

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रारम्भ 19वीं सदी के अंतिम दशक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना से माना जाता है। कांग्रेस की स्थापना के पहले भी कई संगठन क्षेत्रीय स्तर पर कार्य कर रहे थे, जैसे-इंडियन एसोशिएशन, लैंड होल्डर्स सोसायटी, बॉम्बे एसोशिएशन आदि। इनमें कोई भी अखिल भारतीय स्तर का संगठन नहीं था। 1883 ई० में आनन्द मोहन बोस ने कलकत्ता में 'नेशनल कांफ्रेंस' नाम का एक अखिल भारतीय संगठन का सम्मेलन बुलाया। इसका उद्देश्य था सभी राष्ट्रवादी शक्तियों को एकजुट करना। एक अवकाश प्राप्त ब्रिटिश अधिकारी ए०ओ० ह्यूम ने भी असंतुष्ट राष्ट्रवादियों का एक संगठन बनाने का प्रयास किया। इन्हें ब्रिटिश संसदीय समिति का भी समर्थन प्राप्त था। अंततः 28 दिसम्बर, 1885 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की नींव पड़ी। इसकी स्थापना के पश्चात् राष्ट्रीय आन्दोलन को नई गति प्राप्त हुई।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. कोयला किस प्रकार का संसाधन है ? 1

(क) अनवीकरणीय (ख) नवीकरणीय (ग) जैव (घ) अजैव

Coal is which type of resource ?

(a) Non-renewable (b) Renewable (c) Biotic (d) Abiotic

10. मैंग्रोव्स का सबसे अधिक विस्तार है – 1

(क) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के तटीय भाग में (ख) सुंदरवन में

(ग) पश्चिम तटी प्रदेश में (घ) पूर्वोत्तर राज्य में

Mangrove forest cover a large are in -

(a) Coastal region of Andman Nicobar Island (b) Sundarban

(c) Western Coastal region (d) North-eastern states

**11. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

(i) सूती वस्त्र..........................आधारित उद्योग है। 1

Cotton textile is............................based industry.

(ii) उच्चावच प्रदर्शन के लिए हैश्यूर विधि का विकास.............................ने किया था। 1

..........................developed the hachure method for relief demonstration.

12. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words :

भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख करें। 3

Mention any four reasons for the low productivity of agriculture in India.

13. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words.

नदी घाटी परियोजना को बहुउद्देशीय क्यों कहा जाता है ? 3

Why river valley projects are called multipurpose products ?

14. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 60 words.

कृषि पर आधारित उद्योग से आप क्या समझते हैं ? 3

Whot do you mean by agrobased industries ?

15. निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :

Answer the following question in maximum 120 words.

भारत में सूती वस्त्र उद्योग का वर्णन करें। 7

Describe the cotton textile industry in India.

अथवा (or)

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए :

(क) कन्याकुमारी (ख) मुंबई (ग) सिल्चर (घ) पोरबंदर (ङ) उत्तर-दक्षिण गलियारा

Draw the outline map of India on full page and mark the following by shading :

(a) Kanyakumari (b) Mumbai (c) Silchar (d) Porbandar (e) North-South corridors


**केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :**

**Only for Blind Candidates :**

भारत के चीनी उद्योग का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

Explain sugar industry in India.

BiharboardQuestionpaper.com



INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ▲ | कन्याकुमारी |
| 2. | ◉ | मुंबई |
| 3. | ▦ | सिल्चर |
| 4. | ○ | पोरबंदर |
| 5. | ╲ | उत्तर - दक्षिण गलियारा |

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तर (ANSWER)

## भूगोल (GEOGRAPHY)

9. (घ) अजैव
10. (ख) सुंदरवन में
11. (i) कृषि
    (ii) लेहमान

12. भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता के निम्नलिखित कारण है :-
    (i) मानसूनी वर्षा पर निर्भर रहना।
    (ii) परंपरागत तरीके से कृषि करना।
    (iii) कृषि के आधुनिक तकनीक तथा रासायनिक उर्वरक का कम प्रयोग।
    (iv) जनसंख्या अधिक होने के कारण निर्वाह कृषि।

13. नदी घाटी परियोजना एक साथ अनेक उद्देश्यों को पूरा करती है। इसके विकास से अनेक लक्ष्यों को एक साथ पूरा किया जा सकता है।

    नदी घाटी परियोजना का उद्देश्य जल विद्युत उत्पादन, सिंचाई, मछली पालन, पेयजल, औद्योगिक उपयोग, मनोरंजन एवं यातायात का विकास, बाढ़ नियंत्रण, भू-अपरदन को रोकना है। इसी कारण नदी घाटी परियोजना को बहुउद्देशीय परियोजना कहा जाता है।

14. कृषि पर आधारित उद्योग को कच्चा माल कृषि से प्राप्त होता है। कृषि आधारित उद्योग के अंतर्गत सूती वस्त्र, वनस्पत्ति तेल, जूट, ऊनी वस्त्र, रेशमी वस्त्र, चीनी उद्योग आदि आते हैं। इससे रोजगार के अवसर प्राप्त होता है।

15. भारत में सूती वस्त्र उद्योग प्राचीन काल से विकसित है। यह कृषि के बाद रोजगार प्रदान करने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है।

    भारत में आधुनिक पहली सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना 1854 ई० में मुंबई में कवास जी डाबर द्वारा स्थापित की गयी। देश की अधिकांश सूती वस्त्र मिलें महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा तमिलनाडु में केन्द्रीत है।

    मुंबई को सूती कपड़ों की महानगरों कहा जाता है, क्योंकि यहाँ भारत का लगभग एक चौथाई सूती वस्त्र तैयार किया जाता है। विस्तृत बाजार, परिवहन, बैंक तथा विद्युत सुविधाओं ने देश में सूती वस्त्र उद्योग के विकेन्द्रीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संपूर्ण भारत में सूती वस्त्र के बाजार एवं कच्चे माल का वजन ह्रास उद्योग न होने के कारण भी इस उद्योग का राष्ट्रव्यापी विकेन्द्रीकरण हुआ है।

BiharboardQuestionpaper.com

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. भारत में किस प्रकार की दलीय पद्धति कायम है ? 1

(क) एक दलीय व्यवस्था (ख) द्विदलीय व्यवस्था (ग) बहुदलीय व्यवस्था (घ) इनमें से कोई नहीं

Which type of party-system does India have ?

(a) One-party system (b) Two-party system (c) Multi-party system (d) Non of these

17. लोकतंत्र की सफलता की एक आवश्यक शर्त क्या है ? 1

(क) शिक्षा (ख) स्वास्थ्य (ग) रोजगार (घ) लोकतंत्र में आस्था

What is the essential condition for a successful democracy ?

(a) Education (b) Health (c) Employment (d) trust in democracy

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

18. राजनैतिक दल की परिभाषा दें। 2

Define political party.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 50 words.**

19. साम्प्रदायिकता राजनीति को प्रभावित करती है। कैसे ? 3

How does communilism effects politics ?

20. नगर निगम के आय के प्रमुख साधन कौन-कौन हैं ? 3

What are the main sources of income of Municipal Corporation ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 100 words :**

21. लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी एवं वैध सरकार का गठन करता है ? 7

How does democracy establish a responsible and valid government ?

अथवा (or)

बिहार में हुए छात्र आन्दोलन के प्रमुख कारणों का वर्णन करें।

Describe the main causes of Student's movement in Bihar.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

## राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

16. (ग) बहुदलीय व्यवस्था

17. (घ) लोकतंत्र में आस्था

18. राजनैतिक दल सामान्य तौर पर व्यक्तियों का एक ऐसा समूह है जो राजनैतिक क्रियाकलाप के माध्यम से सत्ता प्राप्त करना चाहता है। ये चुनाव में भाग लेते हैं। अपनी-अपनी पार्टियों को नीतियों एवं कार्यक्रम की घोषणा जनता के बीच करते हैं।

19. ऐसी राजनीतिक विचारधारा जो धर्म से संचालित होने लगे तो साम्प्रदायिकता का प्रभाव राजनीति पर स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होने लगता है। कभी-कभी एक सम्प्रदाय विशेष के हितों की खातिर संविधान के उपबंधों के विरुद्ध जाकर निर्णय लिये जाते हैं। राजनीतिक दल चुनावों में अक्सर किसी सम्प्रदाय विशेष के लोगों का मत हासिल करने के लिए साम्प्रदायिक कार्ड खेलने का प्रयास करते हैं।

20. नगर निगम अपनी आय प्राप्ति के लिए कई प्रकार का कर लगाता है। विभिन्न प्रकार के कर जैसे-मकान कर, जल कर, शौचालय कर, पार्किंग कर, मनोरंजन कर, विज्ञापन कर, ठेला-रिक्शा कर, होर्डिंग कर आदि।

    नगर निगम को इन करों से प्राप्त कुल आय इतनी कम होती है कि इनका कार्य इससे नहीं चल पाता। इसलिए राज्य सरकार समय-समय पर आर्थिक अनुदान देकर निगम के आय की पूर्त्ति करती है।

21. लोकतंत्र में निर्वाचन द्वारा जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से विधायिका का गठन होता है। विधायिका में बहुमत से पारित होने के बाद कोई भी विधेयक कानून का शक्ल अख्तियार करता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को यह जानने का अधिकार है कि सदन में पारित कोई भी निर्णय कैसे पारित हुए ? किन-किन सदस्यों ने पक्ष या विपक्ष में अपने विचार रखे अथवा मत दिए। रोजाना लोग प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से इन निर्णयों पर चर्चाओं को सुनते हैं और समझते हैं। कभी-कभी जनआकाक्षांओं के अनुरूप निर्णय के विरुद्ध सदन से सड़क तक विरोध का माहौल उत्पन्न हो जाता है। सत्ता पक्ष को जन आन्दोलन के दबाव में अपने निर्णय बदलने भी पड़ते हैं। इस प्रकार लोकतंत्र एक उत्तरदायी सरकार का गठन करता है।

अथवा (or)

1971 ई० के आम चुनाव के बाद केन्द्र सरकार की सामाजिक-आर्थिक नीतियों ने भारतीय जनता में घोर निराशा का भाव पैदा कर दिया। बांग्लादेशी शरणार्थियों की वजह से स्थिति और भी भयावह हो गयी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। 1972-73 ई० में मानसून की असफलता ने भारतीय कृषि को काफी नुकसान पहुँचाया। परिणामस्वरूप सम्पूर्ण देश में असंतोष का माहौल व्याप्त था। मार्च 1974 ई० में बिहार के छात्रों ने सरकार के विरुद्ध आन्दोलनन छेड़ दिया। जयप्रकाश नारायण के अहिंसक अगुआई में पूरे भारत में यह आन्दोलन फैल गया।

BiharboardQuestionpaper.com

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. निम्नलिखित में कौन से देश में मिश्रित अर्थव्यवस्था है ? 1

(क) अमेरिका (ख) चीन (ग) भारत (घ) इंग्लैंड

Which of the following country has mixed economy ?

(a) America (b) China (c) India (d) England

23. भारत में सहकारिता आन्दोलन कब प्रारम्भ हुआ ? 1

(क) 1904 (ख) 1905 (ग) 1907 (घ) 1909

When did co-operative movement started in India ?

(a) 1904 (b) 1905 (c) 1907 (d) 1909

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 20 words :**

24. वित्तीय संस्थान से क्या समझते हैं ? 2

What do you mean by financial institutions ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 60 words.**

25. वैश्वीकरण, उदारीकरण तथा निजीकरण की नीतियों का परिणाम है, कैसे ? 3

Globalisation is the impact of the policies liberalisation and privalisation, how ?

26. उपभोक्ता के कर्त्तव्य क्या है ? 3

What are the duties of consumer ?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the question in maximum 120 words :**

27. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के क्या कारण है ? वर्णन करें। 7

"What are the causes of economic backwardness of Bihar ? Explain.

अथवा (or)

साख क्या है एवं इनके आधारों का वर्णन करें।

What is credit and what are the required bases for granting it ?

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

22. (ग) भारत

23. (क) 1904

24. वित्तीय संस्थाएँ मौद्रिक क्षेत्र में देश अथवा राज्य की ऐसी संस्थाओं को कहते हैं जो लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु साख एवं मुद्रा संबंधी कार्यों का सम्पादन करती है।

25. उदारीकरण का अर्थ सरकार द्वारा लगाए गए सभी अनावश्यक नियंत्रणों तथा प्रतिबन्धों को हटाना है एवं निजीकरण का अर्थ निजी क्षेत्र द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से स्वामित्व प्राप्त करना है।

उदारीकरण एवं निजीकरण के कारण ही वैश्वीकरण के अन्तर्गत विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं, पूँजी और प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान हो रहा है।

26. उपभोक्ता जब कोई वस्तु खरीदता है तो उसके कुछ निम्नलिखित कर्त्तव्य भी होते हैं -

(i) वह उस वस्तु की रसीद ले।

(ii) वह वस्तु की गुणवत्ता, ब्रांड, मात्रा, शुद्धता, निर्माण एवं उपभोग की अंतिम तिथि, गारंटी/वारंटी पेपर इत्यादि पर ध्यान दे।

इसके साथ ही गुणवत्ता का निशान जैसे आई०एस०आई०, एगमार्क, बुलमार्क एवं हॉलमार्क का निशान भी देखें।

27. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन के निम्नलिखित कारण हैं :-

(i) अत्यधिक जनसंख्या - बिहार की जनसंख्या अधिक होने के कारण बिहार का विकास तेजी से नहीं हो पा रहा है।

(ii) आधारित संरचना का अभाव - किसी भी राज्य के विकास के लिए आधारिक संरचना का मजबूत होना जरूरी है लेकिन बिहार इस मामले में पीछे है।

(iii) कृषि पर निर्भरता - बिहार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। यहाँ की कृषि पिछड़ी हुई है, इस कारण उत्पादन कम होता है।

(iv) बाढ़ तथा सूखा से क्षति - बिहार में खासकर उत्तरी बिहार में बाढ़ तथा दक्षिणी बिहार में सूखा की स्थिति का सामना प्रत्येक वर्ष करना पड़ता है जिसके कारण बिहार की स्थिति ठीक नहीं है।

(v) गरीबी - बिहार गरीबी के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। इसके चलते भी बिहार पिछड़ा हुआ है।

(vi) औद्योगिक पिछड़ापन - बिहार में उद्योग धन्धों की काफी कमी है जिसके कारण यहाँ से काफी संख्या में लोग दूसरे राज्यों में जाकर काम करते हैं।

(vii) खराब विधि व्यवस्था - किसी भी देश या राज्य के लिए शांति तथा सुव्यवस्था जरूरी होता है। बिहार में खराब विधि व्यवस्था भी पिछड़ेपन का एक महत्वपूर्ण कारण है।

इस प्रकार बिहार की आर्थिक व्यवस्था ठीक नहीं है जिसके कारण यह राज्य पिछड़ा हुआ है।

अथवा (or)

साख का मतलब ऋण लौटाने या भुगतान करने की क्षमता में विश्वास से होता है।

साख के मुख्य आधार निम्न हैं -

(i) विश्वास - साख देने वाला या ऋणदाता उधार देने को तभी तैयार होता है जब उसे विश्वास होता है कि ऋणी समय पर रुपया लौटा देगा।

(ii) चरित्र - ऋण देने का आधार चरित्र भी है। यदि ऋणी चरित्रवान तथा ईमानदार है तो उसे ऋण मिलने में कोई परेशानी नहीं होती लेकिन चरित्रहीन व्यक्तियों को कोई भी ऋण देने को तैयार नहीं होता।

(iii) चुकाने की क्षमता - ऋणदाता किसी व्यक्ति को उधार तभी देता है जब उसे उस व्यक्ति के भुगतान करने की क्षमता पर विश्वास होता है।

(iv) पूँजी एवं सम्पत्ति - ऋणदाता पूँजी तथा सम्पत्ति के आधार पर ऋण देता है।

(v) ऋण की अवधि - ऋणदाता दीर्घकालीन ऋण देने में घबड़ाते हैं, क्योंकि उन्हें संदेह रहता है कि दीर्घकाल में ऋणी की क्षमता, चरित्र और आर्थिक स्थिति में परिवर्तन न हो जाए।

इस प्रकार साख के उपरोक्त आधार है।

BiharboardQuestionpaper.com

## आपदा प्रबन्धन (DISASTER MANAGEMENT)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

28. निम्नलिखित में से किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है ? 1

(क) गंगा (ख) गंडक (ग) कोसी (घ) पुनपुन

Which of the following river is called 'Sorrow of Bihar' ?

(a) Ganga (b) Gandak (c) Koshi (d) Punpun

29. महासागर के तली पर होने वाले कंपन को किस नाम से जाना जाता है ? 1

(क) भूकंप (ख) चक्रवात (ग) सुनामी (घ) इनमें से कोई नहीं

What is the name given to the vibration occuring in the ocean bottom.

(a) Earthquake (b) Cyclone (c) Tsunami (d) None of these

30. निम्न प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दें : 4

Answer the following questions in 60 words :

भूकंपीय तरंगों से आप क्या समझते हैं ? प्रमुख भूकंपीय तरंगों के नाम लिखिए ?

What do you mean by Seismic Waves ? Name the important types of Seismic waves ?

**उत्तर (Answer)**

28. (ग) कोसी

29. (ग) सुनामी

30. भूकंप के समय उठनेवाले कंपन को भूकंपीय तरंग कहते हैं। इसे मुख्यत: प्राथमिक (P), द्वितीयक (S), तथा दीर्घ (L) तरंगों में बाँटा जाता है।

P तरंग सबसे पहले पृथ्वी की सतह पर पहुँचता है। S तरंग अनुप्रस्थ तरंग है और इसकी गति कम होती है। L तरंग की गहनता सबसे कम होती है।

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. हिन्दू महासभा की स्थापना किसने की? 1

   (क) महात्मा गाँधी (ख) भगत सिंह (ग) पं० मदन मोहन मालवीय (घ) चन्द्रशेखर

   Who established the Hindu Mahasabha?

   (a) Mahatma Gandhi (b) Bhagat Singh

   (c) Pd.Madan Mohan Malviya (d) Chandra Shekhar

2. भारत में पहला छापाखाना कहाँ प्रारंभ हुआ? 1

   (क) कलकत्ता (ख) आगरा (ग) बंबई (घ) गोवा

   Where was the first printing press started?

   (a) Calcutta (b) Agra (c) Bombay (d) Goa

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

3. टाना भगत आन्दोलन का नेतृत्व ............................... ने किया था। 1

   Tana Bhagat movement was led by .........................

4. दास कैपिटल का लेखक............................था। 1

   The author of Das Capital was..............................

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. अमेरिका ने हिंद-चीन में कैसे प्रवेश किया? वर्णन करें। 3

   How had America entered in Indo-China? Describe.

6. खिलाफत आन्दोलन से आप क्या समझते हैं? गाँधीजी ने इसका समर्थन क्यों किया? 3

   What do you mean by Khilafat movement? Why did Gandhiji supported.

7. न्यूनतम मजदूरी कानून कब पारित हुआ? इसके क्या उद्देश्य थे? 3

   When was the Minimum Wages Act passed ? What were its objectives?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

8. प्रथम विश्व युद्ध ने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को कैसे बढ़ावा दिया? 7

   How did the First World War helped in the growth of the National movement in India?

   अथवा (or)

   भारतीय प्रेस ने राष्ट्रीय आन्दोलन को कैसे प्रभावित किया?

   How did the Indian press affected the National Movement in India?

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

1. (ग) पं० मदन मोहन मालवीय

2. (घ) गोवा

3. जतरा भगत

4. कार्ल मार्क्स

5. अमेरिका हिन्द–चीन में साम्यवाद के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की नीति अपनाई। वियतनाम में हो–ची मिन्ह को रूस लगातार समर्थन दे रहा था। जेनेवा समझौता के परिणामस्वरूप उत्तरी वियतनाम साम्यवादियों को और दक्षिणी वियतनाम फ्रांस–अमेरिका समर्पित सरकार को प्राप्त हुआ। लाओस और कम्बोडिया में साम्यवादी प्रभाव बढ़ता ही जा रहा था। अमेरिका किसी भी कीमत पर हिन्द–चीन में साम्यवाद के प्रसार को रोकना चाहता था।

6. प्रथम विश्वयुद्ध में तुर्की की पराजय के बाद उसके साम्राज्य को विघटित कर दिया गया। साथ ही खलीफा के पद को भी समाप्त कर दिया गया। भारत में तुर्की साम्राज्य की स्थापना एवं खलीफा के पद की पुनर्स्थापना के लिए खिलाफत आन्दोलन प्रारंभ हुआ।

   महात्मा गाँधी भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध एक बड़ा जन–आन्दोलन प्रारंभ करना चाहते थे। इसके लिए उन्हें हिन्दूओं और मुसलमानों दोनों को साथ लाना आवश्यक था। इसलिए उन्होंने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन किया।

7. भारत सरकार ने मजदूरों की दशा में सुधार लाने और उनके अधिकारों में वृद्धि करने के उद्देश्य से 1948 ई० में न्यूनतम मजदूरी कानून पारित किया।

   1948 के कानून द्वारा कुछ उद्योगों में मजदूरी की दरें निश्चित की गयीं। प्रथम पंचवर्षीय योजना में इसे स्थान दिया गया। द्वितीय पंचवर्षीय योजना में स्पष्ट किया गया कि श्रमिकों को दी जानेवाली मजदूरी इतनी हो कि उन्हें अपना गुजारा के अतिरिक्त भी अन्य क्रियाकलापों के लिए बचत हो सके। तृतीय पंचवर्षीय योजना में मजदूरी बोर्ड स्थापित किया गया और बोनस आयोग की नियुक्ति की गई।

8. प्रथम विश्वयुद्ध ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रभावित किया। युद्ध के दौरान ब्रिटिश वस्तुओं का आयात रूक गया था। इससे भारतीय उद्योगपतियों को काफी लाभ हुआ। परंतु युद्ध समाप्ति के पश्चात् परिस्थितियाँ बदल गईं। भारतीय उद्योगपतियों ने विदेशी वस्तुओं पर भारी आयात शुल्क लगाने की माँग सरकार से की। सरकार से इंकार करने के बाद भारतीय उद्योगपतियों, व्यापारियों ने एक राष्ट्रीय आन्दोलन की आवश्यकता महसूस की।

   प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटिश सरकार ने 1919 ई० में रॉलेट एक्ट लागू किया। कानून के विरोधस्वरूप 13 अप्रैल, 1919 ई० को जालियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ। अंग्रेजों के इन दमनकारी नीतियों ने भारतीयों को क्षोभ और आक्रोश से भर दिया।

   प्रथम विश्वयुद्ध में तुर्की साम्राज्य का पतन हो गया। खलीफा को लेकर भारतीय मुसलमानों में बेहद गुस्सा का संचार हुआ। इन सारी परिस्थितियों ने महात्मा गाँधी को असहयोग आन्दोलन प्रारंभ करने को प्रेरित किया।

**अथवा ( Or )**

भारतीय प्रेस ने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को निम्न प्रकार प्रभावित किया :–

(i) राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान भारतीय प्रेस राष्ट्रीय नेताओं एवं समाज सुधारकों द्वारा संचालित होते थे। इनके माध्यम से जन–जागरण फैलाने का कार्य किया जाता था।

(ii) प्रेस के माध्यम से ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध किया जाता था।

(iii) भारतीय प्रेस ने अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण को उजागर किया। धन निष्कासन की नीति का पर्दाफाश किया।

(iv) प्रेस के माध्यम से समाज में व्याप्त अंधविश्वासों एवं पाखण्डों पर कुठाराघात किया गया।

(v) भारतीय प्रेस ने हिन्दुओं एवं मुसलमानों के बीच एकता स्थापित करने में काफी सहायता किया।

BiharboardQuestionpaper.com

(vi) भारतीय प्रेस ने नए-नए विचारों को उपन्यासों, गीतों, कहानियों, समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाया।

(vii) प्रेस के माध्यम से क्रांतिकारी विचारों को गुप्त रूप से प्रचार-प्रसार किया जाता था।

**Group-B** अंक ( Marks ) : 20

## भूगोल (GEOGRAPHY)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. मुंबई हाई क्यों प्रसिद्ध है? 1

(क) कोयले के निर्यात हेतु (ख) तेल शोधक कारखाना हेतु

(ग) खनिज तेल हेतु (घ) परमाणु शक्ति हेतु

Mumbai High is famous for-

(a) Export of Coal (b) Oil Refinary (c) Mineral Oil (d) Atomic Energy

10. बिहार में नहरों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई किस जिले में होती है? 1

(क) रोहतास (ख) सीवान (ग) गया (घ) पश्चिम चंपारण

Which district of Bihar gets the largest irrigation facilities through Canals.

(a) Rohtas (b) Siwan (c) Gaya (d) West Champaran

**(11) सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

(i) संजय गाँधी जैविक उद्यान ...................... नगर में स्थित है। 1

Sanjay Gandhi Botanical Garden is located in ............................ City.

(ii) 'V' आकार की घाटी का निर्माण नदी द्वारा उसके ..................... अवस्था में किया जाता है। 1

V Shaped valley is formed by a river in its ......................... stage.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

12. समोच्च कृषि से आप क्या समझते हैं? 3

What do you understand by contour farming?

13. कोयले के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख करें? 3

Explain different types of Coal.

14. तल चिह्न को परिभाषित करें। 3

Define Bench Mark?

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

15. भारत के सीमेंट उद्योग का वर्णन करें। 7

Describe the Cement industry of India.

अथवा (or)

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए।

(क) नरौरा (ख) मुंबई हाई

(ग) मंगलोर (घ) बरौनी (ङ) नैवेली

or


Draw the outline map of India on full page and mark the following by shading :

(a) Narora (b) Mumbai High

(c) Mangalore (d) Barauni (e) Neyveli

अथवा

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ◎ | नरौरा |
| 2. | ▲ | मुंबई हाई |
| 3. | ■ | मंगलोर |
| 4. | ○ | बरौनी |
| 5. | △ | नैवेली |

BiharboardQuestionpaper.com

**केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए।**

**Only for blind candidates.**

बिहार में धान की फसल के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का उल्लेख कीजिए।

Elaborate the geographical conditions available for paddy cultivation in Bihar.

<u>उत्तर</u>

(9) (ग) खनिज तेल हेतु

(10) (क) रोहतास

(11) (i) पटना

(ii) युवावस्था

(12) समोच्च कृषि- समोच्च कृषि पहाड़ी क्षेत्रों में किया जाता है। पहाड़ी क्षेत्रों में पहाड़ी ढलानों को काटकर कई चौड़ी सीढ़ियाँ बनाई जाती है। ढालवाली भूमि पर समोच्च रेखाएँ बना दी जाती है। समोच्च कृषि मृदा अपरदन को नियंत्रित करती है। ढालवाली भूमि पर जैसे- हल चलाना, बीज बोना, समोच्च पंक्तियों के साथ करते हैं।

(13) कोयले को कार्बन की मात्रा के आधार पर चार भागों में बाँटा गया है–

(i) ऐंथ्रासाइट कोयला- यह सर्वोच्च कोटि का कोयला है। जिसमें कार्बन की मात्रा 90% से अधिक होती है।

(ii) बिटुमिनस कोयला- इसमें कार्बन की मात्रा 70 से 90% तक होती है। भारत का अधिकतर कोयला इसी श्रेणी का है।

(iii) लिग्नाइट कोयला- यह निम्न कोटि का कोयला माना जाता है।

(iv) पीट कोयला- इसमें कार्बन 30% से कम पाया जाता है।

(14) तल चिह्न- वास्तविक सर्वेक्षण के द्वारा भवनों, पुलों, खंभों, पत्थरों जैसे स्थाई वस्तुओं पर समुद्रतल से मापी गई ऊँचाई को प्रदर्शित करने वाले चिह्न को तल चिह्न (Bench Mark) कहा जाता है।

मानचित्र पर ऐसे ऊँचाई को प्रदर्शित करने के लिए ऊँचाई, फीट अथवा मीटर किसी एक इकाई में लिखा जाता है।

(15) भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक देश है। यहाँ पर अनेक प्रकार के सीमेंट का उत्पादन होता है। जैसे-पोर्टलैंड, सफेद सीमेंट इत्यादि। यह उद्योग कच्चे माल के निकट स्थापित किया जाता है।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

सबसे पहला सीमेंट संयंत्र 1904 ई० में चेन्नई में स्थापित किया गया। आज भारत में 159 बड़े तथा 332 से अधिक छोटे सीमेंट संयंत्र हैं।

भारतीय सीमेंट की माँग विदेशों में काफी है, क्योंकि यह उच्च गुणवत्ता वाला होता है। इसकी माँग दक्षिण एवं पूर्वी एशिया में काफी है। इस समय भारत में 20 करोड़ टन सीमेंट प्रतिवर्ष उत्पादन हो रहा है।

**Group-C** **अंक ( Marks ) : 17**

## राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. निम्नलिखित में से कौन संघीय शासन-व्यवस्था का उद्देश्य नहीं है? 1

(क) राष्ट्रीय एकता (ख) अखण्डता

(ग) सत्ता का विकेन्द्रीकरण (घ) साम्प्रदायिकता

In which of the following is not the objective of Federal system?

(a) National integrity (b) Indivisibility

(c) Decentralisation of power (d) Communalisation

17. बिहार में सम्पूर्ण क्रांति का नेतृत्व किसने किया? 1

(क) जयप्रकाश नारायण (ख) मोरारजी देसाई (ग) नीतीश कुमार (घ) लालू प्रसाद

Who Led the "Sampurna Kranti" in Bihar?

(a) JayPrakash Narayan (b) Morarjee Desai (c) Nitish Kumar (d) Lalu Prasad

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

18. पंचायती राज व्यवस्था क्या है? इसके कितने स्तर हैं? 2

What is Panchayati Raj System? How many levels it has?

**निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर 50 शब्दों में दें।**

**Answer the following questions in 50 words.**

19. एकात्मक शासन व्यवस्था एवं संघीय व्यवस्था में अन्तर स्पष्ट करें। 3

Differentiate between unitary and Federal goverment.

20. राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के लिए तीन उपायों को संक्षेप में लिखें। 3

Give three suggestions for making political parties more effective.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

21. सामाजिक विभेद लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। उदाहरण के साथ स्पष्ट करें। 7

Social diversity is harmful for democratic system. Clarify with example.

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा (or)

बिहार की लोकतांत्रिक चुनौतियों का वर्णन करें।

Describe the democratic challenges in Bihar.

## उत्तर ( ANSWER )

## राजनीति विज्ञान ( POLITICAL SCIENCE )

16. (घ) साम्प्रदायिकता

17. (क) जयप्रकाश नारायण

18. ग्रामीण स्तर पर स्थानीय शासन व्यवस्था के स्वरूप को पंचायती राज व्यवस्था कहते हैं। इसके तीन स्तर हैं- ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद।

19. एकात्मक शासन व्यवस्था में शासन का केन्द्र बिन्दु एक ही होता है। इसे अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था भी कहा जाता है। केन्द्रीय शासन व्यवस्था के अंतर्गत ही प्रान्तीय एवं अन्य इकाईयाँ कार्य करती हैं।

संघीय व्यवस्था में केन्द्र एवं राज्यों के मध्य अधिकारों को लेकर स्पष्ट बँटवारा होता है। दोनों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वायत्तता प्राप्त होता है। कोई भी एक दूसरे के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करता।

20. राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के तीन उपाय निम्नलिखित हैं—

(i) दल बदल कानून :- संविधान संशोधन द्वारा लाए गए दल बदल कानून को सख्ती से लागू करना चाहिए। इससे निहित स्वार्थों के लिए दल परिवर्तन करने वालों पर अंकुश लगा सकेगा।

(ii) आन्तरिक लोकतंत्र की स्थापना :- राजनीतिक दलों का अपना एक संविधान होना चाहिए। वे यथासमय अपने सांगठनिक पदों का चुनाव कराएँ और सदस्यों को पदों पर बैठने का अवसर उपलब्ध कराएँ।

(iii) न्यायिक निर्णयों का पालन-राजनीतिक दलों को न्यायालय के निर्णयों का सम्मानपूर्वक पालन करना चाहिए।

21. सामाजिक विभेदों का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़नेवाला प्रभाव प्रायः खतरनाक ही होता है। जब कभी सामाजिक विभेद राजनीति पर हावी हो जाता है तो लोकतांत्रिक व्यवस्था का पतन हो जाता है। किसी-किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्षेत्र, नस्ल, जाति, समुदाय, धर्म, भाषा आदि को लेकर सामाजिक विभेद पैदा किया जाता है।

सामाजिक विभेद का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण श्रीलंका है जहाँ तमिलों की समस्या को लेकर लंबे समय तक गृह युद्ध की स्थिति बनी रही। यूगोस्लाविया में धर्म और जाति के सामाजिक विभेद ने राजनीति को इस कदर प्रभावित किया कि यूगोस्लाविया कई खंडों में बँट गया।

**अथवा ( Or )**

बिहार में कई प्रकार की लोकतांत्रिक चुनौतियाँ विद्यमान हैं। यद्यपि पिछले एक दशक में काफी सुधार आया है, फिर भी अभी कई चुनौतियाँ लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचा रही हैं। बिहार में जातिवाद, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, आर्थिक पिछड़ापन,

BiharboardQuestionpaper.com

शिक्षा का अभाव, अफसरशाही, प्राकृतिक आपदा आदि चुनौतियाँ मौजूद हैं।

इन तमाम चुनौतियों के बावजूद बिहार जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। सरकार संपूर्ण विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की माँग लगातार की जा रही है। निश्चय ही बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए लोकतांत्रिक चुनौतियों पर विजय पाना होगा।

**Group-D** **अंक ( Marks ) : 17**

## अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा जाता है? 1

(क) दिल्ली (ख) मुम्बई (ग) पटना (घ) बंगलोर

Which city is called the financial capital of India ?

(a) Delhi (b) Mumbai (c) Patna (d) Banglore

23. जवाहर रोजगार योजना की शुरूआत कब की गई? 1

(क) 1980 (ख) 1989 (ग) 1988 (घ) 1983

When was the Jawahar Rojgar Yogana started ?

(a) 1980 (b) 1989 (c) 1988 (d) 1983

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

24. आधारभूत संरचना किसे कहते हैं? 2

What is infrastructure ?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 60 words.**

25. बचत क्या है? 3

What is saving?

26. विश्व व्यापार संगठन क्या है? यह कब और क्यों स्थापित किया गया? 3

What is world trade organisation? Why and when was its established?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 120 words.**

27. मुद्रा के कार्यों का वर्णन करें। 7

Describe the functions of money.

Biharboard Questionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा (or)

व्यावसायिक बैंकों के प्रमुख कार्यों का वर्णन करें।

Describe the main functions of commercial banks.

**उत्तर ( ANSWER )**

(23) (ख) मुम्बई

(ख) 1989

24. आधारिक संरचना का मतलब उन सुविधाओं तथा सेवाओं से है जो देश के आर्थिक विकास के लिए सहायक होते हैं। इसके अन्तर्गत बिजली, परिवहन, संचार, बैंकिग, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल इत्यादि आते हैं।

25. आय तथा उपयोग का अंतर बचत कहलाता है। समाज की कुल आय चालू वस्तुओं तथा टिकाऊ वस्तुओं पर खर्च किया जाता है। कुल आय का वह भाग जो टिकाऊ वस्तुओं पर खर्च किया जाता है उसे बचत कहते हैं।

बचत = आय – उपभोग

26. विश्व व्यापार संगठन एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है। इस संगठन की स्थापना 1 जनवरी 1995 में की गई। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है। यह सभी देशों को मुक्त व्यापार की सुविधा देता है।

(27) मुद्रा के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं :–

(i) विनिमय का माध्यम– मुद्रा विनिमय का माध्यम है। मुद्रा क्रय तथा विक्रय दोनों में ही मध्यस्थ का कार्य करती है।

(ii) मूल्य का मापक– मुद्रा मूल्य का मापक है। किस वस्तु का कितना मूल्य होगा, यह मुद्रा द्वारा ही सम्भव है। मुद्रा के इस कार्य के कारण विनिमय करना आसान हो गया है।

(iii) विलंबित भुगतान का मान– आधुनिक युग में बहुत से आर्थिक कार्य उधार पर होता है और उसका भुगतान बाद में किया जाता है। मुद्रा ने उधार देने तथा लेने के कार्य को काफी आसान बना दिया है।

(iv) मूल्य का संचय– मनुष्य वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के लिए भी कुछ बचाकर रखना चाहता है। मुद्रा की यह विशेषता है कि इसे जमा करके रखा जा सकता है।

(v) क्रय-शक्ति का हस्तांतरण– मुद्रा के द्वारा कोई भी व्यक्ति किसी एक स्थान पर अपनी सम्पत्ति बेचकर किसी अन्य स्थान पर नयी सम्पत्ति खरीद सकता है।

(vi) साख का आधार– मुद्रा साख के आधार का कार्य करती है। बिना मुद्रा के साख पत्र जैसे– चेक, ड्राफ्ट, हुण्डी इत्यादि प्रचलन में नहीं रह सकते।

इस प्रकार मुद्रा विभिन्न प्रकार के कार्यों को करती है।

**अथवा**

व्यावसायिक बैंकों के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं–

(i) जमा राशि को स्वीकार करना– व्यावसायिक बैंकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य अपने ग्राहकों से जमा के रूप में मुद्रा प्राप्त करना है क्योंकि इसी के आधार पर ऋण देकर वे अपने लाभ का एक प्रमुख भाग प्राप्त करते हैं।

(ii) ऋण प्रदान करना– व्यावसायिक बैंक का दूसरा प्रमुख कार्य लोगों को ऋण प्रदान करना हैं बैंक प्राय: उत्पादक कार्यों के लिए ऋण देते हैं तथा उचित जमानत की माँग करते हैं।

(iii) समान्य उपयोगिता संबंधी कार्य– व्यावसायिक बैंक सामान्य उपयोगिता संबंधी कार्य भी करती है। जैसे–

(क) यह अपने ग्राहकों को साख-पत्र एवं यात्री चेक भी जारी करता है।

(ख) बैंक अपने ग्राहकों को लॉकर की सुविधा भी प्रदान करता है।

(ग) ATM एवं क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी बैंक के द्वारा प्रदान की जाती है।

(घ) बैंक आर्थिक स्थिति से परिचित होने के कारण व्यापार संबंधी सूचनाएँ एवं आकड़े एकत्रित करके अपने ग्राहकों को वित्तीय

BiharboardQuestionpaper.com

मामलों पर सलाह देते हैं।

(iv) एजेंसी संबंधी कार्य- व्यावसायिक बैंक ग्राहकों की एजेंसी के रूप में सेवा करते हैं। इसके अंतर्गत बैंक चेक, बिल व ड्राफ्ट का संकलन, ब्याज एवं लाभांश का संकलन तथा वितरण, ब्याज, ऋण की किस्त, बीमे की किस्त का भुगतान इत्यादि क्रियाएँ करती हैं।

**Group-E** **अंक ( Marks ) : 6**

## आपदा प्रबंधन (DISASTER MANAGEMENT)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

28. सूखे के लिए जिम्मेवार कारक है : 1

(क) वर्षा की कमी (ख) भूकंप (ग) बाढ़ (घ) ज्वालामुखी क्रिया

A factor responsible for drought.

(a) Low rainfall (b) Earthquake

(c) Flood (d) Volcanic eruption

29. भूकंप संभावित क्षेत्रों में भवनों की आकृति कैसी होनी चाहिए? 1

(क) अंडाकार (ख) त्रिभुजाकार (ग) चौकोर (घ) आयताकार

What should be the structure of the building.

(a) Oval Shape (b) Traingular shape

(c) Square shape (d) Rectangular shape

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

30. बाढ़ के प्रभाव को कम करने के उपाय बताइए? 4

Answer the following question in 60 words.

**उत्तर ( ANSWER )**

(28) (क) वर्षा की कमी

(29) (घ) आयताकार

(30) बाढ़ के प्रभाव को कम करने के उपाय निम्नलिखित हैं :-

(i) वृक्षारोपण कार्य करना।

(ii) नदियों के दोनों किनारों को मजबूत करना।

(iii) नहरों का जाल तैयार करना।

(iv) स्तंभ आधारित मकान का निर्माण करना।

(v) खाद्यान्न बैंक का विकास करना।

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. वियतनाम किस साम्राज्यवादी शक्ति के प्रभुत्व में था? 1

(क) फ्रांस (ख) जर्मनी (ग) रूस (घ) इटली

Which imperalist power was dominated Vietnam?

(a) France (b) Germany (c) Russia (d) Italy

2. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना कब हुई? 1

(क) 1917 (ख) 1925 (ग) 1907 (घ) 1911

When was the Tata Iron and Steel Company Established?

(a) 1917 (b) 1925 (c) 1907 (d) 1911

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

3. विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना................ सम्मेलन के द्वारा हुआ। 1

World Bank and I.M.F. was established by ........................ conference.

4. अमृत बाजार पत्रिका का प्रकाशन ..................... ने किया था। 1

Amrit Bazar Magzine was published by ................................ .

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. विलियम-1 के बगैर जम्रनी का एकीकरण बिस्मार्क के लिए असंभव था। कैसे? 3

It was impossible for Bismark to unify of Germany without William-I. How?

6. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में जनजातीय समूह की भूमिका का वर्णन करें। 3

Describe the role of tribal group in Indian National movement.

7. पांडुलिपि क्या है? इसकी क्या उपयोगिता है? 3

What is manuscript? What is its utilization?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

8. भारत के सूत्री वस्त्र उद्योग में गिरावट के क्या कारण थे? 7

What were the causes of decline in cotton textile industry of India.

अथवा (or)

भारत में मुद्रण के आरंभिक इतिहास पर एक टिप्पणी लिखें।

Write a note on the primary history of Printing.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)
# इतिहास (HISTORY)

1. (क) फ्रांस

2. (ग) 1907

3. ब्रेटन वुड्स

4. मोतीलाल घोष

5. प्रशा जर्मनी का एक प्रमुख राज्य था। प्रशा का राजा विलियम-1 राष्ट्रवादी विचारधारा का था। वह जर्मनी के एकीकरण का प्रबल पक्षधर था। वह जानता था कि ऑस्ट्रिया और फ्रांस के एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा है। 1862 में जर्मनी के एकीकरण के उद्देश्य से बिस्मार्क को अपना चाँसलर नियुक्त किया। बिस्मार्क ने 'रक्त और लौह' नीति का अवलम्बन लेकर जर्मनी के एकीकरण को पूरा किया।

6. भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में जनजातीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। 19वीं शताब्दी की तरह 20वीं शताब्दी में भी कई जनजातीय विद्रोह हुए। 19वीं सदी में छोटानागपुर में हो, कोल, संथाल एवं मुंडा विद्रोह हुए। 1916 में दक्षिण भारत में रंपा विद्रोह हुआ। 1917 में संथालों ने और मणिपुर में कुकियों ने विद्रोह किया। 1920 के दशक में सीताराम राजू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश में विद्रोह हुए। 20वीं सदी के आरंभ में छोटानागपुर में जतरा भगत के नेतृत्व में टाना भगत आन्दोलन चला। इन जनजातीय आन्दोलनों ने राष्ट्रीय चेतना के विकास में अहम योगदान दिया।

7. भारत में छापाखाना के आविष्कार से पहले भोजपत्र एवं ताड़ के पत्रों पर हाथ से लिखने की पुरानी एवं समृद्ध परम्परा थी। इस हस्तलिखित सामग्री को ही पांडुलिपि कहते हैं।

   पांडुलिपि हमारे पूर्वजों के दुर्लभ ज्ञान का अक्षुण्ण भंडार है। भारत में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अरबी तथा फारसी भाषा में असंख्य पांडुलिपियाँ तैयार की गई। इन पांडुलिपियों के अध्ययन से तत्कालीन इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है।

8. 18वीं शताब्दी के अंत तक भारत सूत्री वस्त्र की गुणवत्ता एवं सुंदरता की वजह से पूरे विश्व में विख्यात था। किन्तु 19वीं शताब्दी के आगमन के साथ ही कई कारणों से इसमें गिरावट आने लगी, जो इस प्रकार है–

(i) भारत के सूत्री वस्त्र उद्योग के गिरावट का सबसे मुख्य कारण औद्योगिक क्रांति था। इससे सूती वस्त्र का आयात बंद हो गया।

(ii) ब्रिटिश सरकार ने इंग्लैंड निर्मित सूती वस्त्रों से भारतीय बाजार को पाट दिया। ये भारतीय वस्त्रों के मुकाबले बेहद सस्ते होते थे।

(iii) ईस्ट इंडिया कंपनी बेहद सस्ते दामों पर कपास खरीदकर इंग्लैंड भेज देती थी। इससे भारतीय वस्त्र निर्माताओं को उन्नत कपास मिलना बंद हो गया।

(iv) ब्रिटिश सरकार ने भारतीय सूती कपड़े पर कर में काफी वृद्धि कर दी। वहीं ब्रिटिश निर्मित वस्त्रों पर सीमा एवं परिवहन कर शून्य कर दिए।

(v) कंपनी सरकार ने ब्रिटेन निर्मित सूती कपड़ों को भारत में बाजार उपलब्ध कराने के लिए भारतीय सूती कपड़ा उद्योग को नष्ट करने के लिए कई कदम उठाए।

**अथवा ( Or )**

प्राचीन काल से ही भारत के लोग लिपि और लेखन कला से परिचित थे। प्रस्तर एवं धातु पर अभिलेख उत्कीर्ण करवाए जाते थे। भोज-पत्रों एवं ताड़-पत्रों पर लेखन कार्य किया जाता था। बाद में हस्तनिर्मित कागजों का भी लेखन के लिए इस्तेमाल हुआ।

भारत में छपाई का इतिहास पुर्तगालियों के आगमन के साथ शुरू होता है। 16वीं सदी के मध्य में गोवा में पुर्तगाली धर्म प्रचारकों, जेसुइटो ने सर्वप्रथम छापाखाना लगाया। कोंकणी भाषा में यहाँ कई पुस्तकों की छपाई की गयी। कैथोलिक पादरियों ने तमिल भाषा में पुस्तकों का प्रकाशन किया। 1674 तक कोंकणी एवं कन्नड़ भाषा में 50 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका था। डच धर्म प्रचारकों ने भी धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया। पुरानी पुस्तकों के अनुवाद सहित कई पुस्तकें तमिल भाषा में प्रकाशित की गयीं। इस प्रकार भारत में मुद्रण का प्रारंभ यूरोपीय धर्म प्रचारकों द्वारा किया गया।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. वन संरक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से वनों को वर्गीकृत किया गया है– 1

(क) 4 वर्गों में (ख) 3 वर्गों में

(ग) 5 वर्गों में (घ) इनमें से कोई नहीं

On the basis of forest conservation and Management forest are grouped into-

(a) 4 groups (b) 3 groups (c) 5 groups (d) None of these

10. रेल वर्क शॉप कहाँ स्थित है? 1

(क) जमालपुर (ख) भागलपुर (ग) मुंगेर (घ) पटना

Rail workshop is located at-

(a) Jamalpur (b) Bhagalpur (c) Munger (d) Patna

**( 11 ) सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blanks with appropriate words :**

(i) रोपण कृषि भी एक प्रकार की ........................ कृषि है। 1

Plantation agriculture is also a type of .................... agriculture.

(ii) नागपुर ................ योजना से संबंधित है। 1

Nagpur is related with .................... project.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

12. चिपको आन्दोलन क्या है? 3

What is Chipko Movement?

13. त्रिकोणमितीय स्टेशन से आप क्या समझते हैं? 3

What do you mean by Triangulation Station?

14. भारत के चार प्रमुख परमाणु विद्युत गृह का उल्लेख करें? 3

Describe the four important atomic power plants of India.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

15. भारत में खनिज तेल के वितरण का वर्णन कीजिए? 7

Explain the distribution of Mineral Oil in India.

अथवा (or)

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए :-

(क) परमाणु शक्ति केन्द्र – रावतभाटा

(ख) तेल शोधक कारखाना–मथुरा

(ग) लौह इस्पात कारखाना–बोकारो

(घ) तेल क्षेत्र–डिगबोई

(ङ) कोयला क्षेत्र–झरिया

or

Draw the outline map of India on full page and mark the following by shading :-

(a) Atomic power plant-Rawatbhata
(b) Oil refinary-Mathura
(c) Iron & Steel Industry-Bokaro
(d) Crude Oil Region-Digboi
(e) Coal region-Jharia

अथवा

केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए

धात्विक एवं अधात्विक खनिज में अंतर स्पष्ट करें? 7

Differentiate between Metallic and Non metallic minerals.

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ● | परमाणु शक्ति केन्द्र – रावतभाटा |
| 2. | △ | तेलशोधक कारखाना – मथुरा |
| 3. | ▦ | लौह इस्पात कारखाना – बोकारो |
| 4. | ⊘ | तेल क्षेत्र – डिगबोई |
| 5. | ○ | कोयला क्षेत्र – झरिया |

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तर

(9) (ख 3 वर्गों में

(10) (क) जमालपुर

(11) (i) व्यापारिक

(ii) सड़क

(12) चिपको आन्दोलन–उत्तराखंड के टिहरी–गढ़वाल पर्वतीय जिले में सुन्दर लाल बहुगुणा के नेतृत्व में अनपढ़ जनजातियों द्वारा 1972 में यह आंदोलन प्रारंभ हुआ था। इस आंदोलन में स्थानीय लोग ठेकेदारों की कुलहाड़ी से हरे–भरे पौधों को काटते देख उसे बचाने के लिए अपने आगोश में पौधा को घेर कर इसकी रक्षा करते थे।

(13) समोच्च रेखा– समोच्च रेखाओं की सहायता से उच्चावच प्रदर्शन की विधि को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह एक मानक विधि है। वस्तुत: समोच्च रेखाएँ भूतल पर समुद्रतल जल से एक समान ऊँचाईवाले बिन्दुओं/स्थानों को मिलाकर मानचित्र पर खींची जानेवाली काल्पनिक रेखाएँ हैं। इन रेखाओं को क्षेत्र में सम्पन्न किए गए वास्तविक सर्वेक्षण के आधार पर खींचा जाता है।

(14) भारत के चार प्रमुख परमाणु विद्युत गृह निम्नलिखित हैं–

(i) तारापुर परमाणु विद्युत गृह– यह मुंबई के निकट तारापुर में स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योग एवं कृषि को बिजली प्रदान करना था।

(ii) नरौरा परमाणु विद्युत गृह– यह उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के पास स्थित है।

(iii) काकरापारा परमाणु विद्युत गृह– यह गुजरात राज्य में प्रारंभ किया गया है।

(iv) कैगा परमाणु विद्युत गृह– यह कर्नाटक राज्य के जगवार जिला में स्थित है।

(15) पेट्रोलियम शक्ति के समस्त साधनों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं व्यापक रूप में उपयोगी संसाधन हैं। भारत में मुख्यत: पाँच तेल उत्पादक क्षेत्र हैं :-

(i) उत्तर–पूर्वी प्रदेश– यह देश का सबसे पुराना तेल उत्पादक क्षेत्र है। जहाँ 1866 ई० में तेल के लिए खुदाई शुरू की गई थी। इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण उत्पादक डिगबोई, नहरकटिया, मोरान, रूद्रसागर आदि हैं।

(ii) गुजरात क्षेत्र– यह क्षेत्र खंभात के वेसिन तथा गुजरात के मैदान में विस्तृत है। इसके मुख्य उत्पाद अंकलेश्वर है।

(iii) मुंबई हाई क्षेत्र– यह क्षेत्र मुंबई तट से 176 किलोमीटर दूर उत्तर–पश्चिम दिशा में अरब सागर में स्थित है।

(iv) पूर्वी तट प्रदेश– यह कृष्णा–गोदावरी और कावेरी नदियों के वेसिन तथा मुहाने के समुद्री क्षेत्र में फैला हुआ है।

(v) बाड़मेर वेसिन– इस वेसिन के मंगला क्षेत्र से सिंतबर 2009 से उत्पादन शुरू हो गया है।

Biharboard Question paper.com

Group-C अंक ( Marks ) : 17

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. निम्न में से कौन एक क्षेत्रीय दल है? 1

(क) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ख) राष्ट्रीय जनता दल

(ग) भारतीय जनता पार्टी (घ) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is a regional party?

(a) Indian National Congress (b) Rashtriya Janta Dal

(c) Bhartiya Janta Party (d) None of these

17. भारत में हुए 1977 ई० में आम चुनाव में किस पार्टी को बहुमत मिला था? 1

(क) जनता पार्टी (ख) कांग्रेस पार्टी (ग) कम्यूनिस्ट पार्टी (घ) शिव सेना

Which party got the maximum vote in 1977 election of India.

(a) Janta Party (b) Congress Party (c) Communist Party (d) Shiv Sena

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

18. क्षेत्रवाद से आप क्या समझते हैं? 2

What do you mean by regionalism ?

**निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर 50 शब्दों में दें।**

**Answer the following questions in 50 words.**

19. अशिक्षा लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। कैसे? 3

How illiteracy is curse for democracy ?

20. ग्राम रक्षा दल क्या है? 3

What is Gram Raksha Dal?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

21. राजनीतिक दल को 'लोकतंत्र का प्राण' क्यों कहा जाता है? 7

Why political party is called 'Life of Democracy' ?

अथवा (or)

धर्म एवं राजनीति के संबंधों को स्पष्ट करें।

Clarify the relationship between religion and politics.

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तर ( ANSWER )

## राजनीति विज्ञान ( POLITICAL SCIENCE )

16. (ख) राष्ट्रीय जनता दल

17. (क) जनता पार्टी

18. क्षेत्रवाद का अर्थ किसी क्षेत्र विशेष में भाषा, संस्कृति, प्रजाति के आधार पर जनता द्वारा अलग पहचान को मान्यता देना है। कभी-कभी क्षेत्रवाद देश के लिए खतरा बन जाता है।

19. अशिक्षा लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। अशिक्षा के कारण लोगों में राजनीतिक चेतना का अभाव होगा। लोग अपने अधिकारों के प्रति सचेत नहीं होंगे। साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही रूप में नहीं कर सकेंगे। अशिक्षित लोग राजनीतिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी नहीं दे पाते हैं। अशिक्षा लोकतंत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में बाधा है।

20. ग्राम रक्षा दल पंचायत का प्रमुख अंग है। इसे गाँव का पुलिस व्यवस्था भी कहा जाता है। संबंधित गाँव के 18 वर्ष से 30 वर्ष के आयु वर्ग के स्वस्थ युवकों को ग्राम रक्षा दल में भर्ती किया जाता है। इसका प्रधान दलपति होता है। इसकी नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है। इसका मुख्यकार्य रात में पहरा देना तथा प्राकृतिक आपदा के समय सहायता करना है।

21. लोकतंत्र में कोई भी सरकार जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों से शासित होती है। ये जन प्रतिनिधि किसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य होते हैं। प्रत्येक राजनीतिक पार्टी का अपना इतिहास होता है। इनकी अपनी निश्चित राजनीतिक विचारधारा और नीतियाँ होती है। इसी आधार पर जनता इनका समर्थन करती है।

चुनाव के समय राजनीतिक दल अपना प्रत्याशी खड़ा करते है। चयनित उम्मीदवार बहुमत हासिल कर सरकार बनाते हैं। जो दल बहुमत प्राप्त नहीं कर पाते वे विपक्ष की भूमिका निभाते हैं। वे सदन के अन्दर और बाहर जनता की समस्याओं को उठाते हैं।

**अथवा ( Or )**

गाँधी जी का कहना था कि धर्म को राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। गाँधी जी के अनुसार धर्म का आशय नैतिकता से था। निश्चित तौर पर राजनीति का नैतिक मूल्यों से निर्देशित होना चाहिए। नैतिकता विहीन राजनीति लोक विरोधी एवं निरंकुश हो जाती है। देश के कल्याण के लिए यह आवश्यक है कि धर्मों के अच्छे विचारों, आदर्शों एवं मूल्यों को राजनीति में स्थान दिया जाए। राजनीति में यह भी देखा जाना आवश्यक है कि किसी धर्म विशेष के साथ भेदभाव या तुष्टीकरण तो नहीं किया जा रहा है।

BiharboardQuestionpaper.com

Group-D अंक ( Marks ) : 17

# अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. निम्नलिखित में से साख पत्र के अन्तर्गत कौन आता है? 1

(क) चेक (ख) बैंक ड्राफ्ट (ग) यात्री चेक (घ) इनमें से सभी

Which of the following comes under credit?

(a) Cheque (b) Bank Draft (c) Travellers Cheque (d) None of these

23. उत्पादन एवं आय गणना विधि आर्थिक दृष्टिकोण से है :- 1

(क) सहज (ख) वैज्ञानिक (ग) व्यवहारिक (घ) इनमें से सभी

Production and income measurement method from economic point of view is:-

(a) Easy (b) Scientific (c) Practical (d) All of these

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

24. बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते हैं? 2

Which is called Multi National Company?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 60 words.**

25. कृषि-जनित उद्योग किसे कहते हैं? 3

What is Agrobased industries?

26. राज्य की वित्तीय संस्थाओं को कितने भागों में बाँटा गया है? वर्णन करें। 3

State Financial Institutions are divided into how many parts? Explain.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 120 words.**

27. बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिए? 7

What steps should be taken to solve the problem of economic backwardness in Bihar?

<u>अथवा (or)</u>

स्वयं सहायता समूह क्या है? इसमें महिलाएँ अपनी भूमिका किस प्रकार निभाती हैं?

What is Self Help Group? How do women play their role in these groups?

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

**उत्तर ( ANSWER )**

(23) (घ) इनमें से सभी

(घ) इनमें से सभी

24. बहुराष्ट्रीय कम्पनी वह है जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण व स्वामित्व रखती है। जैसे-फोर्ड मोटर्स, सैमसंग, कोका कोला, नोकिया, इंफोसिस, टाटा मोटर्स इत्यादि।

25. ऐसा उद्योग जो कृषि उत्पादन पर आश्रित है या जिनके उत्पादन में कृषि क्षेत्र से कच्चा माल आता है, उसे कृषि जनित उद्योग कहते हैं। जैसे-आम से अचार बनाना, टमाटर से टमाटर की चटनी बनाना आदि।

26. राज्य की वित्तीय संस्थाओं को दो भागों में बाँटा गया है :-

(i) गैर संस्थागत वित्तीय संस्थाएँ- इसके अन्तर्गत महाजन, सेठ, साहूकार, व्यापारी, रिश्तेदार एवं अन्य आते हैं। आज भी गाँवों में ऋण प्रदान करने वाला सबसे लोकप्रिय साधन महाजन है क्योंकि इनसे कर्ज लेना सरल एवं सहज है।

(ii) संस्थागत वित्तीय संस्थाएँ- इसके अन्तर्गत सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समिति, भूमि विकास बैंक, व्यावसायिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाबार्ड एवं अन्य आते हैं।

(27) बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए निम्न उपाय किए जा सकते हैं-

(i) जनसंख्या पर नियंत्रण- राज्य में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित किया जाए।

(ii) कृषि का तेजी से विकास- बिहार में कृषि ही जीवन का आधार है इसलिए कृषि में नये यंत्रों, उत्तम खाद, उत्तम बीज का प्रयोग किया जाए ताकि उपज में वृद्धि लाई जा सके।

(iii) बाढ़ पर नियंत्रण- बिहार के विकास में बाढ़ एक बहुत बड़ा बाधक है जिसके कारण प्रत्येक साल फसल का एक बड़ा भाग बर्बाद हो जाता है। सरकार को चाहिए कि इसे नियंत्रित करे।

(iv) आधारिक संरचना का विकास- बिहार में आधारिक संरचना की कमी है। इसके विकास से ही बिहार का पिछड़ापन दूर हो सकता है।

(v) उद्योगों का विकास- बिहार से झारखण्ड राज्य के बन जाने से उद्योगों की संख्या काफी कम हो गई है। जो उद्योग है वह या तो बन्द पड़ा है या रूग्णावस्था में है। सरकार को चाहिए कि जो उद्योग-धन्धे बन्द पड़े हैं या रूग्णावस्था में हैं उसे चालू करें।

(vi) गरीबी दूर करना- बिहार में गरीबी रेखा के नीचे लगभग 42 प्रतिशत लोग गुजर-बसर कर रहे हैं। इन्हें रोजगार प्रदान किया जाए जिससे गरीबी दूर हो सके।

(vii) शांति व्यवस्था की स्थापना- बिहार में शांति का माहौल कायम करना ताकि लोग दूसरे राज्यों में न जाए।

(viii) स्वच्छ तथा ईमानदार प्रशासन- बिहार के आर्थिक विकास के लिए स्वच्छ, कुशल तथा ईमानदार प्रशासन जरूरी है।

इस प्रकार बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

**अथवा**

स्वयं सहायता समूह वास्तव में ग्रामीण क्षेत्र में 15-20 व्यक्तियों (खासकर महिलाओं) का एक अनौपचारिक समूह होता है। जो अपनी बचत तथा बैंकों से लघु ऋण लेकर अपने सदस्यों के पारिवारिक जरूरतों को पूरा करते हैं।

स्वयं सहायता समूह में 15-20 सदस्य होते हैं जो नियमित रूप से मिलते हैं और बचत करते हैं। एक या दो वर्षों के बाद अगर समूह नियमित रूप से बचत करते हैं तो समूह बैंक से ऋण प्राप्त करने के योग्य हो जाता है। ऋण समूह के नाम पर दिया जाता है और इसका मकसद सदस्यों के लिए स्वरोजगार के अवसरों का सृजन करना है। इससे न केवल महिलाएँ आर्थिक रूप से स्वावलम्बी हो जाती है बल्कि समूह की नियमित बैठकों के जरिए लोगों को सामाजिक विषयों पर चर्चा करने का अवसर भी मिलता है। महिलाएँ दिए गए ऋण के द्वारा छोटे-छोटे कर्ज अपनी गिरवी जमीन छुड़वाने के लिए, कार्यशील पूँजी (बीज, खाद आदि के लिए), घर बनाने, सिलाई मशीन, हथकरघा, पशु इत्यादि सम्पत्ति खरीदने के लिए प्रयोग करती है।

इस प्रकार स्वयं सहायता समूह के द्वारा महिलाएँ अपनी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करती हैं तथा उनकी स्थिति पहले से बेहतर हो जाती है।

BiharboardQuestionpaper.com

Group-E | अंक ( Marks ) : 6

## आपदा प्रबंधन (DISASTER MANAGEMENT)

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :**

**Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :**

28. सुनामी किस स्थान पर आता है? 1

(क) स्थल (ख) समुद्र (ग) आसमान (घ) इनमें से कोई नहीं

Tsunami occurs at which place?

(a) Land (b) Ocean

(c) Sky (d) None of these

29. इनमें से कौन मानवीय आपदा है? 1

(क) सुनामी (ख) बाढ़ (ग) आतंकवाद (घ) भूकंप

Which of the following is Manmade disaster?

(a) Tsunami (b) Flood

(c) Terrorism (d) Earthquake

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 60 words :**

30. भूकंप से बचाव के उपाय बतायें? 4

What are the remedies applicable for earthquake.

**उत्तर ( ANSWER )**

(28) (ख) समुद्र

(29) (ग) आतंकवाद

(30) भूकंप से बचाव के निम्नलिखित उपाय हैं :-

(i) भूकंप का पुर्वानुमान

(ii) भवन-निर्माण

(iii) जान-माल की सुरक्षा

(iv) प्रशासनिक कार्य

(v) गैर सरकारी संगठनों का सहयोग।

BiharboardQuestionpaper.com

# इतिहास (HISTORY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

1. फ्रांस में किस शासक वंश की पुनर्स्थापना वियना कांग्रेस द्वारा की गयी? 1

(क) हैब्सबर्ग (ख) आर्लिया वंश (ग) बूर्बो वंश (घ) इनमें से कोई नहीं

Which dynasty was established by Vienna Congress in Feance?

(a) Habsburg (b) Aurlia dynasty

(c) Bourbon dynasty (d) None of these

2. 'वार एंड पीस' किसकी रचना है? 1

(क) कार्ल मार्क्स (ख) टॉल्सटाय (ग) लेनिन (घ) स्टालिन

Who wrote the 'War and Peace'?

(a) Carl Marx (b) Taulstoy (c) Lenin (d) Stalin

**सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

3. भारत में पहला जूट मिल ......................... में स्थापित हुआ। 1

First Jute Mill in India was established in ......................... .

4. बल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि ..................... आन्दोलन के दौरान दी गई। 1

'Sardar' title was given to Vallabha Bhai Patel during ................ movement.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

5. हिन्द-चीन में फ्रांसीसी प्रसार का वर्णन करें। 3

Describe the French expansion in Indo-China.

6. निरूद्योगीकरण से आप क्या समझते हैं? इसने भारत को कैसे प्रभावित किया? 3

What do you mean by de-industrilization? How was India affected by it?

7. भारतीय प्रेस की विशेषताओं का वर्णन करें। 3

Describe the characteristics of Indian Press.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

8. लेनिन की नई आर्थिक नीति का वर्णन करें। 7

Describe the 'New Economic Policy' of Lenin.

अथवा (or)

जालियाँवाला बाग हत्याकांड पर टिप्पणी लिखें।

Write a note on Jalianwala Bag Masacre.

BiharboardQuestionpaper.com

# उत्तर (ANSWER)

1. (ग) बूर्बो वंश

2. (ख) टॉलस्टाय

3. कलकत्ता

4. बारदोली

5. हिन्द-चीन में फ्रांसीसियों के आगमन का मुख्य उद्देश्य डच एवं ब्रिटिश कंपनियों के व्यापारिक प्रतिस्पर्द्धा को कम करना था। भारत और चीन में उनकी कमजोर स्थिति ने फ्रांसीसियों को हिन्द-चीन एक प्रमुख क्षेत्र लगा। 1863 ई० में कम्बोडिया को संरक्षित राज्य बना लिया। 1884 ई० में अन्नाम को भी अपना संरक्षित क्षेत्र बनाया। 1893 में फ्रांस ने लाओस पर अधिकार कर लिया। इस प्रकार 20वीं सदी के प्रारम्भ तक सम्पूर्ण हिन्द चीन फ्रांस के प्रभुत्व में आ गया।

6. नए-नए मशीनों के आविष्कार ने औद्योगीकरण को जन्म दिया। कारखानों में बने बड़े पैमाने पर सस्ते मालों ने कुटीर उद्योग को नष्ट कर दिया। कुटीर उद्योगों का पतन ही निरूद्योगीकरण है।

   इंग्लैंड ने अपने कारखानों में बनी वस्तुओं का निर्यात एवं भारत से कच्चे माल के आयात की नीति अपनायी। मुक्त व्यापार की नीति, भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर सीमा और परिवहन शुल्क लगाने, भारत में पूँजी निवेश, ब्रिटिश वस्तुओं के आयात ने भारतीय उद्योगों को नष्ट कर दिया।

7. भारतीय प्रेस की निम्न विशेषताएँ हैं :-

(i) 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में समाचार-पत्रों का प्रसार क्षेत्र कम था। फिर भी इसने भारतीयों में स्वतंत्रता का अलख जगाने, ब्रिटिश सरकार की शोषणकारी नीतियों के विरूद्ध जागृति पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

(ii) भारतीय प्रेस के माध्यम से विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक सुधार आन्दोलनों को बल मिला।

(iii) इसने भारत में शिक्षा को बढ़ावा दिया। आर्थिक विकास एवं श्रमिक आन्दोलन को प्रोत्साहित किया।

8. लेनिन ने 1921 ई० में एक नई नीति की घोषणा की। इस नई आर्थिक नीति की प्रमुख बातें निम्नलिखित थीं :-

(i) किसानों पर अनाज के बदले एक निश्चित कर लगाया गया। शेष अनाज किसान अपनी मर्जी के अनुसार उपयोग कर सकता था।

(ii) सैद्धांतिक रूप से जमीन राज्य की होते हुए भी व्यावहारिक तौर पर जमीन पर मालिकाना हक किसानों को दिया गया।

(iii) 20 कर्मचारियों से कम वाले उद्योगों को व्यक्तिगत रूप से चलाने का अधिकार दिया गया।

(iv) उद्योगों का विकेन्द्रीकरण कर दिया गया। उन्हें निर्णय एवं कार्यान्वयन संबंधी अधिकार प्रदान किए गए।

(v) औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए सीमित विदेशी पूँजी आमंत्रित की गई।

(vi) जीवन एवं सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु राजकीय बीमा एजेंसी प्रारंभ की गई।

(vii) बैंकिग सेवा का वृहत् पैमाने पर विस्तार किया गया।

(viii) ट्रेड यूनियनों की अनिवार्य सदस्यता समाप्त कर दी गई।

   लेनिन की नई आर्थिक नीति से रूस की अर्थव्यवस्था में तेजी आयी।

**अथवा ( Or )**

ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 1919 में रॉलेट कानून पारित किया। इस कानून के अनुसार किसी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए दण्डित किया जा सकता है। इस काला कानून का जबर्दस्त विरोध हुआ। अमृतसर में डॉ० सतपाल एवं डॉ० सैफुद्दीन किचलू ने एक बहुत बड़े प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पंजाब में सैनिक शासन लागू कर दिया गया। विरोधस्वरूप 13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी मेले के अवसर पर अमृतसर के जालियाँवाला बाग में एक विराट सभा का आयोजन किया गया। जनरल डायर ने निहत्थी भीड़ पर गोलियाँ बरसाई। इस घटना में हजारों व्यक्ति मारे गए। यह घटना जालियाँवाला बाग हत्याकांड के नाम से जानते हैं।

BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल (GEOGRAPHY)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

9. देश के बाँधों को किसने 'भारत का मंदिर' कहा था? 1

(क) महात्मा गाँधी (ख) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(ग) पंडित नेहरू (घ) स्वामी विवेकानन्द

Who called dams of the country as 'Temple of India'.

(a) Mahatma Gandhi (b) Dr. Rajendra Prasad

(c) Pandit Nehru (d) Swami Vivekanand

10. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है : 1

(क) वनोन्मूलन (ख) गहन खेती (ग) अति पशुचारण (घ) अधिक सिंचाई

What is the most appropriate region for land degradation in Punjab.

(a) Deforestation (b) Intensive agriculture (c) Over grazing (d) Over irrigation

**( 11 ) सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :**

**Fill in the blank with appropriate word :**

(i) उत्तर पूर्व भारत में स्थानांतरित कृषि को .................. कृषि कहते हैं। 1

................ is the name given to shifting cultivation in Northeast India.

(ii) लौह इस्पात उद्योग एक .............. उद्योग है। 1

Iron and steel industry is a ..................... industry.

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in maximum 60 words :**

12. बहुउद्देशीय परियोजना से आप क्या समझते हैं? 3
What do you understand by multipurpose project?

13. लौह खनिज और अलौह खनिज में अंतर स्पष्ट करें? 3
Differentiate between ferrous and non ferrous minerals.

14. स्थानिक ऊँचाई से आप क्या समझते हैं? 3
What do you mean by 'Spot Height'?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 120 words.**

15. भारत के प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं का वर्णन करें। 7

Describe the important Hydroelectricity project in India.

अथवा (or)

पूरे पृष्ठ पर भारत का एक रेखा मानचित्र बनाइए तथा निम्नलिखित को छायांकित कर नाम अंकित कीजिए :

(क) कोयला क्षेत्र-रानीगंज (ख) चेन्नई

(ग) नई दिल्ली (घ) थार मरूस्थल (ङ) चाय क्षेत्र-असम

or


Draw the outline map of India on full page and mark the following by shanding :

(a) Coal region-Raniganj (b) Chennai

(c) New Delhi (d) Thar Desert (e) Tea region-Assam

केवल नेत्रहीन छात्रों के लिए :
Only for Blind Candidates:
बिहार के नदी घाटी परियोजनाओं का वर्णन करें? 7
Describe the river valley projects in Bihar.

BiharboardQuestionpaper.com




INDEX

| | | |
|---|---|---|
| 1. | | कोयला क्षेत्र - रानीगंज |
| 2. | | चेन्नई |
| 3. | | नई दिल्ली |
| 4. | | थार मरुस्थल |
| 5. | | चाय क्षेत्र - असम |

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तर

(9) (ग) पंडित नेहरू

(10) (घ) अधिक सिंचाई

(11) (i) झूम

(ii) आधारभूत

(12) बहुउद्देशीय परियोजना- जल के विविध उपयोग की दृष्टि से बनाई गई परियोजना को बहुउद्देशीय परियोजना कहते हैं। इसे नदी घाटी परियोजना भी कहा जाता है।

बहुउद्देशीय परियोजना का मुख्य उद्देश्य सिंचाई, विद्युत उत्पादन, पेयजल आपूर्ति, पर्यटन, मत्स्यपालन को बढ़ावा देना। बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नदियों पर बनाये गये बाँधों को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 'आधुनिक भारत का मंदिर' कहा है।

| (13) **लौह खनिज** | **अलौह खनिज** |
|---|---|
| (i) जिन खनिजों में लोहे का अंश पाया जाता है तथा उनका उपयोग लोहा एवं इस्पात बनाने में किया जाता है, वे लौह खनिज कहलाते हैं। जैसे-लौह-अयस्क, मैंगनीज, इत्यादि | (i) जिन खनिजों में लोहे का अंश न्यून या बिल्कुल नहीं होता है वे अलौह खनिज कहलाते हैं। जैसे-सोना, सीसा, अभ्रक इत्यादि। |
| (ii) ये स्लेटी, धूसर, मटमैला आदि रंग के होते हैं। | (ii) ये अनेक रंग के हो सकते हैं। |
| (iii) ये रवेदार चट्टानों में पाये जाते हैं। | (iii) ये सभी प्रकार के चट्टानों में मिल सकते हैं। |

(14) स्थानिक ऊँचाई- तल चिह्न की सहायता से किसी स्थान विशेष की मापी गई ऊँचाई को स्थानिक ऊँचाई (Spot Height) कहा जाता है। इस विधि में बिन्दुओं के द्वारा मानचित्र में विभिन्न स्थानों की ऊँचाई संख्या में लिख दिया जाता है।

(15) परम्पराओं से जल का प्रयोग शक्ति संसाधन के रूप में किया जाता रहा है। जलविद्युत उत्पादन के लिए सदावाहिनी नदी में प्रचुर जल की राशि नदी मार्ग में ढाल, जल का तीव्र वेग, प्राकृतिक जल-प्रपात का होना, अनुकूल भौतिक दशाएँ हैं जो पर्वतीय एवं हिमानीकृत क्षेत्रों में पाया जाता है।

भारत के प्रमुख जलविद्युत परियोजनायें निम्नलिखित हैं :-

(i) भाखड़ा- नंगल परियोजना- यह सतलज नदी पर भारत की सबसे बड़ी परियोजना है।

(ii) दामोदर घाटी परियोजना- यह परियोजना दामोदर नदी के भयंकर बाढ़ से झारखंड एवं पश्चिम बंगाल को बचाने के लिए किया गया था।

(iii) कोसी परियोजना- उत्तर बिहार का अभिशाप कोसी नदी पर हनुमान नगर (नेपाल) में बाँध बनाकर 2000 किलोवाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है।

(iv) रिहन्द परियोजना- सोन की सहायक नदी रिहन्द पर उत्तर प्रदेश में बिजली उत्पादित की जाती है।

(v) हीराकुंड परियोजना- महानदी पर उड़ीसा में विश्व का सबसे लंबा बाँध बनाकर बिजली उत्पादन किया जाता है।

(vi) चंबल घाटी परियोजना- यह चंबल नदी पर स्थापित की गई है।

BiharboardQuestionpaper.com

# राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

## निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

## Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

16. लोकतंत्र के मार्ग में मुख्य बाधा क्या है? 1

(क) लोकतंत्र में आस्था (ख) अशिक्षा

(ग) सामाजिक समानता (घ) राजनीतिक जागृति

What is main obstruction in the way of democracy?

(a) Trust in democracy (b) Illiteracy

(c) Social equality (d) Political awareness

17. राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम किस वर्ष बना? 1

(क) 1990 (ख) 1985 (ग) 1965 (घ) 1995

When did National Women Commission Act formed?

(a) 1990 (b) 1985 (c) 1965 (d) 1995

**निम्न प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

18. परिवारवाद क्या है? 2

What is nepotism?

**निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर 50 शब्दों में दें।**

**Answer the following questions in 50 words.**

19. दल-बदल कानून से आप क्या समझते हैं? 3

What do you understand by anti-defection law ?

20. जातिवाद के कुप्रभावों का वर्णन करें। 3

Describe the bad effect of Castism.

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 100 words.**

21. लोकतंत्र किस प्रकार आर्थिक संवृद्धि एवं विकास में सहायक बनता है? 7

How is the democracy helpful in economic growth and development?

अथवा (or)

भारत की विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की क्या स्थिति है?

What is the status of women representation in Indian legislature?

BiharboardQuestionpaper.com

## उत्तर ( ANSWER )

## राजनीति विज्ञान ( POLITICAL SCIENCE )

16. (ख) अशिक्षा

17. (क) 1990

18. राजनीतिक दलों एवं उसके नेताओं द्वारा अपने ही परिवार एवं सगे संबंधियों को चुनाव में उम्मीदवार के रूप में टिकट देना परिवारवाद कहलाता है।

19. जब कोई व्यक्ति या जनप्रतिनिधि किसी दल विशेष के चुनाव चिह्न पर चुनाव जीतता है और बाद में किसी दूसरे दल की सदस्यता ग्रहण करता है तो इसे दल-बदल कहा जाता है।

1985 ई० में राजीव गाँधी के शासन काल में दल-बदल विरोधी अधिनियम संसद में पारित हुआ। नए संशोधित अधिनियम के अनुसार दो-तिहाई सदस्यों से कम दल-बदल करनेवालों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

20. जातिवाद भारतीय समाज की एक सच्चाई है। इसने भारतीय समाज पर निम्नलिखित कुप्रभाव डाले हैं :-

(i) समाज में रूढ़िवादिता एवं कट्टरवादी सोच का विकास।

(ii) विभिन्न जातियों के बीच परस्पर अविश्वास एवं घृणा का विकास।

(iii) देश में अनेक जातिगत समूहों के विरोध एवं अनुचित माँगों से एकता एवं अखण्डता को खतरा।

(iv) लोगों को संकुचित व्यक्तित्व के कारण देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में बाधा।

21. लोकतांत्रित व्यवस्था की उपलब्धियों का मूल्यांकन आर्थिक समृद्धि एवं विकास के आधार पर होता है। सरकारें विकास संबंधी कार्यक्रम का रूपरेखा बनाती हैं और इसकी जानकारी लोगों तक पहुँचाया जाता है ताकि अधिकाधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। लोकतंत्र में आर्थिक विकास कई कारकों द्वारा निर्धारित होते हैं जैसे- जनसंख्या, आर्थिक प्राथमिकताएँ, शिक्षा, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति आदि। आर्थिक समृद्धि में समाज के सभी घटकों धर्म, वर्ग, जाति एवं लिंग का उचित प्रतिनिधित्व आवश्यक है।

**अथवा ( Or )**

मनुष्य जाति की आधी जनसंख्या महिलाओं की है। परन्तु राजनीतिक क्षेत्र में इनकी संख्या बेहद कम है। सार्वजनिक जीवन में हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए महिलाओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। सत्ता में भागीदारी की माँग के लिए महिलाओं ने आंदोलन की शुरूआत की है। यद्यपि पंचायत स्तरीय चुनाव में कई राज्यों में 50% सीटें महिलाओं को दी गई हैं किन्तु संसद में अभी भी यह बिल अटका हुआ है। वर्तमान लोकसभा में महिला प्रतिनिधियों की संख्या 59 है। यह कुल सांसदों की संख्या के 11% से भी कम है।

BiharboardQuestionpaper.com

Group-D अंक ( Marks ) : 17

## अर्थशास्त्र (ECONOMICS)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

22. निम्नलिखित में से किसे पिछड़ा राज्य कहा जाता है ? 1

(क) पंजाब (ख) बिहार (ग) दिल्ली (घ) गुजरात

Which is called backward state in the following ?

(a) Punjab (b) Bihar (c) Delhi (d) Gujrat

23. सोने की आभूषण की शुद्धता को पहचानने के लिए किस चिह्न का होना आवश्यक है? 1

(क) हॉल मार्क (ख) ISI मार्क (ग) एगमार्क (घ) इनमें से कोई नहीं

Which sign in necessary for determining the purity of gold jewellery?

(a) Hallmark (b) ISI Mark (c) Agmark (d) None of these

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 20 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 20 words.**

24. स्वयं सहायता समूह से क्या समझते हैं? 2

What do you mean by Self Help Group?

**निम्न प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following questions in 60 words.**

25. साख क्या है एवं इनके पक्षों को बताएँ। 3

What is credit and its different sides.

26. वर्तमान मंदी का भारत पर क्या असर पड़ा? 3

What is the effect of present recession on India.

**निम्न प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in 120 words.**

27. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत सरकार ने कब और किस उद्देश्य से राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया? 7

After the independence when and for what purposes the Indian govermnemt established the National Income Committee.

अथवा (or)

राष्ट्रीय आय की परिभाषा दें। इसकी गणना की प्रमुख विधि कौन-कौन सी है?

Define National Income. What are the important methods of meassuring it?

BiharboardQuestionpaper.com

**उत्तर ( ANSWER )**

(23) (ख) बिहार

(क) हॉल मार्क

24. स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्र में 15-20 व्यक्तियों खासकर महिलाओं का समूह होता है जो अपनी बचत तथा बैंकों से लघु ऋण लेकर अपने सदस्यों के पारिवारिक जरूरतों को पूरा करते हैं।

25. साख का अर्थ विश्वास या भरोसा से है अर्थात् ऋण लौटाने या भुगतान करने की क्षमता में विश्वास से होता है।

साख में दो पक्ष होते हैं-

(i) ऋणदाता- जो ऋण देता है।

(ii) ऋणी- जो ऋण प्राप्त करता है।

26. वर्तमान मंदी का भारत पर असर कम पड़ा है क्योंकि यहाँ का पूँजी बाजार काफी मजबूत स्थिति में है। खासकर भारत का सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र काफी मजबूत है। इस देश का आधारभूत संरचना कमजोर होने के बावजूद भी मंदी का असर कम हुआ है क्योंकि भारत कृषि प्रधान देश है और यहाँ की लगभग 67 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में लगी हुई है।

(27) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत सरकार ने अगस्त, 1949 ई० में प्रो० पी०सी० महालनोबिस की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया था। इसका उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय आय के सम्बन्ध में अनुमान लगाना था। इस समिति ने अप्रैल 1951 में अपनी प्रथम रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसमें 1948-49 के लिए देश की कुल राष्ट्रीय आय 8,650 करोड़ रुपये बताई गई।

समिति ने दूसरी रिपोर्ट 1954 ई० में प्रस्तुत की जिसमें 1950-1954 तक की राष्ट्रीय आय के आँकड़े प्रकाशित किए गए।

**अथवा**

किसी देश में दी हुई समयावधि में उत्पादित समस्त अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहते हैं।

राष्ट्रीय आय को निम्नलिखित तीन विधियों द्वारा मापा जाता है :-

(i) उत्पत्ति गणना विधि- इस विधि के अन्तर्गत देश में एक वर्ष में उत्पादित अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं का शुद्ध मूल्य ज्ञात किया जाता है तथा उसके योग को अन्तिम उपज योग कहा जाता है।

(ii) आय गणना विधि- इस विधि के अन्तर्गत राष्ट्रीय आय की गणना के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों तथा व्यावसायिक उपक्रमों की शुद्ध आय का योग प्राप्त किया जाता है।

(iii) उपभोग बचत विधि- इस विधि को व्यय विधि भी कहा जाता है। इस विधि के अनुसार कुल आय या तो उपभोग पर व्यय की जाती है अथवा बचत पर। इस विधि से राष्ट्रीय आय की गणना करने के लिए उपभोक्ताओं की आय तथा उनकी बचत से सम्बन्धित आंकड़ों का होना आवश्यक है।

भारत जैसे देश में राष्ट्रीय आय की गणना के लिए उत्पत्ति गणना विधि तथा आय गणना विधि का प्रयोग किया जाता है।

BiharboardQuestionpaper.com

Group-E  अंक ( Marks ) : 6

## आपदा प्रबंधन (DISASTER MANAGEMENT)

### निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें :

### Choose the most appropriate options in the following multiple choice questions :

28. मकान/बस्ती में आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए। 1

(क) अग्नि शामक यंत्र को बुलाना  (ख) दरवाजे-खिड़कियाँ लगाना

(ग) आग बुझाने तक इंतजार करना  (घ) इनमें से कोई नहीं

What should be done when fire breaks out in the house/village?

(a) call fire extinguisher  (b) close doors and windows

(c) wait till fire ends  (d) None of these

29. मलबे के नीचे दबे हुए लोगों का पता लगाने के लिए किस यंत्र की मदद ली जाती है? 1

(क) दूरबीन  (ख) इंफ्रारेड कैमरा  (ग) हेलीकॉप्टर  (घ) मोबाइल

Which instrument helps in finding out people under debris?

(a) Telescope  (b) Infrared Camera

(c) Helicopter  (d) Mobile

**निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में दें :**

**Answer the following question in maximum 60 words :**

30. जीवन रक्षक आकस्मिक प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? 4

What do you mean by life protective disaster management?

**उत्तर ( ANSWER )**

(28) (क) अग्निशामक यंत्र को बुलाना

(29) (ख) इंफ्रारेड कैमरा

(30) आपदा प्रबंधन को दो चरणों में लागू करने की जरूरत है। (i) आकस्मिक प्रबंधन और (ii) दीर्घकालीन प्रबंधन। आपदा की घड़ी में यह जीवन रक्षक प्रबंधन है जबकि दीर्घकालीन प्रबंधन का उद्देश्य संभावित आपदा के प्रभाव को कम करना है। इसके आते ही प्रभावित लोगों को आपदा से निजात दिलाना ही प्रमुख उद्देश्य होता है। अलग-अलग प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं के आकस्मिक प्रबंधन में अलग-अलग प्रकार की प्राथमिकतायें होती हैं।

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..